

Chapter
# 9
# आयनिक साम्य

रासायनिक साम्य में हम केवल अणुओं से सम्बंधित अभिक्रियाओं का अध्ययन करते हैं किन्तु आयनिक साम्य में हम जल में आयनों के निर्माण से सम्बंधित उत्क्रमणीय क्रियाओं का भी अध्ययन करेंगे। जल में आयन मुख्यतः दो प्रकार से उत्पन्न होते हैं, जब विलेय या तो आयनिक यौगिक हों या ध्रुवीय सहसंयोजी यौगिक हों तो ये यौगिक जल से क्रिया करके आयन बनाते हैं।

## विद्युतीय चालक (Electrical conductors)

पदार्थ, जो कि अपने में से विद्युत धारा को प्रवाहित होने देते हैं, चालक अथवा विद्युतीय चालक कहलाते हैं। समस्त चालकों को दो प्रकारों में बाँटा जा सकता है,

(1) वे चालक, जो बिना किसी रासायनिक परिवर्तन के विद्युत धारा प्रवाहित करते हैं, धात्विक या इलेक्ट्रॉनिक चालक कहलाते हैं।

(2) वे चालक, जिनमें विद्युत धारा प्रवाहित करने पर वे अपघटित (एक रासायनिक परिवर्तन) हो जाते हैं, विद्युत अपघटनी चालक कहलाते हैं।

विद्युत अपघट्यों को उनकी शक्ति के आधार पर पुनः दो प्रकारों में बाँटा गया है;

(i) वे पदार्थ जो जलीय विलयन में लगभग पूर्णतः आयनित हो जाते हैं, प्रबल विद्युत अपघट्य कहलाते हैं। **इस प्रकार के विद्युत अपघट्यों के आयनन की मात्रा** (Degree of ionization) **एक होती है अर्थात्,** $\alpha \approx 1$.

*उदाहरण :* $HCl, H_2SO_4, NaCl, HNO_3, KOH, NaOH, HNO_3, AgNO_3, CuSO_4$ इत्यादि। अर्थात् सभी प्रबल अम्ल, क्षार तथा समस्त प्रकार के लवण ।

(ii) वे पदार्थ जो जलीय विलयन में अल्प मात्रा में आयनित होते हैं, दुर्बल विद्युत अपघट्य कहलाते हैं। **इस प्रकार के दुर्बल विद्युत अपघट्यों के लिये आयनन की मात्रा** $\alpha <<< 1$ होती है।

*उदाहरण* : $H_2O, CH_3COOH, NH_4OH$, HCN, द्रव $SO_2$, $HCOOH$ इत्यादि अर्थात् सभी दुर्बल अम्ल एवं क्षार।

## अरहीनियस का विद्युत अपघटनी वियोजन का सिद्धान्त (Arrhenius theory of electrolytic dissociation)

(1) **vjghfu;l fl)kar ds vfHkx`ghr** (Postulates)

(i) जलीय विलयन में, किसी विद्युत अपघट्य के अणु स्वतः वियोजित होकर धनायन एवं ऋणायन बनाते हैं।

(ii) आयनन की मात्रा $(\alpha)$

$$= \frac{\text{वियोजित अणुओं की संख्या}}{\text{वियोजन से पहले विद्युत अपघट्य के अणुओं की कुल संख्या}}$$

(iii) एक परिमित (Moderate) सांद्रता पर आयनों व अवियोजित अणुओं के बीच साम्य स्थापित हो जाता है।

जैसे, $NaOH \rightleftharpoons Na^+ + OH^-$; $KCl \rightleftharpoons K^+ + Cl^-$

यह साम्यावस्था, आयनिक साम्य कहलाती है।

(iv) **प्रत्येक आयन परासरी रूप से** (Osmotically) **अणु के समान व्यवहार करता है।**

(2) **आयनन की मात्रा को प्रभावित करने वाले कारक**

(i) सामान्य तनुता पर प्रबल विद्युत अपघट्यों के लिये $\alpha$ का मान लगभग 1 होता है, जबकि दुर्बल विद्युत अपघट्यों के लिये इसका मान 1 से बहुत कम होता है।

(ii) **विलायक का परावैद्युतांक जितना उच्च होगा, उसकी आयनीकारक क्षमता उतनी ही अधिक होगी।** जल का परावैद्युतांक उच्चतम् होने के कारण यह सबसे प्रबल आयनीकारक विलायक है।

(iii) आयनन की मात्रा $(\alpha) \propto \frac{1}{\text{विलयन की सान्द्रता}}$

$$\propto \frac{1}{\text{दिये गये आयतन में विलेय की मात्रा या विलयन का भार}}$$

$\propto$ विलयन की तनुता $\propto$ विलायक की मात्रा

(iv) विलयन में किसी विद्युत अपघट्य के आयनन की मात्रा, ताप वृद्धि के साथ बढ़ती है।

(v) **सम-आयनों की उपस्थिति :** किसी विद्युत अपघट्य के आयनन की मात्रा, एक सम-आयन वाले प्रबल विद्युत अपघट्य की उपस्थिति में घटती है। उदाहरण के लिये, $CH_3COOH$ का आयनन, $HCl$ की उपस्थिति में सम (Common) H आयनों के कारण घट जाता है।

## ओस्टवॉल्ड का तनुता नियम (Ostwald's dilution law)

एक अम्ल या एक क्षार की प्रबलता इसके वियोजन या आयनन स्थिरांक के निर्धारण द्वारा प्रायोगिक रूप से मापी जाती है।

जब एसीटिक अम्ल (एक दुर्बल विद्युत अपघट्य) को जल में घोला जाता है, तो यह आंशिक रूप से $H^+$ या $H_3O^+$ एवं $CH_3COO^-$ आयनों में वियोजित हो जाता है, और निम्न साम्य प्राप्त होता है,

$$CH_3COOH + H_2O \rightleftharpoons CH_3COO^- + H_3O^+$$

रासायनिक साम्यावस्था का नियम लगाने पर,

$$K = \frac{[CH_3COO^-] \times [H_3O^+]}{[CH_3COOH] \times [H_2O]}$$

तनु विलयन में, $[H_2O]$ एक स्थिरांक होता है। $K$ तथा स्थिरांक, $[H_2O]$ के गुणनफल को $K_a$ से दर्शाते हैं, जो अम्ल का आयनन स्थिरांक या वियोजन स्थिरांक है,

$$K_a = \frac{[CH_3COO^-] \times [H_3O^+]}{[CH_3COOH]} \quad .....(i)$$

एक वैद्युत अपघट्य के अणुओं की कुल संख्या के अंश जो आयनों में आयनीकृत होते हैं वियोजन की कोटी/आयनीकरण $\alpha$ कहलाते हैं।

यदि '$C$' अम्ल की मोल प्रति लीटर में प्रारंभिक सांद्रता तथा $\alpha$, आयनन या वियोजन की मात्रा हो तो साम्यावस्था पर आयनों ($CH_3COO^-$ एवं $H_3O^+$) की सांद्रता, $C\alpha$ के बराबर और अवियोजित एसीटिक अम्ल की सांद्रता, $= C(1-\alpha)$ के बराबर होगी। अर्थात्,

$$CH_3COOH + H_2O \rightleftharpoons CH_3COO^- + H_3O^+$$

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक सांद्रता | $C$ | 0 | 0 |
| साम्यावस्था पर सांद्रता | $C(1-\alpha)$ | $C\alpha$ | $C\alpha$ |

साम्यावस्था पर सांद्रताओं के मानों को समीकरण (i) में रखने पर

$$K_a = \frac{C\alpha . C\alpha}{C(1-\alpha)} = \frac{C^2\alpha^2}{C(1-\alpha)} = \frac{C\alpha^2}{1-\alpha} \quad .....(ii)$$

दुर्बल विद्युत अपघट्यों के संदर्भ में, $\alpha$ का मान बहुत छोटा होता है तथा 1 की तुलना में नगण्य माना जा सकता है, अर्थात् $1-\alpha = 1$, इस प्रकार,

$$K_a = C\alpha^2 \text{ या } \alpha = \sqrt{\frac{K_a}{C}} \quad .....(iii)$$

अतः $K_a$ का मान ज्ञात होने पर, दी हुई सांद्रता $C$ पर वियोजन की मात्रा $\alpha$ की गणना की जा सकती है। पुनः यदि $V$, विलयन का लीटर में आयतन हो, जिसमें विद्युत अपघट्य का 1 मोल उपस्थित हो, $C = 1/V$ तो,

$$\alpha = \sqrt{K_a V} \quad .....(iv)$$

इसी प्रकार, किसी दुर्बल क्षार जैसे $NH_4OH$ के लिये,

$$\alpha = \sqrt{K_b / C} = \sqrt{K_b V} \quad .....(v)$$

उपरोक्त समीकरण निम्न परिणाम देते हैं

*"एक दुर्बल विद्युत अपघट्य के लिये, आयनन की मात्रा मोलर सांद्रता के वर्गमूल के व्युत्क्रमानुपाती या 1 मोल विलेय युक्त आयतन (तनुता) के वर्गमूल के समानुपाती होती है।"*

इसे **ओस्टवॉल्ड का तनुता नियम** कहते हैं।

## अम्ल एवं क्षारों के वियोजन स्थिरांक (Dissociation constants of acids and Bases)

(1) **दुर्बल अम्ल का वियोजन स्थिरांक :** एक अम्ल, $HA$ जिसे जब जल में घोला जाता है तो यह निम्न प्रकार से आयनित होता है,

$$HA \rightleftharpoons H^+ + A^-$$

इस साम्य पर द्रव्य अनुपाती क्रिया का नियम लगाने पर,

$$K_a = \frac{[H^+][A^-]}{[HA]}$$

जहाँ, $K_a$ अम्ल $HA$ का वियोजन स्थिरांक है। निश्चित ताप पर इसका मान नियत रहता है एवं सांद्रता परिवर्तित होने पर इसका मान परिवर्तित नहीं होता है।

**बहुक्षारकीय अम्लों के वियोजन स्थिरांक :** बहुक्षारकीय अम्ल, कई पदों में आयनित होते हैं, उदाहरण के लिये ऑर्थोफॉस्फोरिक अम्ल तीन पदों में आयनित होता है एवं प्रत्येक पद का अपना आयनन स्थिरांक होता है।

$$H_3PO_4 \rightleftharpoons H^+ + H_2PO_4^- \quad \text{(I पद)}$$

$$H_2PO_4^- \rightleftharpoons H^+ + HPO_4^{-2} \quad \text{(II पद)}$$

$$HPO_4^{-2} \rightleftharpoons H^+ + PO_4^{-3} \quad \text{(III पद)}$$

माना कि $K_1, K_2$ एवं $K_3$ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पदों के आयनन स्थिरांक हैं। इस प्रकार,

$$K_1 = \frac{[H^+][H_2PO_4^-]}{[H_3PO_4]}; K_2 = \frac{[H^+][HPO_4^{-2}]}{[H_2PO_4^-]}; K_3 = \frac{[H^+][PO_4^{-3}]}{[HPO_4^{-2}]}$$

सामान्यत, $K_1 > K_2 > K_3$

कुल वियोजन स्थिरांक ($K$) के मान को निम्न संबंध द्वारा दिया जाता है,

$$K = K_1 \times K_2 \times K_3$$

(2) **दुर्बल क्षार का वियोजन स्थिरांक :** $NH_4OH$ (एक दुर्बल क्षार) के साम्य को निम्न प्रकार से दर्शाया जा सकता है,

$$NH_4OH \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-$$

द्रव्य अनुपाती क्रिया का नियम लागू करने पर,

$$K_b = \frac{[NH_4^+][OH^-]}{[NH_4OH]}$$

निश्चित ताप पर $K_b$ एक स्थिरांक है एवं इसका मान सांद्रता परिवर्तन से नहीं बदलता है।

## सम–आयन प्रभाव (Common ion effect)

यदि किसी दुर्बल विद्युत अपघट्य के विलयन में सम-आयन (Common ion) वाला कोई प्रबल विद्युत अपघट्य मिला दिया जाये तो इससे दुर्बल विद्युत अपघट्य के वियोजन की मात्रा नियंत्रित (कम) हो जाती है यह प्रभाव **सम-आयन प्रभाव** कहलाता है। एसीटिक अम्ल एक दुर्बल विद्युत अपघट्य है एवं प्रबल अम्ल (सम-आयन के रूप में $H^+$ आयन) या प्रबल लवण जैसे सोडियम एसीटेट (एसीटेट आयन, एक सम-आयन है) की उपस्थिति में इसका आयनीकरण नियंत्रित हो जाता है। ठीक

इसी प्रकार से $NH_4OH$ विलयन में $NH_4Cl$ या $NaOH$ मिलाने पर, सम-आयन $NH_4^+$ या $OH^-$ के कारण $NH_4OH$ का वियोजन या आयनन नियंत्रित हो जाता है।

$$CH_3COOH \rightleftharpoons \boxed{CH_3COO^-} + H^+ \; ; \; NH_4OH \rightleftharpoons \boxed{NH_4^+} + OH^-$$

$$CH_3COONa \rightarrow \boxed{CH_3COO^-} + Na^+ \; ; \; NH_4Cl \rightarrow \boxed{NH_4^+} + Cl^-$$

समआयन समआयन

सम-आयन प्रभाव के परिणामस्वरूप, दो विद्युत अपघट्यों के उन आयनों की सांद्रता घट जाती है जो समान (Common) नहीं हैं। इस घटना का उपयोग गुणात्मक विश्लेषण (Qualitative analysis) में दूसरे समूह में $S^{2-}$ आयनों एवं तीसरे समूह में $OH^-$ आयनों की सांद्रता को ठीक (Adjust) करने में किया जाता है।

## समहाइड्रिक विलयन (Isohydric solution)

विद्युत अपघट्यों के विलयन समहाइड्रिक कहे जाते हैं, यदि उनमें उपस्थित सम-आयनों (Common ions) की सांद्रता समान रहती है। उदाहरण के लिये $HCl$ एवं $HNO_3$ में $H^+$ आयन सांद्रण या $Ca(OH)_2$ एवं $Ba(OH)_2$ में $OH^-$ आयन सांद्रण। ऐसे विलयनों को मिलाने पर, इनमें से किसी भी विद्युत अपघट्य की वियोजन की मात्रा में कोई परिवर्तन नहीं पाया जाता है।

अम्लों $HA_1$ एवं $HA_2$ के दो समहाइड्रिक विलयनों पर विचार करें। माना कि $V_1$ एवं $V_2$ उनकी तनुतायें एवं $\alpha_1$ तथा $\alpha_2$ उनकी दी गई तनुता पर वियोजन की मात्राएँ हैं,

$$\frac{\alpha_1}{V_1} = \frac{\alpha_2}{V_2}$$

उपरोक्त समीकरण दो अम्लों की आपेक्षिक तनुता की गणना करने में उपयोगी है, जिस पर वे समहाइड्रिक होंगे।

## विलेयता गुणनफल (Solubility product)

किसी विद्युत अपघट्य के संतृप्त विलयन में दो साम्य उपस्थित रहते हैं एवं इसे निम्न प्रकार से प्रदर्शित किया जा सकता है,

$$\underset{\text{ठोस}}{AB} \rightleftharpoons \underset{\substack{\text{अनआयनित} \\ \text{(विलेय)}}}{AB} \rightleftharpoons \underbrace{A^+ + B^-}_{\text{आयन}}$$

आयनिक साम्यावस्था पर द्रव्य अनुपाती क्रिया का नियम लागू करने पर, $\frac{[A^+][B^-]}{[AB]} = K$

चूँकि विलयन संतृप्त है, इसीलिए निश्चित ताप पर विद्युत अपघट्य के अनायनित (Unionised) अणुओं की सांद्रता स्थिर रहती है, अर्थात्, $[AB] = K' =$ स्थिरांक

इस प्रकार, $[A^+][B^-] = K[AB] = KK' = K_{sp}$ (स्थिरांक)

$K_{sp}$ को विलेयता गुणनफल कहा जाता है। **निश्चित ताप पर किसी विद्युत अपघट्य के संतृप्त विलयन में उसके आयनों की सांद्रताओं का गुणनफल विलेयता गुणनफल कहलाता है।**

सामान्यतः $A_xB_y$ प्रकार के विद्युत अपघट्य पर विचार करने पर, जो निम्न प्रकार से वियोजित होता है, $A_xB_y \rightleftharpoons xA^{y+} + yB^{x-}$

द्रव्य अनुपाती क्रिया का नियम लागू करने पर, $\frac{[A^{y+}]^x[B^{x-}]^y}{[A_xB_y]} = K$

जब विलयन संतृप्त हो तो,

$[A_xB_y] = K'$ (स्थिरांक) या

$[A^{y+}]^x[B^{x-}]^y = K[A_xB_y] = KK' = K_{sp}$ (स्थिरांक)

इस प्रकार, किसी दिये गये ताप पर, संतृप्त विलयन में किसी विद्युत अपघट्य के वियोजन को प्रदर्शित करने वाले संतुलित समीकरण में आयनों के गुणांक के घातांक, जो कि विशिष्ट आयनों की सान्द्रता पर लगे होते हैं, विलेयता गुणनफल को इन आयनों की सांद्रताओं के गुणनफल के रूप में परिभाषित किया जा सकता है ।

(1) **विलेयता गुणनफल एवं आयनिक गुणनफल में अन्तर :** आयनिक गुणनफल एवं विलेयता गुणनफल दोनों ही विलयन में आयनों की सांद्रताओं के गुणनफल को प्रदर्शित करते हैं। आयनिक गुणनफल शब्द का अर्थ व्यापक है, क्योंकि यह समस्त प्रकार के विलयनों (संतृप्त या असंतृप्त) के लिये लागू होता है।

वहीं दूसरी ओर विलेयता गुणनफल केवल संतृप्त विलयनों के लिये ही लागू होता है, जिसमें अघुलित लवण तथा विलयन में उपस्थित आयनों के बीच एक गतिक साम्य अस्तित्व में रहता है। अतः विलेयता गुणनफल, संतृप्त विलयन के लिये आयनिक गुणनफल है।

(2) **विलेयता गुणनफल के विभिन्न व्यंजक**

(i) **$AB$ प्रकार के विद्युत अपघट्य (1 : 1 प्रकार के लवण) :** इसके आयनन को निम्न प्रकार से दर्शाते हैं, $AgCl$, $BaSO_4$

$$AgCl \rightleftharpoons \underset{x}{Ag^+} + \underset{x}{Cl^-}$$

$$K_{sp} = [Ag^+][Cl^-] \; ; \; K_{sp} = x^2 \; ; \; x = \sqrt{K_{sp}}$$

(ii) **$AB_2$ प्रकार के विद्युत अपघट्य (1 : 2 प्रकार के लवण) :** इसके आयनन को निम्न प्रकार से दर्शाते हैं, $PbCl_2$, $CaF_2$

$$PbCl_2 \rightleftharpoons \underset{x}{Pb^{2+}} + \underset{2x}{2Cl^-}$$

$$K_{sp} = [Pb^{2+}][Cl^-]^2 \; ; K_{sp} = [x][2x]^2 \; ; K_{sp} = 4x^3$$

$$x = 3\sqrt{K_{sp}/4}$$

(iii) **$A_2B$ प्रकार के विद्युत अपघट्य (2 : 1 प्रकार के लवण) :** इसके आयनन को निम्न प्रकार से दर्शाते हैं, $Ag_2CrO_4$, $H_2S$

$$Ag_2CrO_4 \rightleftharpoons \underset{2x}{2Ag^+} + \underset{x}{CrO_4^{2-}}$$

$$K_{sp} = [Ag^+]^2\,[CrO_4^{2-}] \; ; K_{sp} = [2x]^2\,[x] \; ; K_{sp} = 4x^3$$

$$x = \sqrt[3]{\frac{K_{sp}}{4}}$$

(iv) **$A_2B_3$ प्रकार के विद्युत अपघट्य (2 : 3 प्रकार के लवण):** इसके आयनन को निम्न प्रकार से दर्शाते हैं, $As_2S_3$, $Sb_2S_3$

$$As_2S_3 \rightleftharpoons \underset{2x}{2As^{3+}} + \underset{3x}{3S^{2-}}$$

$$K_{sp} = [As^{3+}]^2[S^{2-}]^3 \; ; \; K_{sp} = [2x]^2[3x]^3 \; ; \; K_{sp} = 4x^2 \times 27x^3$$

$K_{sp}=108\,x^5$ ; $x=\sqrt[5]{\frac{K_{sp}}{108}}$

(v) $AB_3$ **प्रकार के विद्युत अपघट्य (1 : 3 प्रकार के लवण) :** इसके आयनन को निम्न प्रकार से दर्शाते हैं, $AlCl_3$, $Fe(OH)_3$

$$AlCl_3 \rightleftharpoons \underset{x}{Al^{+++}} + \underset{3x}{3Cl^-}$$

$K_{sp}=[Al^{+3}][3Cl^-]$ ; $K_{sp}=[x][3x]^3$

$K_{sp}=27\,x^4$ ; $x=\sqrt[4]{\frac{K_{sp}}{27}}$ .

(3) **विद्युत अपघट्य के अवक्षेपण के प्रमाण :** जब किसी विद्युत अपघट्य का आयनिक गुणनफल विलेयता गुणनफल से अधिक होता है तब अवक्षेपण होता है।

(4) **विलेयता गुणनफल के अनुप्रयोग**

(i) ***किसी अवक्षेप के बनने की भविष्यवाणी करने में***

**प्रथम स्थिति :** जब $K_{ip} < K_{sp}$ हो तो विलयन असंतृप्त होगा जिसमें और अधिक विलेय घोला जा सकता है, अर्थात् कोई अवक्षेपण नहीं।

**द्वितीय स्थिति :** जब $K_{ip} = K_{sp}$ हो तो विलयन संतृप्त होगा जिसमें और विलेय नहीं घोला जा सकता, लेकिन अवक्षेप नहीं बनेगा।

**तृतीय स्थिति :** जब $K_{ip} > K_{sp}$ हो तो विलयन अति संतृप्त होगा अर्थात् अवक्षेपण होगा।

जब आयनिक गुणनफल का मान विलेयता गुणनफल से अधिक हो तो साम्य, बायीं ओर विस्थापित हो जाता है अर्थात् विद्युत अपघट्य के अवियोजित अणुओं की सांद्रता में वृद्धि होती है। चूँकि विलायक निश्चित ताप पर विद्युत अपघट्य की एक निश्चित या तय मात्रा ही रख सकता है इसलिये वह अपघट्य की अतिरिक्त मात्रा को अवक्षेप के रूप में विलयन से निकाल देता है।

(ii) ***अल्प विलेय लवणों की विलेयता की भविष्यवाणी में :*** किसी दिये गये ताप पर अल्प विलेय लवण के विलेयता गुणनफल को जानकर हम उसकी विलेयता की भविष्यवाणी कर सकते हैं।

(iii) ***साधारण नमक का शोधन :*** साधारण नमक के संतृप्त विलयन में $HCl$ गैस प्रवाहित की जाती है। $HCl$ एवं $NaCl$ अपने संगत आयनों में निम्न प्रकार से वियोजित होते हैं,

$$NaCl \rightleftharpoons Na^+ + Cl^- ;\ HCl \rightleftharpoons H^+ + Cl^-$$

$HCl$ के आयनन के कारण विलयन में $Cl^-$ आयनों की सांद्रता विशेष रूप से बढ़ती है। इस प्रकार, $[Na^+][Cl^-]$ का आयनिक गुणनफल, $NaCl$ के विलेयता गुणनफल से अधिक हो जाता है और शुद्ध $NaCl$ विलयन से अवक्षेपित हो जाता है।

(iv) ***साबुन का अवक्षेपण :*** विलयन में, $NaCl$ का सांद्र या संतृप्त विलयन मिलाकर, साबुन को अवक्षेपित किया जाता है।

$$\underset{\text{साबुन}}{RCOONa} \rightleftharpoons RCOO^- + Na^+ ;\ NaCl \rightleftharpoons Na^+ + Cl^-$$

इस प्रकार, आयनिक गुणनफल $[RCOO]$ $[Na]$ साबुन के विलेयता गुणनफल से अधिक हो जाता है। इसलिये ठोस साबुन का उसके विलयन से अवक्षेपण हो जाता है।

(v) ***गुणात्मक विश्लेषण में :*** विभिन्न समूहों के विभिन्न क्षारीय मूलकों की पहचान एवं पृथक्करण, विलेयता गुणनफल सिद्धांत एवं सम-आयन प्रभाव पर आधारित है।

(a) *प्रथम समूह के मूलकों (Pb, Ag एवं Hg) का अवक्षेपण :* प्रथम समूह का अभिकर्मक तनु $HCl$ है।

$[Ag^+][Cl^-] > K_{sp}$ का $AgCl$.

(b) *द्वितीय समूह के मूलकों (Hg, Pb, Bi, Cu, Cd, As, Sb एवं Sn) का अवक्षेपण :* द्वितीय समूह का अभिकर्मक तनु $HCl$ की उपस्थिति में $H_2S$ है।

$[Pb^{+2}][S^{-2}] > K_{sp}$ $PbS$ के लिये

(c) *तृतीय समूह के मूलकों (Fe, Al एवं Cr) का अवक्षेपण :* इस समूह का समूह अभिकर्मक $NH_4Cl$ की उपस्थिति में $NH_4OH$ है।

$[Fe^{+3}][OH^-]^3 > K_{sp}$

(d) *चतुर्थ समूह के मूलकों (Co, Ni, Mn एवं Zn) का अवक्षेपण :* इसका समूह अभिकर्मक $NH_4OH$ की उपस्थिति में $H_2S$ है।

$[Co^{+2}][S^{-2}] > K_{sp}$

(e) पंचम समूह के मूलकों (*Ba, Sr, Ca*) का अवक्षेपण : इस समूह का समूह अभिकर्मक $NH_4Cl$ एवं $NH_4OH$ की उपस्थिति में अमोनियम कार्बोनेट है।

$[Ba^{+2}][CO_3^{-2}] > K_{sp}$

(vi) ***अवक्षेपण के पश्चात शेष सांद्रता की गणना :*** कभी–कभी कोई आयन, अवक्षेपण के पश्चात बचा रहता है। यदि यह अधिकता में होता है। तो शेष सांद्रता को निम्न प्रकार से निर्धारित किया जा सकता है,

*उदाहरण* : $[A^+]_{left} = \frac{K_{sp}[AB]}{[B^-]}$ ; $[Ca^{2+}]_{left} = \frac{K_{sp}[Ca(OH)_2]}{[OH^-]^2}$

सामान्यतः $[A^{n+}]^m_{left} = \frac{K_{sp}[A_mB_n]}{[B^{m-}]^n}$

किसी आयन का प्रतिशत अवक्षेपण = $\left[\frac{\text{प्रारम्भिक सांद्रता - शेष सांद्रता}}{\text{प्रारम्भिक सांद्रता}}\right]\times 100$

(vii) **संगत विलेयता** (Simultaneous solubility) **:** सम-आयन (Common ion) वाले दो विद्युत अपघट्यों की विलेयता को संगत विलेयता (Simultaneous solubility) कहते हैं, जब उन्हें एक ही विलयन में घोला जाता है।

संगत विलेयता (Simultaneous solubility) की गणना को दो स्थितियों में बाँटा गया है,

**प्रथम स्थिति :** जब दो विद्युत अपघट्य लगभग समान रूप से प्रबल हों (लगभग समान विलेयता गुणनफल वाले)

*उदाहरण :,* $AgBr\ (K_{sp}=5\times10^{-13})$; $AgSCN\ (K_{sp}=10^{-12})$

यहाँ, आवेश संतुलन संकल्पना (Charge balancing concept) लागू होती है।

$Ag^+$ का आवेश = $Br^-$ का आवेश + $SCN^-$ का आवेश

$[Ag^+] = [Br^-] + [SCN^-]$

$(a+b)$ = $a$ $b$

**द्वितीय स्थिति :** जब दो विद्युत अपघट्यों के विलेयता गुणनफल के मान निकट न हों अर्थात् वे समान रूप से प्रबल न हों।

*उदाहरण* : $CaF_2 (K_{sp} = 3.4 \times 10^{-11}); SrF_2 \ (K_{sp} = 2.9 \times 10^{-9})$

अधिकतर फ्लोराइड आयन, अपेक्षाकृत अधिक प्रबल विद्युत अपघट्य से आते हैं।

## अम्ल एवं क्षार (Acid and Bases)

(1) **अरहीनियस की संकल्पना :** अरहीनियस की संकल्पना के अनुसार, **वे पदार्थ जो जल में घुलने पर $H$ आयन देते हैं अम्ल कहलाते हैं, जबकि वे पदार्थ जो जल में घुलने पर $OH$ आयन देते हैं, क्षार कहलाते हैं।**

$$\underset{(Acid)}{HCl} \xrightleftharpoons{H_2O} \underset{(aq.)}{H^+} + \underset{(aq.)}{Cl^-} \ ; \quad \underset{(Base)}{NaOH} \xrightleftharpoons{H_2O} \underset{(aq.)}{Na^+} + \underset{(aq)}{OH^-}$$

कुछ अम्ल या क्षार विलयन में लगभग पूर्णतः आयनित हो जाते हैं, उन्हें प्रबल अम्ल या क्षार कहते हैं। अन्य अम्ल या क्षार, विलयन में कम मात्रा में ही आयनित होते हैं, उन्हें दुर्बल अम्ल या क्षार कहते हैं। $HCl, HNO_3, H_2SO_4, HClO_4$ इत्यादि प्रबल अम्लों एवं $NaOH, KOH, (CH_3)_4 NOH$ आदि प्रबल क्षारों के उदाहरण हैं। प्रत्येक हाइड्रोजन युक्त यौगिक अम्ल नहीं हो सकता है, उदाहरण के लिये $CH_4$ अम्ल नहीं है। ठीक इसी प्रकार से $CH_3OH, C_2H_5OH$ इत्यादि में $OH$ समूह उपस्थित है, किन्तु वे क्षार नहीं हैं।

(i) ***अरहीनियस संकल्पना की उपयोगिता* :** अम्ल तथा क्षारों की अरहीनियस संकल्पना, कई घटनायें जैसे उदासीनीकरण, लवण जल अपघटन, अम्ल एवं क्षार की शक्ति इत्यादि का स्पष्टीकरण देने में सफल सिद्ध हुई हैं।

(ii) ***सीमाएँ*** (Limitations)

(a) अम्लीय एवं क्षारीय प्रकृति को समझाने के लिये जल की उपस्थिति आवश्यक है। शुष्क $HCl$ अम्ल के रूप में कार्य नहीं कर सकता। इसकी अम्लीय प्रकृति की व्याख्या जल में घोलने पर ही की जा सकती है किसी अन्य विलायक में नहीं।

(b) अरहीनियस सिद्धांत, निर्जलीय विलायकों में पदार्थ की अम्लीय एवं क्षारीय प्रकृति की व्याख्या करने में असमर्थ है।

(c) यह सिद्धांत उदासीनीकरण अभिक्रियाओं को केवल जलीय विलायकों तक ही सीमित रखता है, यद्यपि लवण निर्माण से संबंधित अभिक्रियाएँ, विलायक की अनुपस्थिति में भी होती हैं।

(d) यह सिद्धांत जलीय विलयन में कुछ लवणों जैसे $AlCl_3$ की अम्लीय प्रकृति को नहीं समझा सकता है।

(2) **ब्रॉन्स्टेड–लॉरी संकल्पना** (प्रोटॉन विनिमय सिद्धांत) **:** इस सिद्धांत के अनुसार,

*"अम्ल वे पदार्थ हैं जिनमें प्रोटॉन (H) देने की प्रवृत्ति पायी जाती है तथा क्षार वे पदार्थ हैं, जिनमें प्रोटॉन को ग्रहण करने की प्रवृत्ति पायी जाती है। दूसरे शब्दों में अम्ल, प्रोटॉन दाता तथा क्षार प्रोटॉन ग्राही होते हैं।"*

$$\underset{\text{अम्ल}}{HCl} + \underset{\text{क्षार}}{H_2O} \rightleftharpoons H_3O^+ + Cl^- \quad .....(i)$$

$$\underset{\text{अम्ल}}{CH_3COOH} + \underset{\text{क्षार}}{H_2O} \rightleftharpoons H_3O^+ + CH_3COO^- \quad .....(ii)$$

(i) $HCl$ एवं $CH_3COOH$ अम्ल हैं, क्योंकि वे $H_2O$ को प्रोटॉन देते हैं।

(ii) $NH_3$ एवं $CO_3^{2-}$ क्षार हैं, क्योंकि वे जल से प्रोटॉन को ग्रहण करते हैं।

प्रथम अभिक्रिया की विपरीत प्रक्रिया में $H_3O$ प्रोटॉन त्याग सकता है एवं इसलिये एक अम्ल है जबकि $Cl$ आयन, प्रोटॉन ग्रहण कर सकता है इसलिये एक क्षार है। इस प्रकार प्रथम अभिक्रिया में दो अम्ल–क्षार युग्म हैं। ये युग्म $HCl$ – $Cl$ तथा $H_3O$– $H_2O$ हैं। ये अम्ल–क्षार युग्म, **संयुग्मी अम्ल–क्षार युग्म** (Conjugate acid–base pairs) कहलाते हैं। स्पष्ट रूप में,

*अम्ल एवं क्षार के एक संयुग्मी जोड़े या युग्म में केवल एक प्रोटॉन* $(H^+)$ *का अन्तर होता है।*

अर्थात्, संयुग्मी अम्ल $\rightleftharpoons$ संयुग्मी क्षार $+ H^+$

प्रबल अम्ल का संयुग्मी क्षार एक दुर्बल क्षार होता है या इसके विपरीत होता है। दुर्बल अम्ल का संयुग्मी क्षार प्रबल होता है या इसके विपरीत होता है।

**समताकारक प्रभाव** (Levelling effect) **एवं विलायकों का वर्गीकरण :** अम्ल–क्षार शक्ति की सारणी में $H_3O$ के ऊपर स्थित सभी अम्ल, जल के साथ लगभग पूर्णतया क्रिया करके हाइड्रोनियम आयन $H_3O$ बनाते हैं। इसलिये जलीय विलयन में सभी प्रबल अम्ल समान दिखायी देते हैं। जलीय विलयन में इनकी आपेक्षिक शक्ति की तुलना नहीं की जा सकती। जल इस प्रकार एक समताकारक विलायक (Levelling solvent) कहलाता है क्योंकि यह सभी अम्लों को समान शक्ति का बनाता है। ठीक इसी प्रकार से $OH$ से ऊपर स्थित क्षारों की क्षारीय शक्ति, जलीय विलयन में $OH$ की शक्ति के बराबर हो जाती है। इस प्रभाव को **समताकारक प्रभाव** (Levelling effect) कहते हैं। जल का समताकारक प्रभाव इसके उच्च डाइइलेक्ट्रिक स्थिरांक एवं प्रबल प्रोटॉन ग्राही प्रवृत्ति के कारण होता है।

प्रोटॉन अन्योन्य क्रिया के आधार पर, विलायकों को चार प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है,

(i) ***प्रोटॉन ग्राही विलायक*** (Protophilic solvents) **:** वे विलायक जिनमें प्रोटॉन ग्रहण करने की प्रबल प्रवृत्ति होती है, प्रोटॉन ग्राही विलायक कहलाते हैं। जैसे, जल, एल्कोहल, द्रव अमोनिया इत्यादि।

(ii) ***प्रोटॉन दाता विलायक*** (Protogenic solvents) **:** वे विलायक जिनमें प्रोटॉन प्रदान करने की प्रवृत्ति होती है, प्रोटॉन दाता विलायक कहलाते हैं। जैसे, जल, द्रव हाइड्रोजन क्लोराइड, ग्लेशियल एसीटिक अम्ल इत्यादि।

(iii) ***उभय प्रोटिक अथवा उभयधर्मी विलायक*** (Amphiprotic or Amphoteric solvents) **:** वे विलायक जो प्रोटॉन दाता एवं ग्राही दोनों की भाँति व्यवहार कर सकते हैं, उभय प्रोटिक अथवा उभयधर्मी विलायक कहलाते हैं। जैसे, जल, अमोनिया, एथिल एल्कोहल इत्यादि।

(iv) ***एप्रोटिक अथवा अप्रोटॉनीय विलायक*** (Aprotic solvents) **:** वे विलायक जो न तो प्रोटॉन ग्राही होते हैं और न ही प्रोटॉन दाता, एप्रोटिक या अप्रोटॉनीय विलायक कहलाते हैं। जैसे, बेंजीन, कार्बन टेट्रा क्लोराइड, कार्बन डाईसल्फाइड इत्यादि।

$HCl$, $H_2O$ में अम्ल की भाँति, $NH_3$ में प्रबल अम्ल की भाँति, $CH_3COOH$ में दुर्बल अम्ल की भाँति, $C_6H_6$ में उदासीन एवं $HF$ में एक दुर्बल क्षार की भाँति कार्य करता है।

$$\underset{\text{क्षार}}{HCl} + \underset{\text{अम्ल}}{HF} \rightarrow \underset{\text{अम्ल}}{H_2Cl^+} + \underset{\text{क्षार}}{F^-}$$

**ब्रॉन्स्टेड–लॉरी संकल्पना की उपयोगिता**

(i) ब्रॉन्स्टेड–लॉरी संकल्पना केवल अणुओं तक सीमित नहीं है बल्कि यह आयनिक स्पीशीज को भी, जो अम्ल एवं क्षार की भाँति कार्य करते हैं, शामिल करती है।

(ii) यह पदार्थों जैसे, $Na_2CO_3, NH_3$ इत्यादि की क्षारीय प्रकृति की व्याख्या कर सकती है।

(iii) यह संकल्पना, निर्जल माध्यम में या विलायक की अनुपस्थिति में भी अम्ल–क्षार अभिक्रियाओं की व्याख्या कर सकती है। (उदाहरण, $HCl$ एवं $NH_3$ के मध्य अभिक्रिया)

**सीमाएँ** (Limitations)

(i) अप्रोटॉनीय विलायकों (Non-protonic slovent) जैसे, $COCl_2$, $SO_2$, $NO_2$ आदि में होने वाली अभिक्रियाओं की व्याख्या करने के लिये प्रोटॉनिक परिभाषा का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

(ii) ब्रॉन्स्टेड–लॉरी संकल्पना, अम्लीय ऑक्साइडों जैसे, $CO_2, SO_2, SO_3$ इत्यादि तथा क्षारीय ऑक्साइडों जैसे, $CaO, BaO, MgO$ इत्यादि के मध्य होने वाली अभिक्रियाओं, जो कि विलायकों की अनुपस्थिति में भी सम्पन्न होती हैं, की व्याख्या नहीं कर सकती है। जैसे, $CaO + SO_3 \rightarrow CaSO_4$

उपरोक्त उदाहरण में, कोई प्रोटॉन–स्थानांतरण नहीं होता है।

(iii) कुछ पदार्थों जैसे $BF_3$, $AlCl_3$ इत्यादि में कोई हाइड्रोजन नहीं है, इसलिये ये प्रोटॉन नहीं त्याग सकते परन्तु फिर भी ये अम्ल के रूप में व्यवहार करते हैं।

**सारणी : 9.1 संयुग्मी अम्ल-क्षार युग्म**

| अम्ल | | संयुग्मी क्षार | |
|---|---|---|---|
| $HClO_4$ | परक्लोरिक अम्ल | $ClO_4^-$ | परक्लोरेट आयन |
| $H_2SO_4$ | सल्फ्यूरिक अम्ल | $HSO_4^-$ | हाइड्रोजन सल्फेट आयन |
| $HCl$ | हाइड्रोजन क्लोराइड | $Cl^-$ | क्लोराइड आयन |
| $HNO_3$ | नाइट्रिक अम्ल | $NO_3^-$ | नाइट्रेट आयन |
| $H_3O^+$ | हाइड्रोनियम आयन | $H_2O$ | जल |
| $HSO_4^-$ | हाइड्रोजन सल्फेट आयन | $SO_4^{2-}$ | सल्फेट आयन |
| $H_3PO_4$ | ऑर्थो फॉस्फोरिक अम्ल | $H_2PO_4^-$ | डाई हाइड्रोजन फॉस्फेट आयन |
| $CH_3COOH$ | एसीटिक अम्ल | $CH_3COO^-$ | एसीटेट आयन |
| $H_2CO_3$ | कार्बोनिक अम्ल | $HCO_3^-$ | हाइड्रोजन कार्बोनेट आयन |
| $H_2S$ | हाइड्रोजन सल्फाइड | $HS^-$ | हाइड्रोजन सल्फाइड आयन |
| $NH_4^+$ | अमोनियम आयन | $NH_3$ | अमोनिया |
| $HCN$ | हाइड्रोजन साइनाइड | $CN^-$ | सायनाइड आयन |
| $C_6H_5OH$ | फिनॉल | $C_6H_5O^-$ | फिनॉक्साइड आयन |
| $H_2O$ | जल | $OH^-$ | हाइड्रॉक्साइड आयन |
| $C_2H_5OH$ | एथिल एल्कोहल | $C_2H_5O^-$ | एथॉक्साइड आयन |
| $NH_3$ | अमोनिया | $NH_2^-$ | एमाइड आयन |
| $CH_4$ | मेथेन | $CH_3^-$ | मेथिल कार्बोनियन |

(अम्लों के स्तम्भ में ऊपर की ओर तीर: अम्लीय प्रबलता का आरोहण क्रम; क्षारों के स्तम्भ में नीचे की ओर तीर: क्षारीय प्रबलता का आरोहण क्रम)

(3) **लुईस का सिद्धांत :** इस सिद्धांत को जी. एन. लुईस ने 1939 में दिया। इस सिद्धांत के अनुसार, *"एक क्षार को ऐसे पदार्थ के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो उपसहसंयोजी बंध बनाने के लिये एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म को दान कर सकता है, जबकि एक अम्ल वह पदार्थ होता है जो एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म को ग्रहण कर सकता है।"* अम्ल को इलेक्ट्रॉन युग्म ग्राही या **इलेक्ट्रोफाइल** जबकि क्षार को इलेक्ट्रॉन युग्म दाता या **न्यूक्लिओफाइल** भी कहते हैं।

प्रोटॉन की हाइड्रॉक्सिल आयन से क्रिया, अम्ल–क्षार अभिक्रिया का एक सरल उदाहरण है, $\underset{\text{अम्ल}}{H^+} + \underset{\text{क्षार}}{OH^-} \rightarrow HOH$

लुईस का सिद्धांत, ब्रॉन्स्टेड–लॉरी सिद्धांत की अपेक्षा अधिक व्यापक है। अर्थात्, $HCl, H_2SO_4$

(i) ***लुईस अम्लों के प्रकार*** : लुईस सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित स्पीशीज लुईस अम्लों की भाँति व्यवहार कर सकती हैं।

(a) *अणु जिनके केन्द्रीय परमाणु में इलेक्ट्रॉनों का अष्टक पूर्ण नहीं होता,* उदाहरण, $BF_3, BCl_3, AlCl_3, BeCl_2$ इत्यादि।

(b) *साधारण धनायन* (Simple cations) : सभी धनायन लुईस अम्ल की भाँति व्यवहार करते हैं, क्योंकि वे इलेक्ट्रॉन न्यून (Deficient in electrons) होते हैं।

(c) *अणु जिनके केन्द्रीय परमाणु में रिक्त d-कक्षक होते हैं अर्थात्,* $SiF_4, SnCl_4, PF_5$ इत्यादि।

(d) *अणु जिनमें दो भिन्न–भिन्न ऋणविद्युतता वाले परमाणुओं के मध्य बहुबन्ध उपस्थित हों,* $CO_2, SO_2$ .

(ii) ***लुईस क्षारों के प्रकार*** : निम्नलिखित स्पीशीज लुईस क्षार की भाँति व्यवहार करती हैं

(a) *उदासीन यौगिक जिनमें किसी परमाणु पर एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म उपस्थित हो* $:NH_3, -\ddot{N}H_2, R-\ddot{\underset{\cdot\cdot}{O}}-H$

(b) *ऋणावेशित स्पीशीज या ऋणायन*

(iii) ***कठोर तथा मृदु अम्ल व क्षार*** (*HSAB*-सिद्धांत) : लुईस अम्ल तथा क्षार, कठोर तथा मृदु अम्लों व क्षारों में वर्गीकृत किये गये हैं। कठोरता प्रबलता धारण किये हुए संयोजकता इलेक्ट्रॉनों के गुण के रूप में परिभाषित की जाती है। इस प्रकार कठोर अम्ल वे हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने वाला परमाणु छोटा होता है, तथा इसमें उच्च धनावेश होता है तथा इसमें कोई इलेक्ट्रॉन नहीं होता, जो आसानी से ध्रुवित हो जाये या मुक्त हो जाये। उदाहरण : $Li^+, Na^+, Be^{2+}, Mg^{2+}, Al^{3+}, BF_3, SO_3$ इसके विपरीत, एक मृदु अम्ल वह है, जिसमें इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने वाला परमाणु बड़ा होता है, इस पर निम्न धनावेश होता है या इसके ऑर्बिटलों में इलेक्ट्रॉन होते हैं, जो आसानी से ध्रुवित या विकृत हो जाते हैं। उदाहरण $Pb^{2+}, Cd^{2+}, Pt^{2+}, Hg^{2+}, Ro^+, Rs^+, I_2$ आदि।

वे लुईस क्षार जिनमें इलेक्ट्रॉन प्रबलता से बँधे होते हैं, कठोर क्षार कहलाते हैं जैसे $OH^-, F^-, H_2O, NH_3, CH_3OCH_3$ आदि। दूसरी ओर,

वे लुईस क्षार जिनमें इलेक्ट्रॉनों की स्थिति आसानी से ध्रुवित हो सकती है या इन्हें आसानी से निष्कासित किया जाता है, मृदु क्षार कहलाते हैं जैसे $I^-, CO, CH_3S^-, (CH_3)_3P$ आदि।

सामान्यतः कठोर अम्ल प्राथमिक रूप से कठोर क्षारों से तथा मृदु अम्ल, मृदु क्षारों से संयोग करते हैं। कठोर अम्लों तथा कठोर क्षारों के मध्य बन्धता मुख्यतः आयनिक होती है तथा मृदु अम्लों व मृदु क्षारों के मध्य बन्धता मुख्यतः सहसंयोजक होती है।

(iv) ***लुईस सिद्धांत की उपयोगिता*** : लुईस का सिद्धांत, समस्त अम्ल व क्षार सिद्धांतों में सबसे अधिक व्यापक सिद्धांत है। यह सिद्धांत ऐसे सभी पदार्थों की अम्लीय एवं क्षारीय प्रकृति की व्याख्या कर सकता है, जिनकी व्याख्या पूर्व के सिद्धांतों द्वारा नहीं की जा सकती थी। इस प्रकार से यह सिद्धांत ऐसी अम्ल–क्षार अभिक्रियाओं की भी व्याख्या कर सका, जिनकी व्याख्या अन्य सिद्धांतों द्वारा नहीं की जा सकती थी।

(v) ***लुईस सिद्धांत की सीमाएँ*** : अम्ल एवं क्षार के मध्य उपसहसंयोजी बंध का बनना, इस सिद्धांत की आवश्यक माँग है। परन्तु $HCl, H_2SO_4$ जैसे ज्ञात अम्ल, किसी प्रकार का उपसहसंयोजी बंध नहीं बनाते हैं एवं इसलिये इस सिद्धांत के अनुसार इन्हें अम्लीय नहीं होना चाहिये।

यह अम्लों और क्षारों की सापेक्षिक प्रबलता की व्याख्या नहीं करता है। कई लुईस अम्ल उत्प्रेरकीय गुण नहीं दर्शाते हैं।

## अम्लों तथा क्षारों की आपेक्षिक शक्ति
## (Relative strength of acids and Bases)

सामान्यतः $K_a$ का उपयोग केवल उन अम्लों की शक्ति को परिभाषित करने के लिये किया जाता है जो $H_3O^+$ की अपेक्षा दुर्बल होते हैं एवं $K_b$ का उपयोग केवल उन क्षारों की शक्ति को परिभाषित करने के लिये किया जाता है, जो $OH^-$ की अपेक्षा दुर्बल होते हैं। समान सांद्रता $C$ पर दो दुर्बल अम्लों $HA_1$ एवं $HA_2$ के लिये, जिनके आयनन स्थिरांक क्रमशः $K_{a_1}$ एवं $K_{a_2}$ हैं,

$$\frac{HA_1 \text{ की अम्लीय शक्ति}}{HA_2 \text{ की अम्लीय शक्ति}} = \sqrt{\frac{K_{a_1}}{K_{a_2}}}$$

इसी प्रकार से, किन्ही दो दुर्बल क्षारों की समान सांद्रता पर आपेक्षिक शक्ति, उनके वियोजन स्थिरांकों के वर्गमूल का अनुपात होती है। अर्थात्,

$$\frac{BOH_1 \text{ की क्षारीय शक्ति}}{BOH_2 \text{ की क्षारीय शक्ति}} = \sqrt{\frac{K_{b_1}}{K_{b_2}}}$$

### (1) अकार्बनिक अम्लों की आपेक्षिक शक्ति

(i) ***हाइड्राइड***

(a) अम्लीय शक्ति हाइड्रोजन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े परमाणु की विद्युत ऋणात्मकता में वृद्धि के साथ बढ़ती है,

$H-F > H-OH > H-NH_2 > H-CH_3$

$HCI > H_2S > PH_3 > SiH_4$

(b) अम्लीय शक्ति, परमाणु आकार में वृद्धि के साथ बढ़ती है

$HF < HCl < HBr < HI$ ; $H_2O < H_2S < H_2Se < H_2Te$

(ii) ***ऑक्सी अम्ल***

(a) विभिन्न तत्वों द्वारा बने समान प्रकार के ऑक्सी अम्लों में अम्लीय गुण विद्युत ऋणात्मकता में वृद्धि के साथ बढ़ता है,

$HOI < HOBr < HOCl$ ; $HIO_4 < HBrO_4 < HClO_4$

(b) समान तत्वों के ऑक्सी अम्लों के अम्लीय गुण में इसकी ऑक्सीकरण संख्या के साथ वृद्धि होती है

$\underset{+1}{HOCl} < \underset{+3}{HClO_2} < \underset{+5}{HClO_3} < \underset{+7}{HClO_4}$ ; $H_2SO_3 < H_2SO_4$

$HNO_2 < HNO_3$

(c) आवर्त में बायें से दाहिनीं ओर जाने पर ऑक्सी अम्लों की शक्ति में वृद्धि होती है

$H_4SiO_4 < H_3PO_4 < H_2SO_4 < HClO_4$

(d) तत्वों की समान ऑक्सीकरण अवस्था तथा विन्यास के लिये, अम्लीय शक्ति परमाणु के आकार में वृद्धि के साथ घटती है।

$HNO_3 > HPO_3$ ; $H_3PO_4 > H_3AsO_4$

$HClO_4 > HBrO_4 > HIO_4$

### (2) कार्बनिक अम्लों की आपेक्षिक शक्ति

(i) एक यौगिक अम्लीय प्रकृति का है, यदि इसका संयुग्मी क्षार अनुनाद द्वारा स्थायी हो सकता है। इस प्रकार फिनॉल $(C_6H_5OH)$ अम्लीय है, जबकि एथेनॉल उदासीन होता है क्योंकि फिनॉल का संयुग्मी क्षार $(C_6H_5O^-)$ अनुनाद द्वारा स्थायी हो सकता है, जबकि एल्कोहल $(C_2H_5O^-)$ नहीं हो सकता।

(ii) *sp*-संकरित कार्बन से जुड़ा हाइड्रोजन परमाणु, $sp^2$-संकरित कार्बन से जुड़े परमाणु की अपेक्षा अधिक अम्लीय होता है, $sp^2$-संकरित कार्बन से जुड़ा परमाणु, $sp^3$-संकरित कार्बन से जुड़े परमाणु की अपेक्षा अधिक अम्लीय है।

इस प्रकार, $HC \equiv \underset{sp}{CH} > CH_2 = \underset{sp^2}{CH_2} > CH_3 - \underset{sp^3}{CH_3}$

### (3) अकार्बनिक क्षारों की आपेक्षिक शक्ति

(i) किसी यौगिक की क्षारीयता, इलेक्ट्रॉन युग्म वाले परमाणु की विद्युत–ऋणात्मकता में वृद्धि के साथ घटती है। $\ddot{N}H_3 > H_2\ddot{O}: > H\ddot{F}:$

(ii) बिना साझा किये इलेक्ट्रॉनों वाले परमाणु का आकार बड़ा होने पर, इलेक्ट्रॉन की प्रायिकता कम होती है।

$F^- > Cl^- > Br^- > I^-$ ; $O^{2-} > S^{2-}$

(iii) इलेक्ट्रॉन युग्म वाले परमाणु पर ऋणावेश की उपस्थिति क्षारीयता को बढ़ाती है, जबकि इलेक्ट्रॉन युग्म वाले परमाणु पर धनावेश की उपस्थिति क्षारीयता को घटाती है। $OH^- > H_2O > H_3O^+$

(iv) क्षारीय तथा क्षारीय मृदा हाइड्रॉक्साइडों (ऑक्साइडों) के क्षारीय गुण में विद्युत धनात्मकता के साथ वृद्धि होती है।

$LiOH < NaOH < KOH < RbOH < CsOH$ ;

$Be(OH)_2 < Mg(OH)_2 < Ca(OH)_2 < Sr(OH)_2 < Ba(OH)_2$

$CsOH$ एक प्रबलतम ज्ञात क्षार है

(v) समान समूह के हाइड्राइडों में, एकाकी युग्म देने की क्षमता में कमी होने के कारण केन्द्रीय परमाणु के आकार के साथ क्षारीय गुण में कमी होती है। $NH_3 > PH_3 > AsH_3 > SbH_3 > BiH_3$

### (4) कार्बनिक क्षारों की आपेक्षिक शक्ति

(i) नाइट्रोजन पर इलेक्ट्रॉन घनत्व अधिक होने पर, एमीन का क्षारीय गुण अधिक होता है।

(ii) एक यौगिक क्षारीय प्रकृति का है, यदि इसका संयुग्मी अम्ल अनुनाद द्वारा स्थायी होता है। इस प्रकार ग्वानीडीन ($NH_3 - \overset{NH_2}{\overset{|}{C}} = NH$) धातु हाइड्रॉक्साइड के समान प्रबल क्षार है, क्योंकि इसका संयुग्मी अम्ल ($H_3N^+ - \overset{NH_2}{\overset{|}{C}} = NH$) अनुनाद द्वारा बहुत अधिक स्थायी होता है।

## अम्ल–क्षार उदासीनीकरण एवं लवण
## (The acid-base neutralisation and Salt)

अम्ल एवं क्षार के बीच होने वाली अभिक्रिया **उदासीनीकरण** कहलाती है। इस अभिक्रिया के फलस्वरूप लवण एवं जल बनते हैं।

$$HCl_{(aq.)} + NaOH_{(aq.)} \rightleftharpoons \underset{\text{सोडियम क्लोराइड लवण}}{NaCl_{(aq.)}} + H_2O_{(l)}$$

उदासीनीकरण की प्रक्रिया, हमेशा परिणामी विलयन को उदासीन नहीं करती है बल्कि इस प्रक्रिया $H^+$ व $OH^-$ आयनों के मध्य अन्योन्य क्रिया भी होती है। परिणामी विलयन की प्रकृति, अभिक्रिया में भाग लेने वाले विशिष्ट अम्ल या क्षार पर निर्भर करती है।

**लवण** (Salts) **:** लवण ऐसे यौगिक होते हैं, जो धनावेशित एवं ऋणावेशित आयनों से मिलकर बनते हैं। **धनावेशित भाग, क्षार से जबकि ऋणावेशित भाग, अम्ल से प्राप्त होता है।** लवण, आयनिक यौगिक होते हैं। लवणों को निम्न वर्गों में विभाजित किया जा सकता है,

(1) **साधारण लवण** (Simple salts) **:** अम्ल एवं क्षार के मध्य अभिक्रिया से प्राप्त लवण साधारण लवण कहलाते हैं। ये तीन प्रकार के होते हैं,

(i) ***सामान्य लवण*** : सभी सम्भावित प्रोटॉनों ($H^+$ आयनों के रूप में विस्थापनशील हाइड्रोजन परमाणु) के खोने से प्राप्त लवण, सामान्य लवण कहलाते हैं। इस प्रकार के लवणों में विस्थापनीय हाइड्रोजन या हाइड्रॉक्सिल समूह नहीं होते हैं।

*उदाहरण* : $NaCl, NaNO_3, K_2SO_4, Ca_3(PO_4)_2, Na_3BO_3$, $Na_2HPO_3$ (एक हाइड्रोजन परमाणु विस्थापनीय नहीं है, क्योंकि $H_3PO_2$ एक द्विक्षारकीय अम्ल है) $NaH_2PO_2$ (दोनों $H$-परमाणु, विस्थापनशील नहीं हैं क्योंकि $H_3PO_2$, एकक्षारकीय अम्ल है) इत्यादि।

(ii) ***अम्लीय लवण*** : बहुक्षारकीय अम्लों के अपूर्ण उदासीनीकरण से प्राप्त लवण अम्लीय लवण कहलाते हैं। इस प्रकार के लवणों में अब भी एक या अधिक विस्थापनशील हाइड्रोजन परमाणु होते हैं। इन लवणों को जब क्षारों द्वारा उदासीन किया जाता है तो सामान्य लवण बनते हैं।

*उदाहरण*: $NaHCO_3, NaHSO_4, NaH_2PO_4, Na_2HPO_4$, आदि

(iii) ***क्षारीय लवण*** : बहुअम्लीय क्षारों के अपूर्ण उदासीनीकरण से प्राप्त लवणों को क्षारीय लवण कहते हैं। इस प्रकार के लवणों में अब भी एक या अधिक हाइड्रॉक्सिल समूह होते हैं। इन लवणों को जब अम्लों द्वारा उदासीन किया जाता है तो सामान्य लवण बनते हैं।

*उदाहरण*: $Zn(OH)Cl, Mg(OH)Cl, Fe(OH)_2Cl, Bi(OH)_2Cl$

(2) **द्विक लवण** (Double salts) **:** दो साधारण लवणों के संयोग से प्राप्त योगशील यौगिकों को द्विक लवण कहते हैं। इस प्रकार के लवण केवल ठोस अवस्था में स्थायी होते हैं।

*उदाहरण* : फेरस अमोनियम सल्फेट, $FeSO_4(NH_4)_2SO_4.6H_2O$,

पोटाश एलम (फिटकरी), $K_2SO_4.Al_2(SO_4)_3.24H_2O$ एवं अन्य फिटकरियाँ।

(3) **संकुल लवण** (Complex salts) **:** ये साधारण लवणों या आण्विक यौगिकों के संयोग से बनते हैं। ये ठोस अवस्था के साथ–साथ विलयनों में भी स्थायी होते हैं।

$$\underset{\text{साधारण लवण}}{FeSO_4} + 6KCN \rightarrow \underset{\text{संकुल लवण}}{K_4[Fe(CN)_6]} + K_2SO_4$$

(4) **मिश्रित लवण** (Mixed salts) **:** वे लवण जो जल में घुलने पर एक से अधिक धनायन या एक से अधिक ऋणायन देते हैं, मिश्रित लवण कहलाते हैं।

उदाहरण : $Ca\begin{matrix}/OCl \\ \backslash Cl\end{matrix}$ ; $\begin{matrix}Na\backslash \\ K/\end{matrix}SO_4$ ; $\begin{matrix}Na \\ NH_4 \\ H\end{matrix}\!>\!PO_4$

## जल का आयनिक गुणनफल (Ionic product of water)

जल एक दुर्बल विद्युत अपघट्य है जो कि थोड़ी सी मात्रा में स्वतः ही आयनित हो जाता है।

*"एक विशेष ताप पर जल में $H^+$ एवं $OH^-$ आयनों की सांद्रताओं के गुणनफल को जल का आयनिक गुणनफल कहते है।"* इसे $K_w$ से व्यक्त करते हैं।

$$H_2O \rightleftharpoons H^+ + OH^-;\ \Delta H = +57.3\ kJM^{-1}$$

$$K = \frac{[H^+][OH^-]}{[H_2O]}; K[H_2O] = [H^+][OH^-]; K_w = [H^+][OH^-]$$

$K_w$ का मान, ताप वृद्धि के साथ बढ़ता है, अर्थात् *H* **एवं** *OH* **आयनों की सांद्रता, ताप वृद्धि के साथ बढ़ती है।**

$25^oC$ पर $K_w$ का मान $1 \times 10^{-14}$ है। चूँकि शुद्ध जल उदासीन प्रकृति का होता है इसलिये $H^+$ आयन की सांद्रता, $OH^-$ आयन सांद्रता के बराबर होनी चाहिये।

$[H^+] = [OH^-] = x$ या $[H^+][OH^-] = x^2 = 1 \times 10^{-14}$ या $x = 1 \times 10^{-7} M$ या $[H^+] = [OH^-] = 1 \times 10^{-7}$ मोल लीटर$^{-1}$

यह दर्शाता है कि $25^oC$ पर, एक लीटर जल में, कुल लगभग 55.5 मोलों में से केवल जल के $10^{-7}$ मोल ही आयनिक रूप में रहते हैं।

इस प्रकार जब, $[H^+] = [OH^-]$; विलयन उदासीन होता है।

$[H^+] > [OH^-]$; विलयन अम्लीय होता है।

$[H^+] < [OH^-]$; विलयन क्षारीय होता है।

## हाइड्रोजन आयन सांद्रण – *pH* पैमाना
## (Hydrogen ion concentration – *pH* scale)

एक डेनिश जैवरसायनज्ञ, **सोरेन्सन** ने विलयन में $H^+$ की सांद्रता के पद में अम्लीयता को मापने के लिये एक पैमाना विकसित किया, जिसको *pH* पैमाना (*pH* Scale) कहते हैं। इसके अनुसार, *"किसी विलयन का pH इसकी H आयन सांद्रता का ऋणात्मक लघुगणक होता है।"*

$$pH = -\log[H^+] \text{ या } pH = \log\frac{1}{[H^+]}$$

जिस प्रकार *pH*, हाइड्रोजन आयन सांद्रण को सूचित करता है, ठीक उसी प्रकार *pOH*, हाइड्रॉक्सिल आयन सांद्रण को व्यक्त करता है, अर्थात्,

$$pOH = -\log[OH^-]$$

संबंध पर विचार करने पर, $[H^+][OH^-] = K_w = 1 \times 10^{-14}$

दोनों पक्षों का लघुगणक लेने पर,

$\log[H^+] + \log[OH^-] = \log K_w = \log(1 \times 10^{-14})$ या

$-\log[H^+]-\log[OH^-]=-\log K_w=-\log(1\times10^{-14})$

या $pH+pOH=pK_w=14$

| | $[H^+]$ | $[OH^-]$ | $pH$ | $pOH$ |
|---|---|---|---|---|
| अम्लीय विलयन | $>10^{-7}$ | $<10^{-7}$ | $<7$ | $>7$ |
| उदासीन विलयन | $10^{-7}$ | $10^{-7}$ | 7 | 7 |
| क्षारीय विलयन | $<10^{-7}$ | $>10^{-7}$ | $>7$ | $<7$ |

**कुछ पदार्थों के pH**

| पदार्थ | pH | पदार्थ | pH |
|---|---|---|---|
| जठर रस | 1.4 | वर्षा का जल | 6.5 |
| नींबू का रस | 2.1 | शुद्ध जल | 7.0 |
| सिरका | 2.9 | लार | 7.0 |
| मृदु पेय | 3.0 | रक्त प्लाज्मा | 7.4 |
| बीयर | 4.5 | आँसू | 7.4 |
| ब्लैक कॉफी | 5.0 | अंडा | 7.8 |
| गाय का दूध | 6.5 | घरेलू अमोनिया | 11.9 |

**pH-पैमाने की सीमाएँ**

(i) विलयनों के pH मान, विलयनों की आपेक्षिक शक्ति के बारे में तात्कालिक विचार प्रस्तुत नहीं करते हैं। ऐसा विलयन जिसका pH =1 हो, उसका $H^+$ आयन सांद्रण, pH = 3 वाले विलयन के $H^+$ आयन सांद्रण से 100 गुना अधिक होता है (न कि तीन गुना)। $4\times10^{-5}N\ HCl$, $2\times10^{-5}N\ HCl$ विलयन से दुगुनी सांद्रता का है किन्तु इन विलयनों के $pH$ मान 4.40 एवं 4.70 (दुगुना नहीं) हैं।

(ii) प्रबल अम्ल के $1N$ विलयन का pH मान शून्य प्राप्त होता है। यदि सांद्रतायें $2N, 3N, 10N$ इत्यादि हों तो इनके संगत pH- मान ऋणात्मक होंगे।

(iii) अत्यंत कम सांद्रण जैसे $10^{-8}N$ वाले किसी अम्ल के एक विलयन की pH, 8 नहीं हो सकती है, जैसा कि pH सूत्र द्वारा प्रदर्शित होता है बल्कि वास्तविक pH मान, 7 से कम होता है।

**pK-मान**(pK value) **:** p, ऋणात्मक लघुगणक को प्रदर्शित करता है। जिस प्रकार $H^+$ एवं $OH^-$ आयन सांद्रण की परास (Range) 10 की कई ऋणात्मक घातों के मध्य की होती है, इसे pH या pOH रूप में व्यक्त करना सुविधाजनक होता है। इसी प्रकार वियोजन स्थिरांक (K) के मान की परास भी, 10 की कई ऋणात्मक घातों के मध्य की होती है, इसीलिये इसे pK के रूप में लिखना सुविधाजनक है। अतः pK, वियोजन स्थिरांक का ऋणात्मक लघुगणक होता है।

$pK_a=-\log K_a$ एवं $pK_b=-\log K_b$

दुर्बल अम्लों के $pK_a$ मान उच्च होते हैं। इसी प्रकार, दुर्बल क्षारों के $pK_b$ मान उच्च होते हैं।

जलीय विलयन में किसी संयुग्मी अम्ल–क्षार युग्म के लिये, $K_a\times K_b=K_w$

$pK_a+pK_b=pK_w=14$ (298 K पर)

$10^{-8}M\ HCl$ तथा $10^{-8}M\ NaOH$ के pH की गणना

यदि हम सूत्र $pH=-\log[H_3O^+]$ का उपयोग करें तो हम पाते हैं कि $10^{-8}M\,HCl$ की $pH$, 8 के बराबर है, परन्तु यह सही नहीं है। क्योंकि एक अम्लीय विलयन की $pH$, 7 से अधिक नहीं हो सकती। इस दशा में जल की $H^+$ आयन सांद्रता की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

इसलिये, $[H^+]_{कुल}=H^+_{अम्ल}+H^+_{जल}$

चूँकि $HCl$ एक प्रबल अम्ल है एवं पूर्णतः आयनित हो जाता है।

$[H^+]_{HCl}=1\times10^{-8}$, $[H^+]_{H_2O}=10^{-7}$

$[H^+]_{कुल}=[H^+]_{HCl}+[H^+]_{H_2O}=10^{-8}+10^{-7}=10^{-8}[1+10]$

$=10^{-8}\times11$

$pH=-\log10^{-8}+\log11=6.958$

इसी प्रकार से यदि $NaOH$ की सांद्रता $10^{-8}M$ हो

तब, $[OH^-]_{कुल}=[10^{-8}]_{NaOH}+[10^{-7}]_{H_2O}$

$[OH^-]=10^{-8}\times11$ ; $pOH=6.96$ $pH=7.04$

## बफर विलयन (Buffer solutions)

*वह विलयन जिसमें अल्प मात्रा में अम्ल (H आयन) या क्षार (OH आयन) मिलाने पर उसके pH में परिवर्तन नगण्य होता है, बफर विलयन कहलाता है।* इसे **आरक्षित** (Reserve) **अम्लीयता या क्षारीयता** के विलयन के रूप में भी परिभाषित किया जा सकता है जो अल्प मात्रा में किसी अम्ल या क्षार के विलयन के योग पर इसके $pH$ मान में किसी भी परिवर्तन का विरोध करता है।

(1) **बफर विलयनों के प्रकार :** बफर विलयन दो प्रकार के होते हैं,

(i) ***एकल पदार्थों के विलयन*** : एक दुर्बल अम्ल एवं दुर्बल क्षार के लवण का विलयन।

*उदाहरण* : अमोनियम एसीटेट $(CH_3COONH_4)$, $NH_4CN$ एक बफर के रूप में कार्य करते हैं।

(ii) ***मिश्रणों के विलयन*** : इन्हें पुनः दो प्रकारों में बाँटा गया है,

(a) *अम्लीय बफर* : एक अम्लीय बफर विलयन, एक दुर्बल अम्ल तथा इसके प्रबल क्षार के साथ लवण के विलयन से बना होता है।

*उदाहरण* : $CH_3COOH+CH_3COONa$

(b) *क्षारीय बफर* : एक क्षारीय बफर विलयन, दुर्बल क्षार तथा इसके प्रबल अम्ल के साथ लवण के मिश्रण से युक्त होता है।

*उदाहरण* : $NH_4OH+NH_4Cl$

(2) **बफर क्रिया** (Buffer action) **:** यह वह क्रियाविधि है, जिसके द्वारा मिलाये गये H आयन या OH आयन लगभग उदासीनीकृत हो जाते हैं, जिससे कि pH स्थिर बनी रहती है। बफर की आरक्षित क्षारीयता, मिलाये गये $H^+$ आयनों को उदासीनीकृत कर देती है, जबकि बफर की आरक्षित अम्लीयता, मिलाये गये OH आयनों को उदासीनीकृत कर देती है।

(3) **बफर विलयनों के उदाहरण**

(i) थैलिक अम्ल + पोटेशियम हाइड्रोजन थैलेट

(ii) सिट्रिक अम्ल + सोडियम सिट्रेट

(iii) बोरिक अम्ल + बोरेक्स (सोडियम टेट्रा बोरेट)

(iv) कार्बोनिक अम्ल $(H_2CO_3)$ + सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट $(NaHCO_3)$, यह तंत्र रक्त में पाया जाता है तथा रक्त के $pH$ को 7.4 के निकट बनाये रखने में सहायता करता है। (मानव रक्त का $pH$ मान 7.36 – 7.42 के मध्य होता है, $pH$ में 0.2 इकाई का परिवर्तन मनुष्य की मृत्यु का कारण बन सकता है)

(v) $NaH_2PO_4 + Na_3PO_4$

(vi) $NaH_2PO_4 + Na_2HPO_4$

(vii) ग्लिसरीन + $HCl$

(viii) पाचक रस (Gastric juice) का $pH$ मान बफर तंत्र के कारण 1.6 तथा 1.7 के मध्य संतुलित रहता है।

(4) **हैण्डरसन–हसेलबच समीकरण :** किसी अम्लीय या क्षारीय बफर के $pH$ की गणना हैण्डरसन–हसेलबच समीकरण द्वारा की जा सकती है।

अम्लीय बफर के लिये, $pH = pK_a + \log \frac{[\text{लवण}]}{[\text{क्षार}]}$

जब $\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]} = 10$, तो, $pH = 1 + pK_a$ एवं

जब $\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]} = \frac{1}{10}$, तो, $pH = pK_a - 1$

इसलिये दुर्बल अम्ल का उपयोग, ऐसे बफर विलयनों को बनाने के लिये किया जाता है जिनके $pH$ मानों की परास (Range) $pK_a + 1$ एवं $pK_a - 1$ के बीच की होती है। एसीटिक अम्ल के $pK_a$ का मान लगभग 4.8 है, इसलिये इसका उपयोग 3.8 से 5.8 तक की $pH$ परास (Range) वाले बफर–विलयन बनाने में किया जा सकता है।

क्षारीय बफर के लिये, $pOH = pK_b + \log \frac{[\text{लवण}]}{[\text{क्षार}]}$

$pOH$ का मान जानकर, निम्न सूत्र से $pH$ की गणना की जा सकती है, $pH + pOH = 14$

किसी बफर विलयन का $pH$, तनुता के साथ–साथ परिवर्तित नहीं होता है किन्तु यह ताप के साथ परिवर्तित होता है, क्योंकि $K_w$ का मान ताप के साथ बदलता है।

(5) **बफर क्षमता** (Buffer capacity) **:** किसी बफर विलयन का वह गुण जो उसके $pH$ मान को बदलने से रोकता है, बफर क्षमता कहलाता है। यह पाया गया है कि यदि $\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$ या $\frac{[\text{लवण}]}{[\text{क्षार}]}$ अनुपात इकाई हो तो किसी विशिष्ट बफर के $pH$ मान में कोई परिवर्तन नहीं होता है। बफर क्षमता को बफर विलयन के एक लीटर द्वारा आवश्यक अम्ल या क्षार की मोल संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है जो इसके $pH$ मान में 1 का परिवर्तन कर देता है।

$$\text{बफर क्षमता } (\phi) = \frac{\text{प्रति लीटर प्रयुक्त अम्ल या क्षार की मोल संख्या}}{\text{pH में परिवर्तन}}$$

इस प्रकार, बफर क्षमता अधिक होने पर इसकी $pH$ मान में परिवर्तन को रोकने की क्षमता भी अधिक होगी। बफर क्षमता का मान अधिकतम होता है, जब विलयन में लवण तथा दुर्बल अम्ल/क्षार की सांद्रता बराबर हो या जब $pH = pK_a$ या $pOH = pK_b$ ।

(6) **बफर विलयनों का महत्व**

(i) बफर विलयनों का उपयोग, अज्ञात विलयनों के हाइड्रोजन आयन सांद्रण की कोलोरीमेट्रिकली (Colorimetrically) तुलना करने के लिये किया जाता है।

(ii) एसीटिक अम्ल–सोडियम एसीटेट का उपयोग मिश्रण के गुणात्मक विश्लेषण में फॉस्फेट मूलक के निराकरण में किया जाता है।

(iii) $NH_4Cl / NH_4OH$ बफर का उपयोग विश्लेषण में तीसरे समूह के हाइड्रॉक्साइडों के अवक्षेपण में करते हैं।

(iv) उद्योगों में, बफर विलयनों का उपयोग किण्वन द्वारा एल्कोहल के उत्पादन ($pH$ 5 - 6.5), चमड़ा पकाने, इलेक्ट्रोप्लेटिंग, शर्करा तथा पेपर निर्माण इत्यादि में किया जाता है।

(v) बेक्टीरियोलॉजीकल अनुसंधान में, संवर्धन माध्यम (Culture media) एक बफर विलयन होता है, जिसका $pH$ संतुलित रहता है तथा इसका उपयोग अध्ययन हेतु जीवाणुओं की वृद्धि के लिये होता है।

(vi) जैविकीय तंत्रों में, कार्बोनिक अम्ल एवं सोडियम बाइकार्बोनेट का बफर विलयन हमारे रक्त में पाया जाता है। यह रक्त के $pH$ को, हमारे शरीर में होने वाली अभिक्रियाओं से उत्पन्न विभिन्न अम्ल तथा क्षार के बावजूद, एक स्थिर मान (लगभग 7.4) तक बनाये रखता है।

## लवण जल अपघटन (Salt hydrolysis)

यह धनायन या ऋणायन या लवण के दोनों आयनों की जल के साथ वह अभिक्रिया है जिससे अम्लीय या क्षारीय विलयन उत्पन्न होते हैं। लवण जल अपघटन, उदासीनीकरण अभिक्रिया का व्युत्क्रम है।

लवण $\xrightarrow{H_2O}$ जलीय विलयन
- → उदासीन → कोई जल अपघटन नहीं
- → अम्लीय → धनायनिक जल अपघटन
- → क्षारीय → ऋणायनिक जल अपघटन

(1) **जल अपघटन स्थिरांक :** एक लवण (BA) के जल अपघटन का सामान्य समीकरण निम्न है, $\underset{\text{लवण}}{BA} + H_2O \rightleftharpoons \underset{\text{अम्ल}}{HA} + \underset{\text{क्षार}}{BOH}$

रासायनिक साम्यावस्था के नियम को लागू करने पर,

$\frac{[HA][BOH]}{[BA][H_2O]} = K$, जहाँ $K$ साम्य स्थिरांक है।

चूँकि जलीय विलयन में जल अत्यधिक मात्रा में उपस्थित रहता है, इसलिये इसके सांद्रण $[H_2O]$ को स्थिर माना जा सकता है इसलिये,

$$\frac{[HA][BOH]}{[BA]} = K[H_2O] = K_h$$

जहाँ $K_h$ को लवण का जल अपघटन स्थिरांक कहते हैं।

(2) **जल अपघटन की मात्रा** (Degree of hydrolysis) **:** यह कुल लवण के उस प्रभाज (या प्रतिशत) के रूप में परिभाषित किया जाता है जो साम्य पर जल अपघटित होता है। उदाहरण के लिये, यदि लवणीय विलयन का 90% जल अपघटित होता है, इसकी जल अपघटन की मात्रा 0.90 या 90% है। इसे सामान्यतः '$h$' द्वारा निरूपित किया जाता है।

$$h = \frac{\text{जल अपघटित लवण के मोलों की संख्या}}{\text{लिये गये लवण के मोलों की कुल संख्या}}$$

| लवण के प्रकार | $K_h$ के लिये समी. | $h$ के लिये समी. | $pH$ के लिये समी. |
|---|---|---|---|
| (i) दुर्बल अम्ल एवं प्रबल क्षार का लवण | $K_h = K_w / K_a$ | $h = \sqrt{\left(\frac{K_h}{C}\right)}$ | $pH = -\frac{1}{2}$ [log $K_w$ + log $K_a$ – log $C$] |
| (ii) प्रबल अम्ल एवं दुर्बल क्षार का लवण | $K_h = K_w / K_b$ | $h = \sqrt{\left(\frac{K_h}{C}\right)}$ | $pH = -\frac{1}{2}$ [log $K_w$ – log $K_b$ + log $C$] |
| (iii) दुर्बल अम्ल एवं दुर्बल क्षार का लवण | $K_h = \frac{K_w}{K_a K_b}$ | $h = \sqrt{(K_h)}$ | $pH = -\frac{1}{2}$ [log $K_a$ + log $K_w$ – log $K_b$] |

(iv) प्रबल अम्लों और प्रबल क्षारों के लवणों का जलअपघटन नहीं होता है (केवल आयनीकरण होता है) इसलिये परिणामी जलीय विलयन उदासीन होता है।

## सूचक (Indicators)

वह पदार्थ जिसका उपयोग किसी अनुमापन (Titration) में उदासीन बिंदु या अंतिम बिंदु (End point) को निर्धारित करने के लिये किया जाता है, सूचक कहलाता है। अम्ल–क्षार अनुमापनों में कार्बनिक पदार्थों (दुर्बल अम्ल या क्षार) का उपयोग प्रायः सूचकों के रूप में किया जाता है। ये सूचक एक निश्चित $pH$ -परास पर अपना रंग परिवर्तित कर लेते हैं। कुछ सामान्य सूचकों के रंग परिवर्तन तथा $pH$ -परास को निम्न प्रकार सारणीबद्ध किया गया है,

**सारणी : 9.2 *pH* के साथ सूचकों का रंग परिवर्तन**

| सूचक | pH परास | रंग | |
|---|---|---|---|
| | | अम्ल विलयन | क्षार विलयन |
| क्रिसॉल रेड | 1.2 – 1.8 | लाल | पीला |
| थायमोल ब्लू | 1.2 – 2.8 | लाल | पीला |
| मेथिल यलो | 2.9 – 4.0 | लाल | पीला |
| मेथिल ऑरेन्ज | 3.1 – 4.4 | गुलाबी | पीला |
| मेथिल रेड | 4.2 – 6.3 | लाल | पीला |
| लिटमस | 5.0 – 8.0 | लाल | नीला |
| ब्रोमोथायमोल ब्लू | 6.0 – 7.6 | पीला | नीला |
| फिनॉल रेड | 6.4 – 8.2 | पीला | लाल |
| थायमोल ब्लू (क्षार) | 8.1 – 9.6 | पीला | नीला |
| फिनॉल्फ्थैलीन | 8.3 – 10.0 | रंगहीन | गुलाबी |
| थायमोथैलीन | 8.3 – 10.5 | रंगहीन | नीला |
| एलिजरिन यलो R | 10.1 – 12.0 | नीला | पीला |
| नाइट्रामिन | 10.8 – 13.0 | रंगहीन | नारंगी, भूरा |

अम्ल–क्षार सूचकों के $pH$ में परिवर्तन के साथ रंग परिवर्तन को समझाने के लिये दो सिद्धांत प्रस्तावित किये गये हैं।

(i) ***ओस्टवॉल्ड का सिद्धांत*** (ii) ***क्विनोनॉयड सिद्धांत***

(1) **उपयुक्त सूचकों का चयन :** एक उपयुक्त सूचक के चयन के लिये, उपरोक्त चारों प्रकार के अनुमापनों में $pH$-परिवर्तन को समझना जरूरी है। इसके लिये तुल्यांक बिंदु के आस–पास $pH$ परिवर्तन अत्यंत महत्वपूर्ण है। $pH$ का मिलाये गये क्षार के आयतन के विरूद्ध ग्राफ खींचने पर जो वक्र प्राप्त होता है उसे उदासीनीकरण या अनुमापन वक्र कहते हैं। उदासीनीकरण अभिक्रियाएँ निम्न चार प्रकार की होती हैं,

(i) ***प्रबल अम्ल एवं प्रबल क्षार*** : प्रबल अम्ल (जैसे $HCl$ ) एवं प्रबल क्षार (जैसे $NaOH$ ) का $pH$ वक्र, $pH$-परास 4 –10 तक लगभग सीधा होता है। इसलिये फिनॉल्फ्थैलीन ($pH$-परास 8.3 –10.5), मेथिल रेड ($pH$-परास 4.4 – 6.5) एवं मेथिल ऑरेन्ज ($pH$-परास 3.2 – 4.5) जैसे सूचक इस प्रकार के अनुमापन के लिये उपयुक्त हैं।

(ii) ***दुर्बल अम्ल एवं प्रबल क्षार*** : फिनॉल्फ्थैलीन

(iii) ***प्रबल अम्ल एवं दुर्बल क्षार*** : मेथिल रेड एवं मेथिल ऑरेन्ज इस प्रकार के अनुमापन के लिये उपयुक्त सूचक है।

(iv) ***दुर्बल अम्ल एवं दुर्बल क्षार*** : इस प्रकार के अनुमापन के लिये किसी उपयुक्त सूचक का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

**विभिन्न तंत्रों के लिये विभिन्न सूचकों के उपयोग का कारण :** सूचक या तो दुर्बल अम्ल या दुर्बल क्षार होते हैं एवं जब इन्हें जल में विलेय किया जाता है तो उनके वियोजित रूप, अवियोजित रूप के रंग से भिन्न रंग ग्रहण कर लेते हैं। यदि एक सामान्य सूत्र $HIn$ वाले दुर्बल अम्ल सूचक पर विचार करें, जहाँ $In$, सूचक को दर्शाता है तो जलीय विलयन में स्थापित साम्य होगा,

$$\underset{\text{लाल}}{HIn(aq.)} \rightleftharpoons H^+(aq.) + \underset{\text{हरा}}{In^-(aq.)}$$

माना कि $K_{In}$, साम्य स्थिरांक है तो

$$K_{In} = \frac{[H^+][In^-]}{[HIn]} \quad \text{या} \quad \frac{[HIn]}{[In^-]} = \frac{[H^+]}{K_{In}}$$

मानव नेत्र रंग परिवर्तन का आभास कर सकता है, यदि सूचक के दो रूपों के अनुपात की परास 0.1 से 10 के बीच की हो।

यदि, $\frac{[HIn]}{[In^-]} = 1.0$, तो दिखायी देने वाला रंग पीला होगा।

$\frac{[HIn]}{[In^-]} = 10$, तो दिखायी देने वाला रंग लाल होगा।

$\frac{[HIn]}{[In^-]} = 0.1$, तो दिखायी देने वाला रंग हरा होगा।

दूसरे शब्दों में,

दिखायी देने वाला रंग लाल होगा, जब $pH = pK_{In} - 1$

दिखायी देने वाला रंग पीला होगा, जब $pH = pK_{In}$

दिखायी देने वाला रंग हरा होगा, जब $pH = pK_{In} + 1$

इस प्रकार हमारा काल्पनिक सूचक किसी $pH$ पर लाल होगा जो $pK_{In} - 1$ तक गिरता है एवं किसी $pH$ पर हरा होगा जो $pK_{In} + 1$ तक वृद्धि करता है। सूचक अपना रंग लाल से (लाल–पीला, पीला, पीला–हरा) हरे रंग की $pH$ की सँकरी परास $pK_{In} - 1$ से $pK_{In} + 1$ तक परिवर्तित करता है। इसलिये हम इस सूचक का उपयोग इस सँकरी $pH$ परास को स्थापित या निश्चित करने के लिये करते हैं। दूसरे शब्दों में, इस परास में सूचक का प्रभावी उपयोग करने के लिये हमें ऐसा विलयन लेना चाहिये जिसका $pH$, सूचक के $pK_{In}$ के अत्यंत निकट हो। इस प्रकार किसी सूचक के रंग परिवर्तन को निम्न प्रकार संक्षेपित किया जा सकता है,

| | रंग का प्रथम परिवर्तन | परिवर्तन का मध्य बिन्दु | पूर्ण रंग परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| $[H^+]$ | $10\ K_{In}$ | $K_{In}$ | $0.1\ K_{In}$ |
| $pH$ | $PK_{In} - 1$ | $PK_{In}$ | $PK_{In} + 1$ |

यही कारण है, कि हम विभिन्न तंत्रों के लिये विभिन्न सूचकों का उपयोग करते हैं।

## Tips & Tricks

- उबले हुए जल का $pH$ 6.5625 होता है इसका अर्थ यह नहीं है कि उबला हुआ जल उदासीन नहीं होता है। यह $H_2O$ के $H$ एवं $OH$ आयनों में अधिक वियोजन के कारण होता है।
- विलयनों के $pH$ मान उनकी सापेक्षिक प्रबलता का सही विचार नहीं देते हैं उदाहरण : (i) $pH = 1$ वाले विलयन का $[H]$ $pH = 3$ वाले विलयन से 100 गुना होता है न कि 3 गुना। (ii) $2 \times 10^{-5}$ $M\ HCl$

विलयन की तुलना में $4 \times 10^{-5}$ $M$ $HCl$ विलयन दुगना सान्द्रित होता है किन्तु इन विलयनों के $pH$ मान क्रमशः 4.4 एवं 4.7 होते हैं।

- 1$M$ $HCl$ में $p$H शून्य हो सकती है और यह 2$M$, 3$M$, 10$M$ इत्यादि जैसे अधिक सान्द्रित विलयनों के लिये ऋणात्मक भी हो सकती है।
- मानव शरीर के ताप पर जो 37°$C$ होता है उदासीन विलयन का $p$H 6.8 होता है।
- बफर विलयनों में रिजर्व अम्लीयता एवं रिजर्व क्षारीयता होती है।
- बफर क्षमता जितनी अधिक होगी, $p$H मान में परिवर्तन की प्रतिरोधक क्षमता उतनी ही अधिक होगी।
- अधिक मात्रा में अम्लों और क्षारों के योग द्वारा बफर बना नहीं रह सकता है।

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

### वैद्युत चालक, अरहीनियस सिद्धान्त एवं ओस्टवॉल्ड का तनुता नियम

1. निम्न में से कौन विद्युत अनअपघट्य हैं [CPMT 2001]
   (a) $NaCl$ (b) $CaCl_2$
   (c) $C_{12}H_{22}O_{11}$ (d) $CH_3COOH$
2. अमोनियम हाइड्रॉक्साइड है [CPMT 1977]
   (a) प्रबल वैद्युत अपघट्य
   (b) दुर्बल वैद्युत अपघट्य
   (c) विभिन्न परिस्थितियों में दोनों
   (d) वैद्युत अनपघट्य
3. अमोनियम हाइड्रॉक्साइड एक दुर्बल क्षार है क्योंकि [MP PET 2000]
   (a) इसका वाष्प दाब कम है
   (b) यह कम आयनीकृत होता है
   (c) यह किसी धातु का हाइड्रॉक्साइड नहीं है
   (d) इसका कम घनत्व है
4. वैद्युत अपघट्य जल में विलेय होकर अपने अवयवी आयनों में वियोजित हो जाते हैं, तो वैद्युत अपघट्य के वियोजन की मात्रा बढ़ती है [CPMT 1974]
   (a) वैद्युत–अपघट्य का सान्द्रण बढ़ाने से
   (b) वैद्युत–अपघट्य का सान्द्रण कम करने से
   (c) तापक्रम कम करने से
   (d) ऐसे पदार्थ की उपस्थिति से जो समआयन दें
5. वैद्युत अपघट्य [MP PMT/PET 1988; CPMT 1974]
   (a) विलयन में संकर आयन देता है
   (b) जल में विलेय होने पर आयन देता है
   (c) ठोस अवस्था में आयनीकृत होता है
   (d) विद्युत प्रवाहित करने पर आयन उत्पन्न करता हैं
6. यदि एक मोनोप्रोटिक अम्ल, 1.00 *M* विलयन में 0.01% आयनित होता है, तो इस अम्ल का आयनन स्थिरांक होगा [BVP 2003]
   (a) $1\times10^{-8}$ (b) $1\times10^{-4}$
   (c) $1\times10^{-6}$ (d) $10^{-5}$
7. गलित सोडियम क्लोराइड में विद्युत धारा किसकी उपस्थिति के कारण प्रवाहित होती है [BHU 2001]
   (a) मुक्त इलेक्ट्रॉनों की
   (b) मुक्त आयनों की
   (c) मुक्त अणुओं की
   (d) सोडियम और क्लोरीन के परमाणुओं द्वारा
8. प्रबल विद्युत अपघट्य का उदाहरण है [KCET 2002]
   (a) यूरिया (b) अमोनियम हाइड्रॉक्साइड
   (c) शर्करा (d) सोडियम एसीटेट
9. निम्न में से कौनसा प्रबल विद्युत–अपघट्य है [CPMT 1990]
   (a) $NaCl$ (b) $CH_3COOH$
   (c) $NH_4OH$ (d) $C_6H_{12}O_6$
10. अनन्त तनुता पर दुर्बल अम्ल जैसे $HF$ की तुल्यांकी चालकता [Pb. PMT 1998]
   (a) का निर्धारण अधिक तनु $HF$ विलयन के मापन से होता है
   (b) का निर्धारण, $HCl$, $HBr$ तथा $HI$ के तनु विलयन पर मापन के एक्स्ट्रापोलेशन द्वारा होता है
   (c) का उत्तम निर्धारण, $NaF$, $NaCl$ तथा $HCl$ के तनु विलयन के मापन द्वारा होता है
   (d) अपरिभाषित मात्रा है
11. यदि $\alpha$ आयनन की कोटि, $C$ दुर्बल विद्युत अपघट्य का सान्द्रण तथा $K_a$ अम्ल का आयनन स्थिरांक हो, तो $\alpha, C$ तथा $K_a$ में सही सम्बन्ध होगा [CET Pune 1998; Pb. PMT 1998; RPMT 2002]
   (a) $\alpha^2=\sqrt{\frac{K_a}{C}}$ (b) $\alpha^2=\sqrt{\frac{C}{K_a}}$
   (c) $\alpha=\sqrt{\frac{K_a}{C}}$ (d) $\alpha=\sqrt{\frac{C}{K_a}}$
12. आयनीकरण का सिद्धान्त निम्न में से किसने दिया [AMU 1983; DPMT 1985]
   (a) रदरफोर्ड (b) ग्राह्म
   (c) फैराडे (d) अरहीनियस
13. एक आयनीकारक विलायक में होता है
   (a) परावैद्युत स्थिरांक का कम मान
   (b) परावैद्युत स्थिरांक का अधिक मान
   (c) परावैद्युत स्थिरांक = 1
   (d) उच्च द्रवणांक
14. आयनन की मात्रा में वृद्धि होगी [MNR 1982]
   (a) विलेय की सान्द्रता में वृद्धि के साथ
   (b) विलयन में और अधिक जल की मात्रा मिलाने पर
   (c) विलयन का तापक्रम घटाने पर
   (d) विलयन को तेजी से हिलाने पर
15. सामान्यतः कौनसा कथन आयनिक यौगिकों के लिये सत्य है [Pb. PMT 2002]
   (a) क्वथनांक कम होता है
   (b) गलनांक कम होता है
   (c) अध्रुवीय विलायकों में घुलनशील हैं
   (d) गलित अवस्था में विद्युत का चालन करते हैं
16. अनन्त तनुता पर प्रबल एवं दुर्बल विद्युत अपघट्य दोनों का प्रतिशत आयनन है [CPMT 1999]
   (a) 1% (b) 20%
   (c) 50% (d) 100%
17. एक यौगिक की आयनीकरण की कोटि निर्भर करती है [MNR 1980]
   (a) विलेय अणुओं के आकार पर
   (b) विलेय अणुओं की प्रकृति पर
   (c) प्रयुक्त बर्तन की प्रकृति पर
   (d) प्रवाहित विद्युत धारा की मात्रा पर
18. एक दुर्बल अम्ल $HA$, के लिए ओस्टवॉल्ड तनुता नियम को व्यक्त करने वाला समीकरण है
   (a) $K_a=\frac{\alpha c}{1-\alpha^2}$ (b) $K_a=\frac{\alpha^2 c}{1-\alpha}$
   (c) $\alpha=\frac{K_a c}{1-c}$ (d) $K_a=\frac{\alpha^2 c}{1-\alpha^2}$
19. एसीटिक अम्ल दुर्बल विद्युत अपघट्य है क्योंकि [CPMT 1974]

(a) इसका अणुभार उच्च है
(b) यह सहसंयोजी यौगिक है
(c) इसका अधिक वियोजन नहीं होता या इसका आयनन कम होता है
(d) यह बहुत अस्थायी है

20. $NH_4OH$ का विघटन निम्न में से किसमें न्यूनतम हो जायेगा [MP PET 2000]
(a) $NaOH$ (b) $H_2O$
(c) $NH_4Cl$ (d) $NaCl$

21. $0.01 M$ सान्द्रता के $BaCl_2$ का वाण्टहॉफ गुणांक 1.98 है। $BaCl_2$ का इस सान्द्रता पर वियोजन प्रतिशत होगा [Kerala CET 2005]
(a) 49 (b) 69
(c) 89 (d) 98
(e) 100

22. निम्नलिखित में से किस विलयन में आयन उपस्थित होंगे [NCERT 1981]
(a) जल में सुक्रोज (b) $CS_2$ में गन्धक
(c) जल में सीजियम नाइट्रेट (d) जल में एथेनॉल

23. एक जलीय विलयन में निम्न साम्य स्थापित होता है $CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$ यदि इस अभिक्रिया में बिना ताप परिवर्तित करते हुये तनु $HCl$ मिलाते हैं, तो [UPSEAT 2000, 02]
(a) $CH_3COO^-$ का सान्द्रण बढ़ता है
(b) $CH_3COO^-$ का सान्द्रण कम होता है
(c) साम्य स्थिरांक बढ़ेगा
(d) साम्य स्थिरांक घटेगा

24. आयनन की कोटि को कौन प्रभावित नहीं करता है [MP PMT 1994]
(a) तापक्रम (b) सान्द्रण
(c) विलायक का प्रकार (d) धारा

25. ठोस विद्युत–अपघट्य में ध्रुवीय विलायक मिलाने पर होगा [NCERT 1973]
(a) ध्रुवीकरण (b) संगुणन
(c) आयनीकरण (d) इलेक्ट्रॉन स्थानान्तरण

26. $0.1 M\ HCN$ विलयन के वियोजन की कोटि 0.01% है, तो इसका आयनिक स्थिरांक होगा [RPMT 1999]
(a) $10^{-3}$ (b) $10^{-5}$
(c) $10^{-7}$ (d) $10^{-9}$

27. वियोजन स्थिरांक $K_a$ एवं सान्द्रण $c$ के दुर्बल अम्ल में $[H]$ बराबर होता है [CBSE PMT 1989; RPMT 2000]
(a) $\sqrt{K_a/c}$ (b) $c/K_a$
(c) $K_a c$ (d) $\sqrt{K_a c}$

28. $0.1 N\ CH_3COOH$ की वियोजन की कोटि है
(वियोजन स्थिरांक $= 1 \times 10^{-5}$) [MP PET 1997]
(a) $10^{-5}$ (b) $10^{-4}$
(c) $10^{-3}$ (d) $10^{-2}$

29. निम्न में कौनसा पदार्थ वैद्युत अपघट्य है [MADT Bihar 1980]
(a) क्लोरोफॉर्म
(b) बेन्जीन
(c) टॉलुईन
(d) मैग्नीशियम क्लोराइड

30. दुर्बल विद्युत अपघट्य विलयन में आयनन की कोटि
(a) तनुता के समानुपाती होगी
(b) विद्युत–अपघट्य की सान्द्रता के समानुपाती होगी
(c) तनुता के वर्गमूल के समानुपाती होगी
(d) तनुता के व्युत्क्रमानुपाती होगी

31. 0.2 मोलर फॉर्मिक अम्ल विलयन 3.2% आयनीकृत होता है, तो इसका आयनीकरण स्थिरांक होगा [MP PMT 1991]
(a) $9.6 \times 10^{-3}$ (b) $2.1 \times 10^{-4}$
(c) $1.25 \times 10^{-6}$ (d) $4.8 \times 10^{-5}$

32. निम्न का 1.0 $M$ विलयन विद्युत का अच्छा चालक है NCERT 1973]
(a) बोरिक अम्ल (b) एसीटिक अम्ल
(c) सल्फ्यूरिक अम्ल (d) फॉस्फोरिक अम्ल

33. वैद्युत–अपघट्य के विलयन का रंग निर्भर करता है [DPMT 1985]
(a) ऋणायन की प्रकृति पर
(b) धनायन की प्रकृति पर
(c) दोनों आयनों की प्रकृति पर
(d) विलायक की प्रकृति पर

34. आयनन निर्भर करता है [CPMT 2004]
(a) दाब पर (b) आयतन पर
(c) तनुता पर (d) इनमें से कोई नहीं

35. $25^o C$ पर कुछ अम्लों के वियोजन स्थिरांक नीचे दिए गए हैं, तो इनमें से कौन सा जल में प्रबलतम अम्ल होगा
(a) $1.4 \times 10^{-2}$ (b) $1.6 \times 10^{-4}$
(c) $4.4 \times 10^{-10}$ (d) $4.3 \times 10^{-7}$

36. $HCN$ के $0.1 M\ HCN$ विलयन में $CN^-$ का सान्द्रण है
$[K_a = 4 \times 10^{-10}]$ [RPET 2000]
(a) $2.5 \times 10^{-6} M$ (b) $4.5 \times 10^{-6} M$
(c) $6.3 \times 10^{-6} M$ (d) $9.2 \times 10^{-6} M$

## अम्ल एवं क्षार

1. निम्न में से कौन लुईस अम्ल नहीं है [MP PET 2002]
(a) $CO$ (b) $SiCl_4$
(c) $SO_3$ (d) $Zn^{2+}$

2. निम्न साम्य अभिक्रिया को देखकर सही कथन का चयन करिये
$HClO_4 + H_2O \rightleftharpoons H_3O^+ + ClO_4^-$ [RPMT 2000]
(a) $HClO_4$, $H_2O$ का संयुग्मी अम्ल है
(b) $H_3O^+$, $H_2O$ का संयुग्मी क्षार है
(c) $H_2O$, $H_3O^+$ का संयुग्मी अम्ल है
(d) $ClO_4^-$, $HClO_4$ का संयुग्मी क्षार है

3. $FeCl_3$ का विलयन जल में अम्ल की तरह कार्य करता है इसका कारण है [BVP 2003]

(a) $Fe^{3+}$ का जल अपघटन (b) अम्लीय अशुद्धि
(c) अपघटन (d) आयनन

4. एक सफेद पदार्थ जिसके विलयन की प्रकृति क्षारीय है, वह है [BVP 2003]
(a) $NaNO_3$ (b) $NH_4Cl$
(c) $Na_2CO_3$ (d) $Fe_2O_3$

5. निम्नलिखित में से कौनसा ब्रॉन्स्टेड अम्ल एवं ब्रॉन्स्टेड क्षार दोनों की भाँति कार्य कर सकता है [MP PET 1995; MP PET/PMT 1998]
(a) $Cl^-$ (b) $HCO_3^-$
(c) $H_3O^+$ (d) $OH^-$

6. एक लुईस अम्ल [MP PMT 1987]
(a) में *H* परमाणु होना आवश्यक है
(b) इलेक्ट्रॉन–युग्म दाता होता है
(c) सर्वदा प्रोटॉन दाता होता है
(d) इलेक्ट्रॉन–युग्म ग्राही होता है

7. दो अम्लों *A* तथा *B* का क्रमशः $pK_a = 1.2$, $pK_b = 2.8$ हैं, कौनसा कथन सही है [Bihar MEE 1998]
(a) *A* तथा *B* दोनों समान अम्लीय हैं
(b) *A*, *B* से अधिक प्रबल है
(c) *B*, *A* से अधिक प्रबल है
(d) *A* तथा *B* दोनों में से कोई प्रबल नहीं है
(e) इनमें से कोई नहीं

8. सोडियम सायनाइड का जलीय विलयन है [BHU 1981]
(a) अम्लीय (b) उभयधर्मी
(c) क्षारीय (d) उदासीन

9. निम्न में कौनसा प्रबल संयुग्मी क्षार है [MADT Bihar 1983; CBSE PMT 1999; KCET (Med.) 2001]
(a) $Cl^-$ (b) $CH_3COO^-$
(c) $SO_4^{--}$ (d) $NO_2^-$

10. $NaOH$ एक प्रबल क्षारक है क्योंकि [AIIMS 2001]
(a) यह $OH^-$ आयन देता है
(b) यह ऑक्सीकृत हो सकता है
(c) यह आसानी से आयनीकृत हो सकता है
(d) (a) और (c) दोनों

11. निम्न में से कौन ब्रॉन्स्टेड क्षारक है [KCET 2001]
(a) $NO_3^-$ (b) $H_3O^+$
(c) $NH_4^+$ (d) $CH_3COOH$

12. निम्न में से किस पदार्थ की प्रोटॉन बंधुता सबसे अधिक है [AIEEE 2003]
(a) $H_2O$ (b) $H_2S$
(c) $NH_3$ (d) $PH_3$

13. निम्न में से कौन प्रबल लुईस अम्ल है [EAMCET 1998]
(a) $BI_3$ (b) $BBr_3$
(c) $BCl_3$ (d $BF_3$

14. अमोनिया के जलीय विलयन में होते हैं [MP PET 2001]
(a) $H^+$ (b) $OH^-$
(c) $NH_4^+$ (d) $NH_4^+$ और $OH^-$

15. निम्न में से कौन लुईस अम्ल नहीं है [CBSE PMT 1996]
(a) $BF_3$ (b) $FeCl_3$
(c) $SiF_4$ (d) $C_2H_4$

16. $NH_2^-$ का संयुग्मी क्षारक है [EAMCET 1998]
(a) $NH_3$ (b) $NH^{2-}$
(c) $NH_4^+$ (d) $N_3^-$

17. एक अम्ल की शक्ति उसकी इस प्रवृत्ति पर निर्भर करती है [MP PET 1996]
(a) प्रोटॉन ग्रहण करने की (b) प्रोटॉन दान करने की
(c) इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने की (d) इलेक्ट्रॉन त्यागने की

18. इनमें से कौन इलेक्ट्रॉन स्नेही नहीं है [RPET 1999]
(a) $AlCl_3$ (b) $BF_3$
(c) $(CH_3)_3C^+$ (d) $NH_3$

19. जल में अमोनिया गैस विलेय होकर $NH_4OH$. देती है, इस अभिक्रिया में जल व्यवहार करता है [CPMT 1990; MP PMT 1990]
(a) अम्ल का (b) क्षार का
(c) लवण का (d) संयुग्मी क्षार का

20. साम्य $CH_3COOH + HF \rightleftharpoons CH_3COOH_2^+ + F^-$ में [BHU 1987]
(a) $F^-$, $CH_3COOH$ का संयुग्मी अम्ल है
(b) $F^-$, $HF$ का संयुग्मी क्षार है
(c) $CH_3COOH$, $CH_3COOH_2^+$ का संयुग्मी अम्ल है
(d) $CH_3COOH_2^+$, $CH_3COOH$ का संयुग्मी क्षार है

21. निम्न में से कौनसा लुईस अम्ल नहीं है [IIT 1985]
(a) $BF_3$ (b) $AlCl_3$
(c) $BeCl_2$ (d) $NH_3$

22. निम्न में से कौनसा जल में घुलकर उदासीन विलयन देता है [Bihar MADT 1980]
(a) $(NH_4)_2SO_4$ (b) $Ba(NO_3)_2$
(c) $CrCl_3$ (d) $CuSO_4$

23. निम्न में से कौनसा प्रबलतम अम्ल है [AMU 1982]
(a) $H_3PO_4$ (b) $H_2SO_4$
(c) $HNO_2$ (d) $CH_3COOH$

24. लुईस अम्ल का उदाहरण है [MADT Bihar 1982; AMU 1982; MNR 1994; RPMT 1997; KCET 2000; Orissa JEE 2005]
(a) $NaCl$ (b) $MgCl_2$
(c) $AlCl_3$ (d) $SnCl_4$

25. साम्य $HClO_4 + H_2O \rightleftharpoons H_3O^+ + ClO_4^-$ में [BHU 1981, 86]
(a) $HClO_4$, $H_2O$ का संयुग्मी अम्ल है
(b) $H_2O$, $H_3O^+$ का संयुग्मी अम्ल है
(c) $H_3O^+$, $H_2O$ का संयुग्मी क्षार है
(d) $ClO_4^-$, $HClO_4$ का संयुग्मी क्षार है

26. निम्न में से कौनसा जल में आयनिक विलयन बनाता है [CPMT 1976; Kurukshetra CEE 1998]
(a) $CCl_4$ (b) $O_2$

(c) $NaBr$ (d) $CHBr_3$

27. जल में सोडियम बाइकार्बोनेट का विलयन परिवर्तित करता है [NCERT 1971]

(a) फिनॉल्फ्थैलीन को गुलाबी (b) मेथिल ओरेंज को पीला

(c) मेथिल ओरेंज को लाल (d) नीले लिटमस को लाल

28. परिभाषा के अनुसार प्रोटॉन दाता अम्ल कहलाता है, तो निम्न अभिक्रिया में अम्ल है $NH_3 + H_2O \rightarrow NH_4^+ + OH^-$ [Kerala (Med.) 2003]

(a) $NH_3$ (b) $H^+$

(c) $NH_4^+$ (d) $H_2O$

29. प्रोटॉनिक अम्लों के संदर्भ में निम्न में से कौनसा कथन सही है [CPMT 1990]

(a) $PH_3$, $NH_3$ से अधिक क्षारीय है

(b) $PH_3$, $NH_3$ से कम क्षारीय है

(c) $PH_3$, $NH_3$ से समान रूप से क्षारीय है

(d) $PH_3$ उभयधर्मी है जबकि $NH_3$ क्षारीय है

30. $NH_4OH$ दुर्बल क्षार है, क्योंकि [CPMT 1979]

(a) इसका वाष्पदाब कम होता है

(b) यह कम आयनीकृत होता है

(c) यह धातु का हाइड्रॉक्साइड नहीं है

(d) इसका घनत्व कम है

31. द्रव हाइड्रोजन फ्लुओराइड में $HNO_3$ व्यवहार दर्शाता है

(a) अम्ल का

(b) क्षार का

(c) न ही क्षार न ही अम्ल का

(d) अम्ल व क्षार दोनों का

32. $CuSO_4.5H_2O$ का जलीय विलयन नीले लिटमस पेपर को लाल में परिवर्तित करता है [CPMT 1979; MP PMT 1989]

(a) $Cu^{++}$ आयनों की उपस्थिति के कारण

(b) $SO_4^{--}$ आयनों की उपस्थिति के कारण

(c) जल अपघटन के कारण

(d) अपचयन के कारण

33. अभिक्रिया $HC_2O_4^- + PO_4^{---} \rightleftharpoons HPO_4^{--} + C_2O_4^{--}$ में कौन से दो ब्रॉन्सटेड क्षार हैं [MP PMT 1991]

(a) $HC_2O_4^-$ व $PO_4^{---}$ (b) $HPO_4^{--}$ व $C_2O_4^{--}$

(c) $HC_2O_4^-$ व $HPO_4^{--}$ (d) $PO_4^{---}$ व $C_2O_4^{--}$

34. निम्न में से कौनसा दुर्बलतम अम्ल है [CPMT 2001]

(a) $HF$ (b) $HCl$

(c) $HBr$ (d) $HI$

35. दुर्बल विद्युत–अपघट्य के वियोजन की कोटि बढ़ती है [CBSE PMT 1989; MP PMT 1997]

(a) तनुता बढ़ाने से (b) दाब बढ़ाने से

(c) तनुता घटाने से (d) इनमें से कोई नहीं

36. $H^+$ है [MADT Bihar 1983]

(a) लुईस अम्ल (b) लुईस क्षार

(c) ब्रॉन्सटेड लॉरी क्षार (d) इनमें से कोई नहीं

37. $H_3PO_4$ का वियोजन निम्न पदों में होता है [CPMT 1976; NCERT 1987]

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

38. डाईसोडियम हाइड्रोजन फॉस्फेट का जलीय विलयन है [MADT Bihar 1982]

(a) अम्लीय (b) उदासीन

(c) क्षारीय (d) इनमें से कोई नहीं

39. निम्न में से कौनसा संयुग्मी अम्ल–क्षार जोड़ा है [MADT Bihar 1984; DPMT 2001]

(a) $HCl$, $NaOH$ (b) $NH_4Cl$, $NH_4OH$

(c) $H_2SO_4$, $HSO_4^-$ (d) $KCN$, $HCN$

40. प्रबल अम्ल व दुर्बल क्षार का विलयन $(FeCl_3)$ है [MADT Bihar 1981; CPMT 1979, 83, 84]

(a) अम्लीय (b) क्षारीय

(c) उदासीन (d) इनमें से कोई नहीं

41. $HPO_3^{2-}$ का संयुग्मी अम्ल है [EAMCET 1989]

(a) $H_3PO_4$ (b) $H_3PO_3$

(c) $H_2PO_3^-$ (d) $PO_4^{3-}$

42. हाइड्रोजन आयन तथा हाइड्रॉक्सिल आयनों के मध्य अभिक्रिया को कहते हैं [MP PMT 1990]

(a) हाइड्रोजनीकरण (b) हाइड्रॉक्सिलीकरण

(c) जल अपघटन (d) उदासीनीकरण

43. निम्नलिखित में दुर्बलतम लुईस क्षारक है [NCERT 1981]

(a) $H^-$ (b) $OH^-$

(c) $Cl^-$ (d) $HCO_3^-$

44. अम्ल $A$ का $pKa$, अम्ल $B$ के $pKa$ की तुलना में अधिक है तो इनमें से प्रबल अम्ल है [DPMT 2000]

(a) अम्ल $B$ (b) अम्ल $A$

(c) $A$ और $B$ दोनों (d) न तो $A$ है और न ही $B$ है

45. $NH_2^-$ का संयुग्मी अम्ल है [IIT 1985; Roorkee 1995; EAMCET 1997;CBSE PMT PMT 2000; MP PET 1996,2000]

(a) $NH_3$ (b) $NH_4^+$

(c) $NH_2OH$ (d) $N_2H_4$

46. निम्न में से कौनसा कथन सत्य है [CPMT 1985]

(a) $NH_4Cl$ जल में क्षारीय विलयन देता है

(b) $CH_3COONa$ जल में अम्लीय विलयन देता है

(c) $CH_3COOH$ दुर्बल अम्ल है

(d) $NH_4OH$ प्रबल क्षार है

47. एक दुर्बल अम्ल का $pK_a$ किस तरह परिभाषित होगा [JIPMER 1999]

(a) $\log_{10} K_a$ (b) $\frac{1}{\log_{10} K_a}$

(c) $\log_{10} \frac{1}{K_a}$ (d) $-\log_{10} \frac{1}{K_a}$

48. एक लवण '$X$' $(pH = 7)$ जल में घोलने पर क्षारीय प्रकृति का विलयन बनाता है। लवण बना है [CPMT 1983]

(a) प्रबल अम्ल व प्रबल क्षार का

(b) प्रबल अम्ल व दुर्बल क्षार का

(c) दुर्बल अम्ल व दुर्बल क्षार का

(d) दुर्बल अम्ल व प्रबल क्षार का

49. निम्न में कौन एक अम्लीय लवण नहीं है [MNR 1984]

(a) $NaH_2PO_2$ (b) $NaH_2PO_3$

(c) $NaH_2PO_4$ (d) इनमें से कोई नहीं

50. एक सफेद पदार्थ विलयन में क्षारीय है। यह पदार्थ हो सकता है

[CPMT 1989]

(a) $Fe_2O_3$ (b) $Na_2CO_3$

(c) $NH_4Cl$ (d) $NaNO_3$

51. अमोनियम कार्बोनेट का जलीय विलयन होता है [MP PMT 1989]

(a) दुर्बल अम्ल (b) दुर्बल क्षार

(c) प्रबल अम्ल (d) न तो अम्ल और न ही क्षार

52. 100 *ml* 0.2 *M* $H_2SO_4$ में 100 *ml* 0.2 *M* $NaOH$. मिलाया गया, तब प्राप्त परिणामी विलयन होगा [BHU 1996]

(a) अम्लीय (b) क्षारीय

(c) उदासीन (d) अल्प क्षारीय

53. $H_3BO_3$ है [IIT Screening 2003]

(a) एक क्षारीय और दुर्बल लुईस अम्ल

(b) एक क्षारीय और दुर्बल ब्रॉन्स्टेड अम्ल

(c) एक क्षारीय और प्रबल लुईस अम्ल

(d) त्रिक्षारीय और दुर्बल ब्रॉन्स्टेड अम्ल

54. अभिक्रिया $SnCl_2 + 2Cl^- \rightarrow SnCl_4$, में लुईस अम्ल है [EAMCET 1987]

(a) $SnCl_2$ (b) $Cl^-$

(c) $SnCl_4$ (d) इनमें से कोई नहीं

55. लुईस क्षार है [RPMT 1997]

(a) $CO_2$ (b) $SO_3$

(c) $SO_2$ (d) $ROH$

56. 1 *M* सल्फ्यूरिक अम्ल का 10 *ml* पूर्णतः उदासीन करेगा

(a) 10 *ml* 1 *M* $NaOH$ विलयन को

(b) 10 *ml* 2 *M* $NaOH$ विलयन को

(c) 5 *ml* 2 *M* $KOH$ विलयन को

(d) 5 *ml* 1 *M* $Na_2CO_3$ विलयन को

57. निम्न में से कौन से यौगिक द्विप्रोटिक हैं [Pb. PMT 2000]

(a) $H_2PO_5$ (b) $H_2S$

(c) $HClO_3$ (d) $H_3PO_3$

58. 1*M* $NaOH$ के 100 *ml* और 10 *M* $H_2SO_4$, के 10 *ml* को मिलाकर तैयार किया गया विलयन होगा [AMU 2002]

(a) अम्लीय (b) क्षारीय

(c) उदासीन (d) प्रबल क्षारीय

59. *pH* सूचक होते हैं [KCET 1996]

(a) प्रबल अम्ल तथा प्रबल क्षार से बने लवण

(b) दुर्बल अम्ल तथा दुर्बल क्षार से बने लवण

(c) दुर्बल अम्ल अथवा दुर्बल क्षार

(d) प्रबल अम्ल अथवा प्रबल क्षार

60. निम्न में से कौनसा लुईस अम्ल नहीं है [BHU 1997]

(a) $BF_3$ (b) $AlCl_3$

(c) $FeCl_3$ (d) $PH_3$

61. जल में सोडियम एसीटेट का विलयन [MNR 1979]

(a) लाल लिटमस को नीले में बदलेगा

(b) नीले लिटमस को लाल में बदलेगा

(c) लिटमस को प्रभावित नहीं करेगा

(d) लिटमस को रंगहीन कर देगा

62. $Cl^-$ संयुग्मी क्षारक है ........ का [NCERT 1979; CPMT 1976; MP PET/PMT 1988]

(a) $HClO_4$ (b) $HCl$

(c) $HOCl$ (d) $HClO_3$

63. निम्न में से कौन लुईस व ब्रॉन्स्टेड क्षार दोनों की तरह व्यवहार करते हैं [MP PMT 2003]

(a) $BF_3$ (b) $Cl^-$

(c) $CO$ (d) इनमें से कोई नहीं

64. प्रबल क्षारक का संयुग्मी अम्ल है एक [EAMCET 1979]

(a) प्रबल अम्ल (b) दुर्बल अम्ल

(c) प्रबल क्षार (d) दुर्बल क्षारक

65. निम्न में से कौन सबसे दुर्बल अम्ल है [DPMT 2002]

(a) $HNO_3$ (b) $HClO_4$

(c) $H_2SO_4$ (d) $HBr$

66. $HPO_4^{2-}$ का संयुग्मी क्षार है [MP PMT 1995]

(a) $PO_4^{3-}$ (b) $H_2PO_4^-$

(c) $H_3PO_4$ (d) $H_4PO_3$

67. निम्न में से कौन लुईस अम्ल नहीं है [RPET/PMT 2002]

(a) $FeCl_3$ (b) $AlCl_3$

(c) $BCl_3$ (d) $NH_3$

68. (i) प्रबल अम्ल का संयुग्मी क्षार दुर्बल होता है,

(ii) एक अम्ल इलेक्ट्रॉन युग्म ग्राही होता है।

उपरोक्त कथन (i) और (ii) हैं

(a) सही (b) गलत

(c) (i) सही और (ii) गलत (d) (i) गलत और (ii) सही

69. किस के विलयन का *pH*, 7 से कम होगा [Pb. PMT 2002; MP PMT 2003]

(a) $FeCl_3$ (b) $NaCN$

(c) $NaOH$ (d) $NaCl$

70. अभिक्रिया $I_2 + I^- \rightarrow I_3^-$, में लुईस क्षार है [CPMT 1997; RPMT 2002; BCECE 2005]

(a) $I_2$ (b) $I^-$

(c) $I_3^-$ (d) इनमें से कोई नहीं

71. एक अम्ल की प्रबलता उसकी किस प्रवृत्ति पर निर्भर करती है [UPSEAT 2001]

(a) प्रोटॉन ग्रहण करने की (b) प्रोटॉन दान देने की

(c) इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने की (d) इलेक्ट्रॉन दान करने की

72. लुईस अम्ल–क्षारक सिद्धान्तानुसार उदासीनीकरण की अभिक्रिया होती है [NCERT 1977]

(a) लवण एवं जल का बनना

(b) अम्ल एवं क्षारक द्वारा प्रोटॉन के लिये स्पर्धा

(c) ऑक्सीकरण अपचयन

(d) उपसहसंयोजी बन्ध का बनना

73. वह लवण जो जल में उदासीन विलयन देगा [EAMCET 1981]

(a) $NH_4Cl$ (b) $NaCl$

(c) $Na_2CO_3$ (d) $K_3BO_3$

**74.** निम्न में से कौन ब्रॉन्स्टेड या लुईस अम्ल की तरह व्यवहार नहीं करता है [DCE 2001]

(a) $BF_3$ (b) $AlCl_3$

(c) $SnCl_4$ (d) $CCl_4$

**75.** निम्न में से कौनसा लवण जलीय विलयन में अम्लीय होता है [MP PET 2002]

(a) $CH_3COONa$ (b) $NH_4Cl$

(c) $NaCl$ (d) $CH_3COONH_4$

**76.** निम्नलिखित में से कौन–सा निर्जल लवण जल के सम्पर्क में आने पर नीला हो जायेगा [AMU 1981, 82]

(a) फैरस सल्फेट (b) कॉपर सल्फेट

(c) जिंक सल्फेट (d) कोबाल्ट सल्फेट

**77.** वह प्रजाति जो अम्ल व क्षारक दोनों की ही तरह कार्य करती है [AIEEE 2002; KCET 2005]

(a) $HSO_4^-$ (b) $SO_4^{2-}$

(c) $H_3O^+$ (d) $Cl^-$

**78.** निम्न स्पीशीज में प्रबलतम क्षार होगा [KCET 1996]

(a) $NH^{2-}$ (b) $OH^-$

(c) $O^{2-}$ (d) $S^{2-}$

**79.** लुईस अम्ल है [CPMT 1997]

(a) $Cl^-$ (b) $Ag^+$

(c) $C_2H_5OH$ (d) $S^{2-}$

**80.** $H_2PO_4^-$ का संयुग्मी अम्ल है [MP PET 1990]

(a) $H_3PO_4$ (b) $H_2PO_4^-$

(c) $PO_4^{3-}$ (d) $H_3O^+$

**81.** $S_2O_8^{2-}$ का संयुग्मी अम्ल है [EAMCET 1984]

(a) $H_2S_2O_8$ (b) $H_2SO_4$

(c) $HSO_4^-$ (d) $HS_2O_8^-$

**82.** अभिक्रिया $BCl_3 + PH_3 \rightarrow Cl_3B - PH_3$, में लुईस क्षार है [EAMCET 1986]

(a) $BCl_3$ (b) $PH_3$

(c) $Cl_3B - PH_3$ (d) इनमें से कोई नहीं

**83.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है [MP PMT 1996]

(a) किसी प्रबल अम्ल का संयुग्मी क्षारक प्रबल क्षारक होता है

(b) किसी दुर्बल अम्ल का संयुग्मी क्षारक प्रबल क्षारक होता है

(c) किसी दुर्बल अम्ल का संयुग्मी क्षारक दुर्बल क्षारक होता है

(d) क्षारक और उसका संयुग्मी अम्ल क्रिया करके उदासीन विलयन बनाता है

**84.** $OH^-$ का संयुग्मी क्षार है [AIEEE 2005]

(a) $O_2$ (b) $H_2O$

(c) $O^-$ (d) $O^{2-}$

**85.** निम्नलिखित में से कौन लुईस क्षार है [BHU 1995]

(a) $CH_4$ (b) $C_2H_5OH$

(c) एसीटोन (d) द्वितीयक एमीन

**86.** अम्लों की प्रबलता का सही क्रम है। [CBSE PMT 2005]

(a) $HClO < HClO_2 < HClO_3 < HClO_4$

(b) $HClO_4 < HClO < HClO_2 < HClO_3$

(c) $HClO_2 < HClO_3 < HClO_4 < HClO$

(d) $HClO_4 < HClO_3 < HClO_2 < HClO$

**87.** निम्न में से कौन प्रबलतम अम्ल है [DPMT 2000]

(a) $H_3AsO_4$ (b) $H_3AsO_3$

(c) $H_3PO_3$ (d) $H_3PO_4$

**88.** निम्न में से कौनसा प्रबलतम क्षार है [Roorkee 2000]

(a) $C_2H_5^-$ (b) $C_2H_5COO^-$

(c) $C_2H_5O^-$ (d) $OH^-$

**89.** निम्न में से किसका जलीय विलयन क्षारीय है [MP PMT 2001]

(a) $HOCl$ (b) $NaHSO_4$

(c) $NH_4NO_3$ (d) $NaOCl$

**90.** निम्न में से कौन दुर्बलतम क्षारक है [IIT 1980]

(a) $NaOH$ (b) $Ca(OH)_2$

(c) $NH_4OH$ (d) $KOH$

**91.** प्रबल अम्ल तथा दुर्बल क्षार के लिये उचित सूचक है [RPMT 1997; UPSEAT 2002]

(a) मेथिल ऑरेन्ज (b) मेथिल रेड

(c) फिनॉल रेड (d) फिनॉल्फ्थैलीन

**92.** निम्नलिखित अम्लों में से दुर्बलतम है [NCERT 1984]

(a) $HF$ (b) $HCl$

(c) $HBr$ (d) $HI$

**93.** अभिक्रिया $HCl + HF \rightarrow H_2^+Cl + F^-$ में $HCl$ यौगिक व्यवहार करता है [JIPMER 2001]

(a) दुर्बल क्षार की तरह (b) दुर्बल अम्ल की तरह

(c) प्रबल क्षार की तरह (d) प्रबल अम्ल की तरह

**94.** प्रबल अम्ल का संयुग्मी क्षारक है [EAMCET 1978]

(a) प्रबल क्षारक (b) प्रबल अम्ल

(c) दुर्बल अम्ल (d) दुर्बल क्षार

**95.** निम्न में से कौनसा प्रबलतम अम्ल है [BHU 2005]

(a) $H(ClO)O_2$ (b) $H(ClO)O_3$

(c) $H(ClO)O$ (d) $H(ClO)$

**96.** $2H_2O \rightleftarrows H_3O^+ + OH^-$, इस अभिक्रिया में जल है [MP PET 1989]

(a) एक दुर्बल क्षार

(b) एक दुर्बल अम्ल

(c) दुर्बल अम्ल एवं दुर्बल क्षार दोनों

(d) न तो अम्ल और न ही क्षार

**97.** $HCl + H_2O \rightleftharpoons H_3O^+ + Cl^-$ अभिक्रिया में [NCERT 1978; EAMCET 1982, 89]

(a) $H_2O$, $HCl$ अम्ल का संयुग्मी क्षारक है

(b) $Cl^-$, $HCl$ अम्ल का संयुग्मी क्षारक है

(c) $Cl^-$, $H_2O$ क्षारक का संयुग्मी अम्ल है

(d) $H_3O^+$, $HCl$ का संयुग्मी क्षारक है

**98.** लुईस की धारणा के अनुसार अम्ल एक पदार्थ है जो [EAMCET 1981; NCERT 1981; CPMT 1986; MP PMT 1987]

(a) प्रोटॉन ग्रहण करेगा

(b) प्रोटॉन दान करेगा

(c) एक एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म ग्रहण करेगा
(d) एक एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म दान करेगा

99. जल है एक [KCET 2002]
(a) उभयधर्मी अम्ल (b) एप्रोटिक विलायक
(c) प्रोटॉन विरोधी विलायक (d) इनमें से कोई नहीं

100. $NH_3$ का संयुग्मी क्षारक है [RPMT 2002]
(a) $NH_4^{\oplus}$ (b) $NH_2^{\oplus}$
(c) $NH_2^{\ominus}$ (d) $N_2$

101. निम्नलिखित में से कौन–सी स्पीशीज अम्ल है तथा दूसरे अम्ल का संयुग्मी क्षारक भी है [NCERT 1981]
(a) $HSO_4^-$ (b) $H_2SO_4$
(c) $OH^-$ (d) $H_3O^+$

102. निम्न में से कौन लुईस अम्ल है [NCERT 1978; EAMCET 1987; MP PET 1994; CPMT 1990; AFMC 1997; RPMT 1999]
(a) $BF_3$ (b) $Cl^-$
(c) $H_2O$ (d) $NH_3$

103. ब्रॉन्स्टेड लॉरी धारणा के अनुसार, क्षारक वह पदार्थ है जिसमें है [NCERT 1982; RPMT 1997 AFMC 1999]
(a) एक प्रोटॉन दाता
(b) एक इलेक्ट्रॉन युग्म ग्राही
(c) एक प्रोटॉन ग्राही
(d) एक इलेक्ट्रॉन युग्म दाता

104. निम्न में से कौन हाइड्रोनियम आयन कहलाता है [NCERT 1976]
(a) $H^+$ (b) $H_2O^+$
(c) $H_3O^+$ (d) $H_2O_2^+$

105. एल्यूमीनियम सल्फेट का जलीय विलयन प्रदर्शित करेगा [NCERT 1977]
(a) अम्लीय अभिक्रिया
(b) उदासीन अभिक्रिया
(c) क्षारीय अभिक्रिया
(d) अम्लीय एवं क्षारीय दोनों अभिक्रियायें

106. एल्यूमीनियम क्लोराइड के जलीय विलयन की अम्लीयता का कारण है [MNR 1986, 88]
(a) धनायन जल–अपघटन
(b) ऋणायन जल–अपघटन
(c) ऋणायन एवं धनायन दोनों का जल–अपघटन
(d) वियोजन

107. ........... का $HSO_4^-$ संयुग्मी क्षारक है [NCERT 1977]
(a) $H^+$ (b) $H_2SO_3$
(c) $SO_4^{2-}$ (d) $H_2SO_4$

108. अम्ल वह यौगिक है, जो देता है (ब्रॉन्स्टेड–लॉरी धारणा) [EAMCET 1975]
(a) एक इलेक्ट्रॉन
(b) एक प्रोटॉन
(c) एक इलेक्ट्रॉन तथा एक प्रोटॉन
(d) इनमें से कोई नहीं

109. सल्फ्यूरिक अम्ल का संयुग्मी क्षार है [EAMCET 1974]
(a) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (b) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(c) बाइसल्फेट आयन (d) बेरियम हाइड्रॉक्साइड

110. निम्न में से कौन–सा प्रबलतम लुईस क्षार है [CPMT 1994]
(a) $SbH_3$ (b) $AsH_3$
(c) $PH_3$ (d) $NH_3$

111. ब्रॉन्स्टेड सिद्धान्त के अनुसार $HNO_3$ के जलीय विलयन में होगा [MP PMT/PET 1988]
(a) $NO_2^-$ (b) $NO_3^-$
(c) $NO_2^+$ (d) $NO^+$

112. अम्ल के जलीय विलयन में ......... की उपस्थिति अभिलक्षण है [NCERT 1977]
(a) $H^+$ आयन (b) $H_2^+$ आयन
(c) $H_3O^+$ आयन (d) $H_4O^+$ आयन

113. अमोनियम आयन है [RPMT 1999; KCET 2002]
(a) न तो अम्ल न ही क्षारक है (b) अम्ल और क्षारक दोनों ही है
(c) एक संयुग्मी अम्ल है (d) एक संयुग्मी क्षारक है

114. $AlCl_3$ का जलीय विलयन है [RPMT 2002]
(a) अम्लीय (b) क्षारीय
(c) उभयधर्मी (d) इनमें से कोई नहीं

115. वह प्रजाति जो लुईस अम्ल की तरह व्यवहार करती है, लेकिन ब्रॉन्स्टेड अम्ल नहीं है [MP PMT 1999; Kurukshetra CET 2002]
(a) $NH_2^-$ (b) $O^{2-}$
(c) $BF_3$ (d) $OH^-$

116. निम्न में से कौनसा दुर्बल क्षार है [MP PMT 2002]
(a) $H^-$ (b) $CH_3^-$
(c) $CH_3O^-$ (d) $Cl^-$

117. निम्न में से कौन लुईस क्षार नहीं है [EAMCET 1975; RPMT 2002]
(a) $NH_3$ (b) $PH_3$
(c) $(CH_3)_3N$ (d) $HN_3$

118. सर्वाधिक प्रबलता वाले अम्ल का $pK_a$ मान निम्न में से है [MP PMT 1990]
(a) 3.0 (b) 4.5
(c) 1.0 (d) 2.0

119. जल में सबसे अधिक अम्लीय यौगिक है [CBSE PMT 2001]
(a) $AlCl_3$ (b) $BeCl_2$
(c) $FeCl_3$ (d) इनमें से कोई नहीं

120. $BF_3$ के किस गुण के कारण इसका उपयोग अनेक उद्योगों में उत्प्रेरक के रूप में किया जाता है [Kerala (Med.) 2002]
(a) प्रबल अपचायक
(b) दुर्बल अपचायक
(c) प्रबल लुईस अम्लीय प्रकृति

(d) दुर्बल लुईस अम्लीय प्रकृति

121. $AlCl_3$ का जलीय विलयन निम्न में जल अपघटित होने के कारण अम्लीय होता है [UPSEAT 2001, 02]

(a) एल्यूमीनियम आयन
(b) क्लोराइड आयन
(c) एल्यूमीनियम और क्लोराइड दोनों आयन
(d) इनमें से कोई नहीं

122. निम्न में से कौन जल में कम आयनन प्रदर्शित करता है [MH CET 2001]

(a) $H_2SO_4$ (b) $NaCl$
(c) $HNO_3$ (d) $NH_3$

123. कोसीन जो कि एक कार्बनिक रंजक है, अवक्षेपण अनुमापन में यह अधिशोषण के द्वारा अंतिम बिंदु को ज्ञात करता है। यह कहलाता है [MH CET 1999]

(a) अवशोषण सूचक (b) अधिशोषण सूचक
(c) रासायनिक सूचक (d) इनमें से कोई नहीं

124. आयोडीन व सोडियम थायोसल्फेट के अनुमापन में प्रयुक्त सूचक है [AFMC 2002]

(a) स्टार्च (b) $K_3Fe(CN)_6$
(c) $K_2CrO_4$ (d) पोटेशियम

125. किसके अनुमापन में फिनॉल्फ्थैलीन सूचक की तरह कार्य नहीं करता है [Pb. PMT 2002]

(a) $NaOH$ और $CH_3COOH$
(b) $H_2C_2O_4$ और $KMnO_4$
(c) $Ba(OH)_2$ और $HCl$
(d) $KOH$ और $H_2SO_4$

126. निम्न में से कौनसा उदाहरण ब्रॉन्स्टेड–लॉरी सिद्धांत का नहीं है [AIEEE 2003]

(a) $AlCl_3$ (b) $H_2SO_4$
(c) $SO_2$ (d) $HNO_3$

127. सोडियम कार्बोनेट का जलीय विलयन क्षारीय होता है, क्योंकि सोडियम कार्बोनेट लवण है [MP PET 2002]

(a) दुर्बल अम्ल और दुर्बल क्षार का
(b) प्रबल अम्ल और दुर्बल क्षार का
(c) दुर्बल अम्ल और प्रबल क्षार का
(d) प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार का

128. एक क्षार के द्वारा प्रोटॉन ग्रहण करने पर बना हुआ अम्ल कहलाता है [Kerala (Med.) 2002]

(a) अम्ल का संयुग्मी क्षार
(b) संयुग्मी प्रोटोनीकृत क्षार
(c) लुईस क्षार
(d) क्षार का संयुग्मी अम्ल
(e) इनमें से कोई नहीं

129. अमोनिया गैस जल में घुलकर $NH_4OH$ बनाती है। इस अभिक्रिया में जल व्यवहार करता है [KCET (Engg./Med.) 1999]

(a) एक संयुग्मी क्षार की तरह
(b) एक अध्रुवीय विलायक की तरह
(c) एक अम्ल की तरह
(d) एक क्षार की तरह

130. $H_2SO_4 + H_2O \rightleftharpoons H_3O^+ + HSO_4^-$ इस अभिक्रिया में कौन संयुग्मी क्षारक है [DCE 1999]

(a) $H_2O$ (b) $HSO_4^-$
(c) $H_3O^+$ (d) $SO_2$

131. एल्यूमीनियम सल्फेट का जलीय विलयन प्रदर्शित करता है [DPMT 2001]

(a) एक क्षारीय प्रकृति
(b) एक अम्लीय प्रकृति
(c) एक उदासीन प्रकृति
(d) अम्लीय और क्षारीय दोनों ही प्रकृति

132. एक अम्ल से क्षार के उदासीनीकरण का परिणाम अपरिवर्तनीय रूप से बनाता है [CPMT 1983]

(a) $H_3O^+$ (b) $OH^-$
(c) $H_2O$ (d) $H^+$ एवं $OH^-$

133. $HPO_4^{2-}$ आयन का संयुग्मी अम्ल होगा [MP PMT 1987, 90, 91; EAMCET 1993]

(a) $H_2PO_4^-$ (b) $PO_4^{3-}$
(c) $H_3PO_4$ (d) $H_3PO_3$

134. निम्न में से किसका उपयोग लुईस अम्ल की तरह नहीं करते हैं [MP PET 2000]

(a) $SnCl_4$ (b) $FeCl_3$
(c) $KCl$ (d) $BF_3$

135. ऑर्थोबोरिक अम्ल जलीय माध्यम में है [AMU 2000]

(a) एक क्षारकीय (b) द्विक्षारकीय
(c) त्रिक्षारकीय (d) सभी सही हैं

136. लुईस के सिद्धान्तानुसार निम्न में से कौनसा क्षार नहीं है [MP PET/PMT 1988; Pb. CET 2003]

(a) $OH^-$ (b) $H_2O$
(c) $Ag^+$ (d) $NH_3$

137. अमोनियम क्लोराइड का जलीय विलयन होता है [CPMT 1987]

(a) उदासीन (b) क्षारीय
(c) अम्लीय (d) उभयधर्मी

138. प्रक्रम $BCl_3 + PH_3 \rightarrow BCl_3 : PH_3$ में लुईस अम्ल है [RPMT 2000]

(a) $PH_3$ (b) $BCl_3$
(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

139. $NH_3$ का संयुग्मी अम्ल है [BHU Varanasi 1999; Pb. PMT 2004]

(a) $NH_3$ (b) $NH_4^+$
(c) $N_2H_4$ (d) $NH_2OH$

140. नाइट्रोजन का कौनसा हैलाइड न्यूनतम क्षारीय है [DPMT 2001]

(a) $NBr_3$ (b) $NI_3$
(c) $NCl_3$ (d) $NF_3$

141. जब $FeCl_3$ को जल में विलेय करते हैं तो इसका विलयन कौन–सा गुण प्रदर्शित करता है [MP PET/PMT 1988]

(a) उभयधर्मी (b) अम्लीय
(c) क्षारीय (d) उदासीन

142. लुईस अम्ल उन पदार्थों को कहते हैं [MP PMT 1987]
(a) जो इलेक्ट्रॉन–युग्म ग्रहण करते हैं
(b) जो विलयन में $H^+$ आयन देते हैं
(c) जो इलेक्ट्रॉन–युग्म देते हैं
(d) जो $OH^-$ आयन ग्रहण करते हैं

143. $HCO_3^-$ का संयुग्मी क्षारक है
(a) $H_2CO_3$ (b) $CO_3^{2-}$
(c) $CO_2$ (d) $H_2O$

144. अभिक्रिया $NH_3 + BF_3 \rightleftharpoons NH_3 \rightarrow BF_3$, में $BF_3$ [MP PMT 1989; MHCET 2001]
(a) लुईस अम्ल
(b) लुईस क्षार
(c) न तो लुईस अम्ल और न ही लुईस क्षारक
(d) लुईस अम्ल और लुईस क्षारक दोनों

145. निम्न में से प्रबलतम लुईस क्षारक है [MP PET/PMT 1988]
(a) $CH_3^-$ (b) $F^-$
(c) $NH_2^-$ (d) $OH^-$

146. $CuSO_4$ का जलीय विलयन होता है [CPMT 1985]
(a) अम्लीय (b) क्षारीय
(c) उदासीन (d) उभयधर्मी

147. निम्न में से किस अम्ल का $pK_a$ मान सबसे अधिक है [JIPMER 2002]
(a) $HCOOH$ (b) $CH_3COOH$
(c) $ClCH_2COOH$ (d) $FCH_2COOH$

148. सोडियम कार्बोनेट और सल्फ्यूरिक अम्ल के अनुमापन में प्रयुक्त सूचक है [DPMT 2001]
(a) फिनॉल्फ्थैलीन (b) मेथिल ऑरेंज
(c) पोटेशियम फैरोसाइनाइड (d) पोटेशियम फैरीसाइनाइड

149. ब्रॉन्स्टेड सिद्धान्त के अनुसार जल है [MP PET/PMT 1988]
(a) क्षारक (b) अम्ल
(c) अम्ल और क्षारक दोनों (d) लवण

150. $OH^-$ क्षारक निम्न में से किससे प्राप्त किया जा सकता है [MP PET/PMT 1988]
(a) $H_2O$ (b) $H_3O^+$
(c) $H_2$ (d) $HCl$

151. $HBr$ का संयुग्मी क्षार है [MP PET/PMT 1988]
(a) $H_2Br^+$ (b) $H^+$
(c) $Br^-$ (d) $Br^+$

152. $HCl$ के साथ $NaOH$ की उदासीनीकरण की मोलर ऊष्मा $HNO_3$ के साथ $KOH$ की तुलना में है [MP PMT 1989]
(a) कम (b) अधिक
(c) बराबर (d) दाब पर निर्भर है

153. निम्न में से कौनसा लुईस अम्ल नहीं है [J & K 2005]
(a) $BF_3$ (b) $AlCl_3$
(c) $HCl$ (d) $LiAlH_4$

154. ऐसा विलायक जो न तो प्रोटॉन देता है न ही प्रोटॉन ग्रहण करता है, कहलाता है [RPMT 2000]
(a) उभयधर्मी (b) उदासीन
(c) एप्रोटिक (d) एम्फीप्रोटिक

155. जलीय विलयन में अभिक्रिया $Zn^{2+} + X^- \rightleftharpoons ZnX^+$, के लिये $K_{eq}$ अधिकतम होगा, जब $X$ है [Pb. PMT 1998]
(a) $F^-$ (b) $NO_3^-$
(c) $ClO_4^-$ (d) $I^-$

156. अम्ल–क्षार अनुमापन में प्रबल अम्लों को मानक विलयन के रूप में क्यों उपयोग किया जाता है [Pb. PMT 1998]
(a) अंतिम बिंदु पर $pH$ सदैव 7 होगा
(b) प्रबल एवं दुर्बल क्षारों दोनों के अनुमापन में उनका प्रयोग किया जा सकता है
(c) प्रबल अम्ल, दुर्बल अम्लों की अपेक्षा अधिक स्थायी विलयन बनाते हैं
(d) प्रबल अम्लों के लवण का जल अपघटन नहीं होता

157. जलीय विलयन के लिए, अम्लों की विशिष्ट प्रजाति है [RPMT 1999]
(a) $H^+$ आयन (b) $H_3O^+$ आयन
(c) $H_2^+$ आयन (d) $H_4O^+$ आयन

158. लुईस क्षार कौनसा है [CPMT 1988; JEE Orissa 2004]
(a) $B_2H_6$ (b) $LiAlH_4$
(c) $AlH_3$ (d) $NH_3$

159. दुर्बल अम्ल के लिए असत्य कथन है [Pb. PMT 2004]
(a) इसका वियोजन स्थिरांक निम्न है
(b) इसका $pK_a$ बहुत निम्न है
(c) यह आंशिक वियोजित होता है
(d) इसके सोडियम लवण का विलयन जल में क्षारीय होता है

160. बोरॉन हैलाइड्स लुईस अम्लों की तरह व्यवहार करते हैं क्योंकि वे होते हैं [CBSE PMT 1996; BHU 2004]
(a) आयनिक प्रकृति के (b) अम्लीय प्रकृति के
(c) सहसंयोजक प्रकृति के (d) इलेक्ट्रॉन न्यून प्रकृति के

161. क्या गैसीय $HCl$ अरहीनियस अम्ल की तरह विचारणीय होगा [UPSEAT 2004]
(a) हाँ
(b) नहीं
(c) ज्ञात नहीं
(d) गैसीय $HCl$ अस्तित्व में नहीं है

162. निम्न में से कौनसा एक उभयधर्मी विलायक कहलाता है [UPSEAT 2004]
(a) अमोनियम हाइड्रॉक्साइड (b) क्लोरोफॉर्म
(c) बेंजीन (d) जल

163. प्रबलतम संयुग्मी क्षार है [DPMT 2004]
(a) $Cl^-$ (b) $Br^-$
(c) $F^-$ (d) $I^-$

164. $H_2PO_4^-$ का संयुग्मी क्षार है [AIEEE 2004]

(a) $H_3PO_4$ (b) $P_2O_5$

(c) $PO_4^{3-}$ (d) $HPO_4^{2-}$

165. $HSO_4^-$ का संयुग्मी क्षार है [MH CET 2004]

(a) $SO_4^{2-}$ (b) $H_2SO_4$

(c) $H_3SO_4^+$ (d) इनमें से कोई नहीं

## समआयन प्रभाव, समहाइड्रिक विलयन, विलेयता गुणनफल, जल का आयनिक गुणनफल एवं लवण जल अपघटन

1. $Al_2(SO_4)_3$ के विलेयता गुणनफल का व्यंजक है

(a) $K_{sp}=[Al^{3+}](SO_4^{2-}]$ (b) $K_{sp}=[Al^{3+}]^2(SO_4^{2-}]^3$

(c) $K_{sp}=[Al^{3+}]^3(SO_4^{2-}]^2$ (d) $K_{sp}=[Al^{3+}]^2(SO_4^{2-}]^2$

2. अमोनियम हाइड्रॉक्साइड विलयन में अमोनियम क्लोराइड मिलाने पर [CPMT 1976, 80, 81, 99; NCERT 1976, 77; MP PMT 1989, 99; DPMT 1983]

(a) $NH_4OH$ का वियोजन बढ़ता है

(b) $OH^-$ का सान्द्रण बढ़ता है

(c) $OH^-$ का सान्द्रण घटता है

(d) $NH_4^+$ एवं $OH^-$ का सान्द्रण बढ़ता है

3. सामान्य सूत्र $MX_2$, वाले लवण का जल में विलेयता गुणनफल $4\times10^{-12}$ है। लवण के जलीय विलयन में $M^{2+}$ आयन की सान्द्रता होगी [AIEEE 2005]

(a) $2.0\times10^{-6}M$ (b) $1.0\times10^{-4}M$

(c) $1.6\times10^{-4}M$ (d) $4.0\times10^{-10}M$

4. किसी विद्युत–अपघट्य के संतृप्त विलयन में उसके आयनों की सान्द्रताओं का गुणनफल, स्थिर ताप पर स्थिर होता है और विद्युत अपघट्य का यह स्थिरांक कहलाता है [CPMT 1983]

(a) आयनिक गुणनफल (b) विलेयता गुणनफल

(c) आयनन स्थिरांक (d) वियोजन स्थिरांक

5. $25°C$ ताप पर यदि एक अल्प विलेय लवण $MX_2$ का विलेयता गुणनफल $K_{sp}$ $1.0\times10^{-11}$ है। इसी ताप पर इस लवण की मोल/लीटर में विलेयता होगी [RPMT 2000]

(a) $2.46\times10^{14}$ (b) $1.36\times10^{-4}$

(c) $2.60\times10^{-7}$ (d) $1.20\times10^{-10}$

6. जल के आयनिक गुणनफल $K_w$ की इकाई है [UPSEAT 2001, 02]

(a) मोल$^{-1}$ लीटर$^{-1}$ (b) मोल$^{-2}$ लीटर$^{-2}$

(c) मोल$^{-2}$ लीटर$^{-1}$ (d) मोल$^{2}$ लीटर$^{-2}$

7. एक विलयन में $Mn^{2+}, Fe^{2+}, Zn^{2+}$ और $Hg^{2+}$ प्रत्येक के $10^{-3}M$ हैं, इनको $10^{-16}M$ सल्फाइड आयनों के साथ अभिकृत करवाया जाता है, यदि $MnS, FeS, ZnS$ और $HgS$ के $K_{sp}$ क्रमशः $10^{-15}, 10^{-23}, 10^{-20}$ और $10^{-54}$ हैं, तो सबसे पहले कौन अवक्षेपित होगा [IIT Screening 2003]

(a) $FeS$ (b) $MgS$

(c) $HgS$ (d) $ZnS$

8. यदि $Mg(OH)_2$ के जलीय विलयन की विलेयता $x$ है, तो इसका विलेयता गुणनफल $k_{sp}$ होगा [AIEEE 2002]

(a) $4x^3$ (b) $108x^5$

(c) $27x^4$ (d) $9x$

9. $25°C$ पर $BaSO_4$ का विलेयता गुणनफल $1.0\times10^{-9}$ है तो $0.01\,M\,Ba^{2+}$ आयनों के विलयन से $BaSO_4$ के अवक्षेपण के लिए $H_2SO_4$ का आवश्यक सान्द्रण क्या होगा [RPMT 1999]

(a) $10^{-9}$ (b) $10^{-8}$

(c) $10^{-7}$ (d) $10^{-6}$

10. यदि एक अल्प विलेय लवण $AB_2$ की जल में विलेयता $1.0\times10^{-5}$ मोल लीटर$^{-1}$ है तो इसका विलेयता गुणनफल होगा [AIEEE 2003]

(a) $4\times10^{-15}$ (b) $4\times10^{-10}$

(c) $1\times10^{-15}$ (d) $1\times10^{-10}$

11. यदि $CaF_2$ की विलेयता मोल/लीटर में है तो इसका विलेयता गुणनफल होगा [Orissa JEE 2002]

(a) $s^2$ (b) $4s^3$

(c) $3s^2$ (d) $s^3$

12. $NaCl$, के संतृप्त विलयन में $HCl$ गैस प्रवाहित करने पर $NaCl$ की विलेयता [CPMT 1989; CBSE PMT 1989]

(a) बढ़ती है (b) घटती है

(c) अपरिवर्तित रहती है (d) $NaCl$ अपघटित हो जाता है

13. $Ag_2CrO_4$ के विलेयता गुणनफल स्थिरांक का सही निरूपण है [NCERT 1974, 75]

(a) $[Ag^+]^2[CrO_4^{-2}]$ (b) $[Ag^+][CrO_4^{-2}]$

(c) $[2Ag^+][CrO_4^{-2}]$ (d) $[2Ag^+]^2[CrO_4^{-2}]$

14. $CaF_2$ की विलेयता $2\times10^{-4}$ मोल/लीटर है। इसका विलेयता गुणनफल $(K_{sp})$ है [NCERT 1981; BHU 1983, 86; MP PET 1992; CBSE PMT 1999]

(a) $2.0\times10^{-4}$ (b) $4.0\times10^{-3}$

(c) $8.0\times10^{-12}$ (d) $3.2\times10^{-11}$

15. एक सल्फाइड $MS$ का विलेयता गुणनफल $3\times10^{-25}$ है तथा एक दूसरे $NS$ सल्फाइड का $4\times10^{-40}$ है। अमोनियाकृत विलयन में [NCERT 1981]

(a) केवल $NS$ अवक्षेपित होगा

(b) केवल $MS$ अवक्षेपित होगा

(c) कोई भी सल्फाइड अवक्षेपित नहीं होगा

(d) दोनों सल्फाइड अवक्षेपित होंगे

16. निम्नलिखित में से कौनसा लवण जल में घोलने पर जल–अपघटित होगा [MNR 1985; CPMT 1989; CBSE PMT 1989; MP PET 1999]

(a) $NaCl$ (b) $NH_4Cl$

(c) $KCl$ (d) $Na_2SO_4$

17. $FeCl_3$ के जलीय विलयन के अम्लीय होने का कारण है

[CPMT 1972, 79, 83, 84; MP PET/PMT 1988; RPMT 2000]

(a) अम्लीय अशुद्धियाँ (b) आयनीकरण
(c) जल–अपघटन (d) वियोजन

18. जब निम्नलिखित समान आयतन में मिश्रित होते हैं तब $AgCl$ का अवक्षेप निर्मित होता है [$AgCl$ के लिये $K_{sp}=10^{-10}$] [KCET 2005]

(a) $10^{-4} M\ AgNO_3$ एवं $10^{-7} M\ HCl$
(b) $10^{-5} M\ AgNO_3$ एवं $10^{-6} M\ HCl$
(c) $10^{-5} M\ AgNO_3$ एवं $10^{-4} M\ HCl$
(d) $10^{-6} M\ AgNO_3$ एवं $10^{-6} M\ HCl$

19. 0.01 $M$ $K_2CrO_4$ में सिल्वर क्रोमेट की विलेयता $2\times10^{-8}$ मोल डेसी मीटर$^{-3}$ है, तो सिल्वर क्रोमेट का विलेयता गुणनफल होगा [MH CET 2000]

(a) $8\times10^{-24}$ (b) $16\times10^{-24}$
(c) $1.6\times10^{-18}$ (d) $16\times10^{-18}$

20. कुछ लवणों में दो विभिन्न धातु तत्व होते हैं, जिनमें से केवल एक ही विलयन में परीक्षण देता है। ऐसे लवण होते हैं [MNR 1979]

(a) द्विक लवण (b) साधारण लवण
(c) संकर लवण (d) क्षारीय लवण

**13.** (a) हैलोजन परमाणु का आकार जितना बड़ा होता है $B$ के रिक्त $2p$ कक्षक में इलेक्ट्रॉनों का पश्चदान उतना ही कम होता है।

**14.** (d) $H_2O + NH_3 \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-$

**16.** (b) $NH_2^- \rightleftharpoons NH^{-2} + H^+$

संयुग्मी अम्ल, क्षार युग्म।

**17.** (b) वे पदार्थ जो प्रोटॉन त्यागते हैं उन्हें अम्ल कहते हैं

जैसे-प्रबल अम्लों में प्रोटॉन त्यागने की प्रवृति अधिक होती है।

**18.** (d) इलेक्ट्रॉन दान करने वाली प्रजातियों को न्यूक्लियोफाइल (नाभिक स्नेही) कहते हैं । $NH_3$ में एकाकी इलेक्ट्रॉनयुग्म होता है।

**19.** (a) $H_2O$ अम्ल की तरह कार्य करता है क्योंकि यह $NH_3$ को $H^+$ देता है।

**20.** (b) $CH_3COOH + HF \rightleftharpoons CH_3COOH_2^+ + F^-$

$HF$, $CH_3COOH$ . को $H^+$ आयन देता है। इसलिये यह HF का संयुग्मी क्षार है।

**22.** (b) $Ba(NO_3)_2$ का जल अपघटन नहीं होता।

**23.** (b) $H_2SO_4$ एक खनिज अम्ल है।

**24.** (c) क्योंकि यह इलेक्ट्रॉन युग्मग्राही है । इसके केन्द्रीय परमाणु में रिक्त $d$- ऑर्बिटल होता है।

**25.** (d) $HClO_4$ एक अम्ल है और $ClO_4^-$ इसका संयुग्मी क्षार है।

**26.** (c) यह पूर्णतः आयनित होता है क्योंकि इसका आयनन उच्च होता है।

**27.** (c) $HCO_3^-$ आयन के जल अपघटन के कारण, $NaHCO_3$ जल में क्षारीय प्रकृति का होता है $NaCO_3 \rightleftharpoons Na^+ + HCO_3^-$

**28.** (d) इस अभिक्रिया में $H_2O$ अम्ल की तरह कार्य करता है।

**29.** (b) हाइड्राइडो का क्षारीय गुण समूह में नीचे आने पर घटता है

**30.** (b) इसका आयनन बहुत कम है।

**32.** (c) $Cu^{2+}$ का जल अपघटन विलयन में $H^+$ आयन उत्पन्न करता है

$Cu^{2+} + 2H_2O \rightarrow Cu(OH)_2 + 2H^+$

**33.** (d) दोनों में प्रोटॉन ग्रहण करने की प्रवृत्ति होती है।

**34.** (a) $HF$ आसानी से प्रोटॉन नहीं देता है।

**35.** (a) दुर्बल विद्युत अपघट्यों में वियोजन की कोटि बहुत कम होती है । इसलिए तनुता बढ़ाने पर यह बढ़ती है।

**36.** (a) क्योंकि यह एक इलेक्ट्रॉन युग्म ग्राही है।

**37.** (c) $H_3PO_4 \xrightleftharpoons{\text{I step}} H^+ + H_2PO_4^-$

$H_2PO_4^- \xrightleftharpoons{\text{II step}} H^+ + HPO_4^{--}$

$HPO_4^{--} \xrightleftharpoons{\text{III step}} H^+ + PO_4^{---}$

**38.** (c) $Na_2HPO_4$, $HPO_4^{2-}$ के जल अपघटन पर विलयन में स्वतंत्र $OH^-$ आयन उत्पत्र करता है।

**39.** (c) $H_2SO_4 \rightleftharpoons H^+ + HSO_4^-$.

**40.** (a) $Fe^{3+} + 3H_2O \rightarrow Fe(OH)_3 + 3H^+$

**41.** (c) $\underset{\text{संयुग्मी अम्ल}}{H_2PO_4^-} \rightleftharpoons H^+ + HPO_4^{2-}$

**42.** (d) $H^+ + OH^- \rightleftharpoons H_2O$, यह एक उदासीनीकरण अभिक्रिया है।

**43.** (c) यह एक प्रबल अम्ल का संयुग्मी क्षार है।

**44.** (a) क्योंकि–वे अम्ल जिनका $pK_a$ उच्च होता है वे दुर्बल अम्ल होते हैं।

**45.** (a) $H^+$ की प्राप्ति द्वारा क्षार से संयुग्मी अम्ल प्राप्त होता है।

**46.** (c) $CH_3COOH$ एक दुर्बल अम्ल है । वियोजन साम्य दर्शाता है जैसे– $CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

**47.** (c) $pK_a = \log_{10}\frac{1}{K_a}$

**48.** (d) एक दुर्बल अम्ल और प्रबल क्षार है।

**49.** (a) $NaH_2PO_2$ में दोनों हाइड्रोजन '$P$ से बंधित होते हैं। इसलिए ये विस्थापित नहीं होते हैं।

**50.** (b) $CO_3^{--}$ के जल अपघटन के कारण $Na_2CO_3$ का जलीय विलयन क्षारीय होता है।

**51.** (b) क्योंकि वे विलयन में $CO_3^{--}$ आयन देते हैं।

**52.** (a) $0.2M\ H_2SO_4$ के मोल तुल्यांक $= \frac{2 \times 0.2M}{1000} \times 100$

$= 0.04$ मोल/लीटर

$2M\ NaOH$ के मोल तुल्यांक $= \frac{0.2}{1000} \times 100 = 0.02$ मोल/ली.

शेष $[H^+] = .04 - .02 = .02$ .

कुल आयतन $= 200 = \frac{.02}{200} = .0001 = 10^{-4}\ M$

$pH = 4$ .

**53.** (a) $H_3BO_3$ एक दुर्बल एकक्षारीय अम्ल है यह $H^+$ दाता की तरह कार्य नहीं करता है । लेकिन लुईस अम्ल की तरह व्यवहार करता है ।

**54.** (a) क्योंकि लुईस धारणा के अनुसार $SnCl_2$ इलेक्ट्रॉन ग्राही है ।

**55.** (d) $ROH$ लुईस क्षार है क्योंकि इसमें एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म होता है।

**56.** (b) $H_2SO_4 + 2H_2O \rightleftharpoons 2H_3O^+ + SO_4^{--}$

$NaOH \rightleftharpoons Na^+ + OH^-$

$H_2SO_4$ अम्ल का 1 मोल, $H_3O^+$ आयन के 2 मोल देता है इसलिए $OH^-$ के दो मोल पूर्ण उदासीनीकरण के लिए आवश्यक हैं।

**57.** (a,b) डाइप्रोटिक विलायक $2H^+$ आयन अथवा $OH^-$ आयन देता है।

**58.** (a) $N_{NaOH} = 1 \times 1 = 1N$

$N_{H_2SO_4} = 2 \times 10 = 20\,N$

$NaOH$ का मोल तुल्यांक $= 1 \times 100 = 100$

$H_2SO_4$ का मोल तुल्यांक $= 20 \times 10 = 200$

अतः अम्ल का मोल तुल्यांक शेष बचता है और इसलिए $pH<7$, इसलिए परिणामी मिश्रण अम्लीय होगा।

**60.** (d) $PH_3$ लुईस क्षार है।

**61.** (a) क्योंकि $CH_3COONa$ दुर्बल अम्ल और प्रबल क्षार का लवण है।

**62.** (b) अम्ल $\xrightarrow{-H^+}$ संयुग्मी क्षार

क्षार $\xrightarrow{+H^+}$ संयुग्मी अम्ल।

**63.** (b) $\underset{\text{अम्ल}}{HCl} \rightarrow \underset{\text{क्षार}}{Cl^-}$

**65.** (a) $\underset{\text{अम्लीयता घटती है}}{HClO_4 > H_2SO_4 > HCl > HNO_3}$.

**66.** (a) वे पदार्थ जो $H^+$ ग्रहण करते हैं, संयुग्मी क्षार कहलाते हैं।

**67.** (d) $NH_3$ लुईस क्षार है । जो एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म दान करता है।

**69.** (a) $FeCl_3 + 3H_2O \rightleftharpoons Fe(OH)_3 + 3HCl$. प्रबल अम्लों की $pH$ 7 से कम होती है।

**70.** (b) ये अपने इलेक्ट्रॉन युग्म दान करते हैं।

**71.** (b) अम्ल की शक्ति प्रोटॉन दान करने पर निर्भर करेगी।

**73.** (b) क्योंकि यह प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार का लवण है

$H^+{}_{(aq)} + Cl^-{}_{(aq)} + Na^+{}_{(aq)} + OH^-{}_{(aq)} \rightleftharpoons$

$H_2O_{(l)} + Na^+{}_{(aq)} + Cl^-$

**74.** (d) $CCl_4$ ब्रॉन्स्टेड अम्ल अथवा लुईस अम्ल नहीं है इसमें $H^+$ नहीं होते हैं।

**75.** (b) $NH_4Cl + H_2O \rightleftharpoons \underset{\text{दुर्बल क्षार}}{NH_4OH} + \underset{\text{प्रबल अम्ल}}{HCl}$ इसलिए यह प्रकृति में अम्लीय होता है।

**76.** (b) $Cu$(II) संकुल नीले होते हैं । धातु परमाणु की द्वितीयक संयोजकता से चार जल के अणु जुड़े होते हैं।

जैसे– $[Cu(H_2O)_4]SO_4 . H_2O$.

**77.** (a) वह प्रजाति जो $H^+$ आयन ग्रहण करती है अथवा दान करती है, अम्ल और क्षार दोनों की तरह कार्य कर सकती है।

$\underset{\text{क्षार}}{HSO_4^-} + H^+ \rightleftharpoons H_2SO_4$

$\underset{\text{अम्ल}}{HSO_4^-} \rightleftharpoons SO_4^{2-} + H^+$

**78.** (a) $NH_4^+$ दुर्बलतम अम्ल है इसलिए इसका संयुग्मी क्षार प्रबलतम होता है।

**79.** (b) $Ag^+$ इलेक्ट्रॉन न्यून यौगिक है और इसलिए लुईस अम्ल है।

**80.** (a) $\underset{\text{संयुग्मी अम्ल}}{H_3PO_4} \rightleftharpoons H^+ + H_2PO_4^-$

**81.** (d) $\underset{\text{संयुग्मी अम्ल}}{HS_2O_8^-} \rightleftharpoons H^+ + S_2O_8^{--}$

**82.** (b) $PH_3$, $BCl_3$ को इलेक्ट्रॉन युग्म दान करता है।

**83.** (b) दुर्बल अम्ल का संयुग्मी क्षार, प्रबल क्षार होता है।

**84.** (d) $OH^- \rightarrow \underset{OH^-\text{का संयुग्मी क्षार}}{O^{2-}} + H^+$

**85.** (bd) एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म की उपस्थिति और वे दो इलेक्ट्रॉन युग्म दान करते हैं।

**86.** (a) ऑक्सीकरण संख्या बढ़ने पर अम्लीय शक्ति बढ़ती है।

**87.** (d) $H_3PO_4$ अधिकतम +5 ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाता है।

**88.** (a) $C_2H_5^-$ एक प्रबलतम क्षार है।

**89.** (d) $NaOCl$ प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल का मिश्रण है।

**90.** (c) $NH_4OH$ न्यूनतम $OH^-$ आयन देता है इसलिए यह एक दुर्बल क्षार है।

**91.** (a) विलयन अम्लीय हो जाता है और मेथिल ऑरेन्ज अम्लीय $pH$ पर कार्य करता है।

**92.** (a) बंध लम्बाई जितनी अधिक होती है अम्लीय प्रकृति उतनी ही अधिक होती है (हैलोजन अम्लों के लिए) $HF$ की बंध लम्बाई कम होती है।

**93.** (a) $HF$ माध्यम में $HCl$ प्रोटॉन ग्रहण करता है, और दुर्बल क्षार की तरह कार्य करता है।

**95.** (b) समान तत्वों के ऑक्सो अम्लों के लिए तत्व की ऑक्सीकरण संख्या में वृद्धि के साथ अम्लीय शक्ति बढ़ती है।

$H\overset{+1}{Cl}O < H\overset{+3}{Cl}O_2 < H\overset{+5}{Cl}O_3 < H\overset{+7}{Cl}O_4$

**96.** (c) क्योंकि उनके संयुग्मी क्षार और संयुग्मी अम्ल प्रबल हैं।

**97.** (b) $HCl$ एक प्रबल अम्ल है और उसका संयुग्मी क्षार अत्यंत दुर्बल क्षार है।

**100.** (c) $NH_3 \rightleftharpoons NH_2^- + H^+$

**101.** (a) $H_2SO_4 \rightleftharpoons H^+ + HSO_4^- \rightleftharpoons H^+ + SO_4^{--}$

$HSO_4^-$ संयुग्मी क्षार है लेकिन यह एक अम्ल भी है क्योंकि यह $H^+$ त्यागता है।

**102.** (a) $BF_3$ लुईस अम्ल है क्योंकि '$B$ का अष्टक अपूर्ण है।

**104.** (c) $H_3O^+$, किन्तु यह $H_9O_4^+$ की तरह रहता है।

**105.** (a) $Al_2(SO_4)_3$, दुर्बल क्षार $Al(OH)_3$ का और प्रबल अम्ल $H_2SO_4$ का लवण है।

**106.** (a) $AlCl_3$ का $Al^{+++}$ में जल अपघटन हो जाता है।

**107.** (d) $H_2SO_4 \rightleftharpoons H^+ + HSO_4^-$

**109.** (c) $HSO_4^-$, $H_2SO_4$, का संयुग्मी क्षार है।

**110.** (d) एकाकी युग्म की उपस्थिति।

**111.** (b) ब्रॉन्स्टेड सिद्धांत के अनुसार $HNO_3$ अम्ल है, वे जलीय विलयन में $H^+$ देते हैं और $NO_3^-$ बनाते हैं।

**112.** (c) $H_2O + H_2O \rightleftharpoons H_3O^+ + OH^-$.

**113.** (c) $NH_4^+$ संयुग्मी अम्ल है।

$NH_4^+ \rightleftharpoons NH_3 + H^+$

**114.** (a) $AlCl_3 + 3H_2O \rightleftharpoons Al(OH)_3 + \underset{\text{प्रबल अम्ल}}{3HCl}$

**116.** (d) $HCl$ प्रबल अम्ल है, इसका संयुग्मी क्षार (अर्थात् $Cl^-$ ) दुर्बल क्षार है।

**117.** (d) हाइड्रेजोइक अम्ल ($HN_3$) एक लुईस अम्ल है।

**118.** (c) $pK_a$ का मान कम होता है तब अम्ल प्रबल होगा।

**120.** (c) $BF_3$ अम्लीय होता है क्योंकि लुईस धारणा के अनुसार यह एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म ग्रहण करता है।

**122.** (d) क्योंकि यह एक दुर्बल विद्युत अपघट्य है।

**126.** (c) $AlCl_3$ और $SO_2$ दोनों लुईस सिद्धांत के उदाहरण हैं।

**127.** (c) $Na_2CO_3 + 2H_2O \rightleftharpoons 2NaOH + H_2CO_3$. यह एक प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल है । इसलिए यह क्षारीय है।

**129.** (c) $\underset{\text{अम्ल}}{H_2O} + \underset{\text{क्षार}}{NH_3} \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-$.

इस अभिक्रिया में $H_2O$ अम्ल की तरह कार्य करता है क्योंकि यह एक प्रोटॉन दान करता है।

**130.** (b) $H_2SO_4 + H_2O \rightleftharpoons H_3O^+ + HSO_4^-$

संयुग्मी अम्ल एवं क्षार युग्म

**131.** (b) $Al_2(SO_4)_3 \rightleftharpoons 2Al^{3+} + 3SO_4^{2-}$

$\underset{\text{दुर्बल क्षार}}{Al(OH)_3} + \underset{\text{प्रबल अम्ल}}{H_2SO_4}$

**132.** (c) $NaOH + HCl \xrightleftharpoons[\text{अभिक्रिया}]{\text{उदासीनीकरण}} \underset{\text{लवण}}{NaCl} + H_2O$

**133.** (a) क्षार द्वारा $H^+$ को ग्रहण से संयुग्मी अम्ल प्राप्त होता है।

**134.** (c) $KCl$ एक आयनिक यौगिक है।

**135.** (a) $H_3BO_3 + H_2O \rightleftharpoons [B(OH)_4]^- + H^+$

$H_3BO_3$ दुर्बल एकक्षारीय अम्ल है । यह $H^+$ दाता की तरह कार्य नहीं करता है लेकिन लुईस अम्ल की तरह व्यवहार करता है।

**136.** (c) क्योंकि यह प्रोटॉन ग्रहण नहीं करता है।

**137.** (c) $NH_4Cl$ दुर्बल क्षार ( $NH_4OH$ ) और प्रबल अम्ल ($HCl$) का लवण है।

**138.** (b)क्योंकि यह $PH_3$ से इलेक्ट्रॉन युग्म ग्रहण करता है।

**139.** (b) $NH_4^+ \rightleftharpoons NH_3 + H^+$

**141.** (b) $Fe^{3+}$ का जलअपघटन–

$Fe^{3+} + 3H_2O \rightarrow Fe(OH)_3 + 3H^+$

**142.** (a) लुईस धारणा के अनुसार।

**143.** (b) अम्ल से $H^+$ निकलने से संयुग्मी क्षार प्राप्त होता है।

**144.** (a) $BF_3$, $NH_3$ से इलेक्ट्रॉन युग्म ग्रहण करता है । इसलिए यह लुईस अम्ल है।

**145.** (a) अधिकांशतः $CH_4$ की अम्लीय प्रकृति नहीं होती है और इसलिए $CH_3^-$ प्रबलतम क्षार है।

**146.** (a) $CuSO_4$ , दुर्बल क्षार $(Cu(OH)_2)$ और प्रबल अम्ल $(H_2SO_4)$ का लवण है।

**147.** (b) दुर्बल अम्ल का $pK_a$ मान अधिकतम होता है । और प्रबलतम अम्ल का $pK_a$ मान कम होता है।

**149.** (c) क्योंकि–यह प्रोटॉन को ग्रहण करता है और त्यागता भी है

$H_2O + H_2O \rightleftharpoons H_3O^+ + OH^-$

**150.** (a) $H_2O + H_2O \rightleftharpoons H_3O^+ + OH^-$

**151.** (c) $HBr + H_2O \rightleftharpoons H_3O^+ + Br^-$

**152.** (c) क्योंकि दोनों प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार हैं।

**153.** (d) $LiAlH_4$ नाभिक स्नेही है और इलेक्ट्रॉन युग्म दान करने में सक्षम है इसलिए यह लुईस क्षार की तरह कार्य करता है।

**154.** (c) विलायक जो न तो प्रोटॉन ग्रहण करता है और न ही दान करता है।

**155.** (a) क्योंकि $F^-$ उच्च ऋण विद्युती तत्व है इसलिए यह तेजी से इलेक्ट्रॉन त्यागता है और अभिक्रिया जल्दी प्राप्त होती है।

**156.** (b) प्रबल अम्ल का उपयोग, प्रबल और दुर्बल क्षार दोनों के अनुमापन में कर सकते हैं।

**159.** (b) दुर्बल अम्ल के लिए $pKa$ का मान बहुत उच्च होगा लेकिन प्रबल अम्ल के प्रकरण में $pKa$ का मान बहुत निम्न होगा।

**160.** (d) बोरॉन हैलाइड लुईस अम्ल की तरह व्यवहार करते हैं । क्योंकि इनकी प्रकृति इलेक्ट्रॉन न्यून होती है।

जैसे–




अक्रिय विन्यास के लिये दो इलेक्ट्रॉन की कमी

**161.** (b) गैसीय $HCl$, $H^+$ नहीं देता है लेकिन द्रव $HCl$ जलीय विलयन में $H^+$ देता है इसलिए गैसीय अवस्था में सह संयोजक बंध के कारण गैसीय $HCl$ अरहीनियस अम्ल नहीं है।

**162.** (d) $\underset{\text{अम्ल}}{H_2O} \rightarrow H^+ + OH^-$ [प्रोटॉन के दान के कारण यह अम्ल]

$\underset{\text{क्षार}}{H_2O} + H^+ \rightarrow H_3O^+$ [प्रोटॉन के ग्रहण के कारण यह क्षारीय है]

**163.** (c) $F^-$ अपने समूह में छोटे आकार के कारण प्रबलतम संयुग्मी क्षार है और अधिकतम ऋणविद्युती क्षमता के कारण प्रोटॉन ग्रहण करता है।

$H^+ + F^- \rightarrow HF$

**164.** (d) $\underset{\text{संयुग्मी अम्ल}}{H_2PO_4^-} \rightarrow H^+ + \underset{\text{संयुग्मी क्षार}}{HPO_4^{2-}}$

**165.** (a) $\underset{\text{संयुग्मी अम्ल}}{HSO_4^-} \rightarrow H^+ + \underset{\text{संयुग्मी क्षार}}{SO_4^{2-}}$

## समआयन प्रभाव, समहाइड्रिक विलयन, विलेयता गुणनफल, जल का आयनिक गुणनफल एवं लवण जल अपघटन

**1.** (b) $Al_2(SO_4)_3$ की विलेयता

$Al_2(SO_4)_3 \rightleftharpoons 2Al^{+++} + 3SO_4^{--}$

$K_{sp} = [Al^{3+}]^2 [SO_4^{2-}]^3$

**2.** (c) सम आयन प्रभाव के कारण।

**3.** (b) $MX_2 \rightleftharpoons \underset{S}{M^{2+}} + \underset{2S}{2X^-}$

$K_{sp} = (2S)^2(S) = 4S^3$

$\Rightarrow S = 2\sqrt[3]{\frac{K_{sp}}{4}} = \sqrt[3]{\frac{4\times10^{-12}}{4}} = 1.0\times10^{-4}M$ .

**5.** (b) $MX_2 \rightleftharpoons \underset{(S)}{M^+} + \underset{(2S)^2}{2X^-}$ ; $K_{sp} = 4S^3$

$S = \sqrt[3]{\frac{K_{sp}}{4}} = \sqrt[3]{\frac{1\times10^{-11}}{4}} = 1.35\times10^{-4}$

**8.** (a) $Mg(OH)_2 \rightleftharpoons \underset{(X)}{Mg^{++}} + \underset{(2X)^2}{2OH^-}$

$K_{sp} = 4X^3$

**9.** (c) $BaSO_4 \rightleftharpoons \underset{\substack{(S)\\0.01}}{Ba^{++}} + \underset{\substack{(S)\\5}}{SO_4^{--}}$

$K_{sp} = S^2 = S\times S = 0.01\times S$

$S_{(SO_4^{2-})} = \frac{K_{sp}}{S_{(Ba^{++})}} = \frac{1\times10^{-9}}{0.01} = 10^{-7}$ मोल/लीटर

10. (a) $AB_2 \rightleftharpoons \underset{1\times10^{-5}}{A^+} + \underset{2\times10^{-5}}{2B^-}$

$K_{sp} = [1\times10^{-5}][2\times10^{-5}]^2 = 4\times10^{-15}$

11. (b) $CaF_2 \rightleftharpoons \underset{(S)}{Ca^{++}} + \underset{(2S)^2}{2F^-}$ ; $K_{sp} = 4S^3$

12. (b) सम आयन प्रभाव के कारण।

13. (a) $Ag_2CrO_4 \rightleftharpoons [2Ag^+] + [CrO_4^{--}]$

इसलिए $K_{sp} = [Ag^+]^2\ [CrO_4^{--}]$

14. (d) $CaF_2$ के लिये $K_{sp} = 4\times[2\times10^{-4}]^3 = 3.2\times10^{-11}$

15. (d) चतुर्थ समूह में $S^{2-}$ आयनों की सान्द्रता, $NH_4Cl$ की उपस्थिति में अम्लीय माध्यम बनाए रखने के द्वारा कम होती है। सम आयन प्रभाव के कारण $H_2S$ का आयनन कम होता है इसलिए विलेयता गुणनफल की अपेक्षा आयनिक गुणनफल कम होता है।

16. (b) $NH_4Cl$ जल अपघटित होकर $[H^+]$ देता है।

$NH_4Cl + H.OH \rightleftharpoons NH_4OH + HCl$

$NH_4^+ + H.OH \rightleftharpoons NH_4OH + H^+$

17. (c) $FeCl_3$ , दुर्बल क्षार [ $Fe(OH)_3$ ] और प्रबल अम्ल (*HCl*) का लवण है।

18. (c) विद्युत अपघट्य के अवक्षेपण के लिए, यह आवश्यक है कि उसका आयनिक गुणनफल उसके विलेयता गुणनफल से अधिक होना चाहिए।

19. (d) $K_{sp} = [Ag^+]^2[CrO_4^{--}] = [2S]^2[0.01]$

$= 4S^2[0.01] = 4[2\times10^{-8}]^2\times0.01 = 16\times10^{-18}$ .

20. (c) संकुल लवणों में दो भिन्न धात्विक तत्व होते हैं लेकिन वो उनमें से केवल एक के लिए परीक्षण देता है जैसे– $Fe^{3+}$ आयनों के लिए $[K_4Fe(CN)_6]$ परीक्षण नहीं देता है।

21. (d) $10^{-3}N$ *KOH* देगा, $[OH^-] = 10^{-2}$ *M*

$pOH = 2$

$\because pH + pOH = 14$ , $pH = 14 - 2 = 12$

22. (d) यह $FeSO_4(NH_4)_2SO_4 . 10H_2O$ है।

23. (d) यह प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल का लवण है।

24. (b) $NH_4CN$ दुर्बल अम्ल और दुर्बल क्षार का लवण है।

25. (a) क्योंकि यह प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल का लवण है।

26. (d) क्योंकि $CCl_4$ एक कार्बनिक विलायक है और $AgNO_3$ , कार्बनिक विलायक में अघुलनशील है।

27. (a) $SnS_2 \rightleftharpoons Sn^{4+} + 2S^{2-}$

$\therefore K_{sp} = [Sn^{4+}]\ [S^{2-}]^2$

28. (d) यह अधिक वियोजित नहीं होता है अथवा इसका आयनन बहुत कम होता है।

29. (b) $NaHCO_3$ में एक विस्थापनीय हाइड्रोजन होता है।

30. (b) $CaOCl_2$ में दो ऋणआयन ( $Cl^-$ और $OCl^-$ ) तथा एक धनआयन ( $Ca^{2+}$ ) होता है।

31. (a) $K_{sp} = 4S^3$, $S^3 = \frac{4\times10^{-9}}{4} = 10^{-9}$

$\therefore S = 10^{-3}M$ .

32. (d) $Be(OH)_2$ की विलेयता सबसे कम होती है और इसलिए विलेयता गुणनफल सबसे कम होता है।

33. (a) क्योंकि यह प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार का लवण है।

34. (c) $NH_4OH \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-$

$NH_4Cl \rightleftharpoons NH_4^+ + Cl^-$

($NH_4^+$ — सम आयन)

35. (d) यह कम आयनिक है, इसलिए जल में सबसे कम घुलनशील है

36. (b) $pH = 9$ का अर्थ है कि लवण विलयन स्पष्ट रूप से क्षारीय होना चाहिए।

37. (b) $CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$

$CH_3COONa$ मिलाने पर, $[H^+]$ घटते हैं।

38. (c) 0.01 *M* $CaCl_2$, *AgCl* के $K_{sp}$ को स्थिर रखने के लिए अधिकतम $Cl^-$ आयन देता है $[Ag^+]$ में कमी अधिकतम होगी।

39. (b) सम आयन प्रभाव के कारण।

40. (a) $K_{sp} = 4s^3$

$S = \sqrt[3]{\frac{K_{sp}}{4}} = \sqrt[3]{\frac{1.0\times10^{-6}}{4}} = 6.3\times10^{-3}$ .

42. (d) तापमान में वृद्धि के साथ $K_w$ बढ़ता है।

43. (b) इसमें दो धन आयन और एक ऋण आयन है।

44. (a) $HgSO_4$ का $K_{sp} = S^2$

$S = \sqrt{K_{sp}}$ ; $S = \sqrt{6.4\times10^{-5}}$ ; $S = 8\times10^{-3}$ मोल / मी.।

45. (b) $BaSO_4$ की विलेयता $2.33\times10^{-3}$ ग्राम / लीटर दी गई है

$\because$ मोल प्रति लीटर में $n = \frac{W}{\text{आण्विक भार}} = 1\times10^{-5}$

$= \frac{2.33\times10^{-3}}{233}$

क्योंकि $BaSO_4$ एक यौगिक है

$K_{sp} = S^2 = [1\times10^{-5}]^2 = 1\times10^{-10}$

46. (d) $\underset{a}{AgCl} \rightleftharpoons \underset{a}{Ag^+} + \underset{a}{Cl^-}$

$\underset{0.02}{NaCl} \rightleftharpoons \underset{0.02}{Na^+} + \underset{0.02}{Cl^-}$

$K_{sp}\ AgCl = 1.20\times10^{-10}$

$K_{sp}\ AgCl = [Ag^+][Cl^-] = a\times[a+0.2] = a^2 + 0.2a$

$a^2$ बहुत कम है इसलिए इसे नगण्य मान सकते हैं

$K_{sp}\ AgCl = 0.2a$

$1.20\times10^{-10} = 0.2a$

$a = \frac{1.20\times10^{-10}}{0.20} = 6\times10^{-10}$ मोल

**47.** (b) सम आयन प्रभाव के कारण विलेयता घटती है

$AgI \rightleftharpoons Ag^+ + I^-$

$NaI \rightleftharpoons Na^+ + I^-$ ——— सम आयन

**48.** (c) $BaSO_4$ का $K_{sp} = 1.5 \times 10^{-9}$ ; $Ba^{++} = 0.01 M$

$$SO_4^{--} = \frac{1.5 \times 10^{-9}}{0.01} = 1.5 \times 10^{-7}$$

**49.** (c) $AgCrO_4 \rightleftharpoons \underset{(2S)^2}{2Ag^+} + \underset{S}{CrO_4^-}$

$K_{sp} = 4S^3$ दिया गया है $2S = 1.5 \times 10^{-4}$

$\therefore K_{sp} = (2S)^2 \times S$

$$= (1.5 \times 10^{-4})^2 \times \left(\frac{1.5 \times 10^{-4}}{2}\right) = 1.6875 \times 10^{-12}$$

**50.** (c) $PbCl_2 \rightleftharpoons \underset{S}{Pb^{2+}} + \underset{S}{2Cl^-}$

$PbCl_2$ का $K_{sp} = [Pb^{2+}] \times [Cl^-]^2$ ; $K_{sp} = S \times (2S)^2$

$K_{sp} = S \times 4S^2 = 4S^3$ ; $S^3 = \frac{K_{sp}}{4}$ ; $S = \sqrt[3]{\frac{K_{sp}}{4}}$

**51.** (b) $AgCl \rightleftharpoons [Ag^+][Cl^-]$ ; $K_{sp} = S \times S$ ; $K_{sp} = S^2$

$S = \sqrt{K_{sp}} = \sqrt{1.44 \times 10^{-4}} = 1.20 \times 10^{-2} M.$

**52.** (d) सूत्र द्वारा $BA_2 \rightarrow B^+ + 2A^-$

$K_{sp} = 4x^3$

**53.** (a) $\underset{S}{AgCrO_4} \rightarrow \underset{2S}{2Ag^+} + \underset{S}{CrO_4^{--}}$

$K_{sp} = (2S)^2 S = 4S^3$

$$S = \left(\frac{K_{sp}}{4}\right)^{\frac{1}{3}} = \left(\frac{32 \times 10^{-12}}{4}\right)^{\frac{1}{3}} = 2 \times 10^{-4} M.$$

**54.** (d) सम आयन प्रभाव केवल दुर्बल विद्युत अपघट्य वियोजन के लिए सूचना देता है

$H_2SO_4$ प्रबल विद्युत अपघट्य है।

**55.** (c) क्रोमेट आयन विलयन में जब हम बेरियम आयन मिलाते हैं तब हमें $BaCrO_4$ का पीला अवक्षेप प्राप्त होता है।

$BaCl_2 + K_2CrO_4 \rightarrow \underset{\text{पीला अवक्षेप}}{BaCrO_4} \downarrow + 2KCl$

**56.** (d) $AB$ द्विअंगी विद्युत अपघट्य है

$S = \sqrt{K_{sp}} = \sqrt{1.21 \times 10^{-6}} = 1.1 \times 10^{-3} M$

**57.** (b) जब आयनिक गुणनफल, विलेयता गुणनफल से अधिक होता है तब अवक्षेपण प्राप्त होता है।

**58.** (c) द्विअंगी विद्युत अपघट्य के लिए

$K_{sp} = S \times S = S^2$

$S = \sqrt{K_{sp}}$ .

**61.** (b) $CH_3COONa$ , दुर्बल अम्ल और प्रबल क्षार का लवण है । इसलिए इसका जलीय विलयन क्षारीय है।

**62.** (b) $BaSO_4 \rightleftharpoons Ba^{2+} + SO_4^{--}$

विलेयता स्थिरांक $= S \times S$

$1.5 \times 10^{-19} = S^2$ ; $S = \sqrt{1.5 \times 10^{-19}}$ ; $S = 3.9 \times 10^{-5}$

**65.** (d) $Ca(OH)_2 \rightleftharpoons \underset{(S)}{Ca^{++}} + \underset{(2S)^2}{2OH^-}$

$K_{sp} = 4S^3 = 4 \times \sqrt{3} \times \sqrt{3} \times \sqrt{3} = 12\sqrt{3}$

**66.** (a) सम आयन प्रभाव के कारण।

**67.** (d) $PbCl_2 \rightleftharpoons \underset{(S)}{Pb^{2+}} + \underset{(2S)^2}{2Cl^-}$

$K_{sp} = 4S^3 = 4 \times (2 \times 10^{-2})^3 = 3.2 \times 10^{-5}$

**68.** (a) $Ag_2S \rightleftharpoons 2Ag^+ + S^{--}$

$K_{sp} = 4S^3$

$$S = \sqrt[3]{\frac{K_{sp}}{4}} = \sqrt[3]{\frac{3.2 \times 10^{-11}}{4}} = 2 \times 10^{-6}$$

**69.** (d) $\underset{S}{CaCO_3} \rightleftharpoons \underset{S}{Ca^{++}} + \underset{S}{CO_3^{--}}$

$CaCO_3$ का विलेयता गुणफल

$K_{sp} = S^2$ ; $S = \sqrt{K_{sp}}$

यह द्विअंगी विद्युत अपघट्य है

$S^2 = K_{sp}$ ; $(3.05 \times 10^{-4})^2 = K_{sp}$ ; $K_{sp} = 9.3 \times 10^{-8}$

**71.** (c) $PbCl_2 \rightarrow \underset{S}{Pb^{++}} + \underset{2S}{2Cl^-}$

$K_{sp} = S \times (2S)^2 = [6.3 \times 10^{-3}] \times [12.6 \times 10^{-3}]^2$ .

**72.** (d) प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार का लवण जल अपघटित नहीं हो सकता । इस प्रकरण में साम्य प्रतीप दिशा में विस्थापित नहीं हो सकता है।

**73.** (d) यदि हम विलयन में कोई पदार्थ मिश्रित करते हैं तब, $pH$ का मान बढ़ता है । ये पदार्थ दुर्बल अम्ल और प्रबल क्षार के लवण हैं।

**74.** (d) यह प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल का लवण है।

**75.** (a) $K_{sp} = 4s^3 = 4 \times [2.5 \times 10^{-2}]^3 = 62.5 \times 10^{-6}$ .

**76.** (c) $NaCl \rightleftharpoons Na^+ + Cl^-$

$S \quad S$

$K_{sp} = S^2$ , $S = \sqrt{K_{sp}} = \sqrt{36} = 6$ .

**78.** (d) $\underset{K_{sp}}{PbI_2} \rightleftharpoons \underset{S}{Pb^{++}} + \underset{2S}{2I^-}$

$K_{sp} = 4S^3 = 4 \times [2 \times 10^{-3}]^3 = 32 \times 10^{-9}$ .

**79.** (b) जब आयनिक गुणनफल, $K_{sp}$ की अपेक्षा अधिक होता है तब अवक्षेपण प्राप्त होता है

$K_{sp} < 10^{-2} M\ Ca^{2+} + 10^{-3} M\ F^-$

**80.** (d) चतुर्थ समूह में जब $NH_4OH$ मिलाते हैं तब $S^{2-}$ सान्द्रता बढ़ती है क्योंकि–

$NH_4OH \rightleftharpoons NH_4^+ + OH^-$

$H_2S \rightleftharpoons 2H^+ + S^{2-}$

$OH^- + H^+ \rightleftharpoons H_2O$. इसलिए $S^{2-}$ बढ़ते हैं।

81. (c) $BaSO_4 \rightleftharpoons Ba^{2+} + SO_4^{2-}$

$K_{sp} = S^2 \Rightarrow S = \sqrt{K_{sp}}$ ; $K_{sp} = [Ba^{2+}] \times [SO_4^{2-}]$

$4 \times 10^{-10} = [1 \times 10^{-4}] \times [SO_4^{2-}]$

$[SO_4^{2-}] = \frac{4 \times 10^{-10}}{1 \times 10^{-4}} = 4 \times 10^{-6}$.

82. (c) $AB_2 \rightleftharpoons \underset{(S)}{A^{2+}} + \underset{(2S)^2}{2B^-}$

$K_{sp} = 4S^3$

$S = \sqrt[3]{\frac{K_{sp}}{4}} = \sqrt[3]{\frac{4 \times 10^{-12}}{4}} = 1 \times 10^{-4}$ ग्राम मोल/लीटर।

83. (d) $[B] = \frac{K_{sp} AB}{[A]} = \frac{1 \times 10^{-8}}{10^{-3}} = 1 \times 10^{-5} M$

जहाँ आयनिक गुणफल > $K_{sp}$, अवक्षेप प्राप्त होता है

$\therefore$ B, $10^{-5} M$ से अधिक होना चाहिए।

84. (c) $NaCl_{(s)} \rightleftharpoons Na^+_{(aq)} + Cl^-_{(aq)}$

$HCl \rightleftharpoons H^+ + Cl^-, [Cl^-]$ में वृद्धि $[Na^+][Cl^-]$ में वृद्धि लाती है जो प्रतीप अभिक्रिया को कराएगी क्योंकि

$K_{sp}(NaCl) = [Na^+][Cl^-]$

अर्थात् आयनिक गुणनफल $\geq K_{sp}$

85. (d) $BaSO_4 \rightleftharpoons \underset{(S)}{Ba^{++}} + \underset{(S)}{SO_4^{--}}$

$K_{sp} = S^2$; $S = \sqrt{K_{sp}} = \sqrt{1.3 \times 10^{-9}}$

$= 3.6 \times 10^{-5}$ मोल/लीटर।

87. (b) क्षारीय,

$CH_3COONa + H_2O \rightleftharpoons \underset{\text{दुर्बल अम्ल}}{CH_3COOH} + \underset{\text{प्रबल क्षार}}{NaOH}$

88. (c) क्योंकि यह प्रबल क्षार है।

89. (b) शुद्ध जल के लिये $[H^+] = [OH^-]$, $\therefore K_w = 10^{-12}$ s

90. (a) $MX_2 \rightleftharpoons \underset{(S)}{M^{2+}} + \underset{(2S)^2}{2X^-}$ ; $4S^3 = 4 \times (0.5 \times 10^{-4})^3$

$= 5 \times 10^{-13}$

91. (a) विलेयता गुणांक $= [Pb^{2+}][Cl^-]^2$

92. (a) $Zn(OH)_2$ की अपेक्षा, $Al(OH)_3$ की विलेयता कम होती है।

93. (c) $NaCl_{(s)} \rightleftharpoons Na^+{}_{(aq)} + Cl^-{}_{(aq)}$

$HCl \rightleftharpoons H^+ + Cl^-$

$[Cl^-]$ में वृद्धि, $[Na^+]$ $[Cl^-]$ में वृद्धि लाती है । जो प्रतीप अभिक्रिया को कराएगी क्योंकि– $K_{sp}\, NaCl = [Na^+][Cl^-]$.

94. (c) सम आयन प्रभाव।

95. (a) $\underset{S}{CaF_2} \rightleftharpoons \underset{S}{Ca^{++}} + \underset{(2S)^2}{2F^-}$

$K_{sp} = 4S^3$

$S = \sqrt[3]{\frac{K_{sp}}{4}} = \sqrt[3]{\frac{3.2 \times 10^{-11}}{4}} = 2 \times 10^{-4}$ मोल/लीटर।

96. (d) जलीय विलयन में निम्नलिखित साम्य है

$H_2S \rightleftharpoons H^+ + HS^-$ जब तनु $HCl$ विलयन मिलाते हैं

$(HCl \rightleftharpoons H^+ + Cl^-)$ साम्य

$H_2S \rightleftharpoons H^+ + HS^-$ में बायीं तरफ विस्थापित होता है।

97. (d) $\underset{K_{sp}}{M_2X_3} \rightleftharpoons \underset{(2y)^2}{2M^{+++}} + \underset{(3y)^3}{3X^{--}}$

विलेयता गुणनफल $K_{sp} = 108 y^5\, mol \frac{d}{m^3}$

98. (b) विलेयता, $K_{sp}$ के समानुपाती होती है।

99. (b) $\underset{S}{PbCl_2} \rightleftharpoons \underset{S}{Pb^{++}} + \underset{(2S)^2}{2Cl^-}$

$K_{sp} = S \times (2S)^2 = 4S^3$

$S = \sqrt[3]{\frac{K_{sp}}{4}} = \sqrt[3]{\frac{1.5 \times 10^{-4}}{4}} = 3.34 \times 10^{-2}$.

101. (d) इन सभी में $AlCl_3$, जल अपघटन पर दुर्बल क्षार और प्रबल अम्ल देता है।

102. (c) $Fe^{3+}$ आयन जलअपघटित होकर अम्लीय प्रकृति उत्पन्न करते हैं।

103. (c) $K_h = \frac{K_w}{K_a \times K_b}$

104. (a) $KCN$, प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल का लवण है।

105. (c) द्वितीय समूह के सल्फाइड मूलकों के विलेयता गुणनफल निम्न होते हैं।

106. (c) क्योंकि $NH_3$ लुईस अम्ल की तरह कार्य करती है और ये $H_3O^+$ आयन को इलेक्ट्रॉन युग्म देती है । $H_3O^+$ लुईस क्षार है जो $NH_3$ से इलेक्ट्रॉन युग्म ग्रहण करता है।

107. (c) सम आयन प्रभाव के कारण।

108. (a) $Ag_2SO_4 \rightarrow \underset{2x}{2Ag^+} + \underset{x}{SO_4^{--}}$ के लिए

$K_{sp} = (2x)^2.x$ ; $K_{sp} = 4x^3$ ; $K_{sp} = 4 \times (2.5 \times 10^{-2})^3$

$K_{sp} = 62.5 \times 10^{-6}$

109. (b) $AgCl \rightarrow \underset{x}{Ag^+} + \underset{x}{Cl^-}$ के लिए

$K_{sp} = x^2$ ; $x = \sqrt{K_{sp}}$ , $\sqrt{1 \times 10^{-6}} = 1 \times 10^{-3}$ मोल/लीटर।

110. (b) $AgCl \rightarrow \underset{x}{Ag^+} + \underset{x}{Cl^-}$

$NaCl$ मिलाने के बाद $x$ $\quad x + 1 \times 10^{-4}$

इसीलिए $Ag^+$ कम होगा।

111. (b) क्योंकि $AgI$ का आयनिक गुणनफल >> $AgI$ का विलेयता गुणनफल।

112. (a) $AX_2 \rightarrow \underset{x}{A} + \underset{2x}{2X}$

$K_{sp} = 4x^3$ ; $x = \sqrt[3]{\frac{3.2 \times 10^{-11}}{4}}$ ; $x = 2 \times 10^{-4}$ मोल/लीटर

113. (c) $C_6H_5COONH_4 \rightarrow C_6H_5COO^- + NH_4^+$

$0.5 - \frac{.25}{100}$ $\quad \frac{.25}{100}$ $\quad \frac{.25}{100}$

ओस्टवॉल्ड तनुता नियम के अनुसार,

$K = \frac{\alpha^2 C}{1-\alpha}$ $\quad \left(\therefore \ \alpha = \frac{.25}{100}\right)$

$K = \alpha^2 C$ $\quad (\because \ 1 - \alpha =$ बहुत कम$)$

$K = \frac{.25}{100} \times \frac{.25}{100} \times .5$ ; $K = 3.125 \times 10^{-6}$

114. (a) $Sb_2S_3 \rightarrow \underset{2x}{2Sb^{+2}} + \underset{3x}{3S^{--}}$ ; $K_{sp} = (2x)^2.(3x)^3$

$K_{sp} = 108\,x^5$ ; $K_{sp} = 108 \times (1 \times 10^{-5})^5 = 108 \times 10^{-25}$.

115. (b) जब तापमान बढ़ाते हैं तो आयनिक गुणनफल भी बढ़ता है।

116. (a) जल अपघटन स्थिरांक, $h = \frac{K_w}{K_a}$

## हाइड्रोजन आयन सांद्रता - *p*H पैमाना एवं बफर विलयन

1. (a) रक्त का $pH$ परिवर्तित नहीं होता है क्योंकि यह एक बफर–विलयन है।

2. (c) $NaOH$ का 0.001 $M$, अर्थात् $[OH^-] = .001$

$= 10^{-3} M \Rightarrow pOH = 3$

$pH + pOH = 14 \Rightarrow pH = 14 - 3 = 11$

3. (d) $[H_3O^+]$ अर्थात् $[H^+] = 6.2 \times 10^{-9}$ मोल/लीटर

$pH = -\log(6.2 \times 10^{-9}) = 8.21$

4. (b) $CH_3NH_2 + HCl \longrightarrow CH_3NH_3^+Cl^-$

0.1 $\quad$ 0.08 $\quad$ 0

0.02 $\quad$ 0 $\quad$ 0.08

(क्षारीय बफर विलयन)

$pOH = pK_b + \log \frac{0.08}{0.02}$

$= pK_b + 0.602$

$= 3.30 + 0.602 = 3.902$

$\therefore pH = 10.09$

$[H] = 7.99 \times 10^{-11} \approx 8 \times 10^{-11}\ M$

5. (b) $pH + pOH = pK_w$

6. (d) $pH = -\log[H^+]$

$5.4 = -\log[H^+]$ ; $[H^+] = 3.98 \times 10^{-6}$.

7. (a) $KCN + H_2O \rightleftharpoons KOH + HCN$ , $KOH$ प्रबल क्षार है और $HCN$ दुर्बल अम्ल है।

8. (c) $[H^+] = 10^{-3} M$, $pH = -\log[10^{-3}]$, $pH = 3$

9. (b) $[H^+] = [OH^-]$

$K_w = [H^+]\,[OH^-] = 10^{-14}$

$\therefore [H^+] = 10^{-7}$, $pH = -\log[H^+] = 7$.

10. (d) $pH = 5$ अर्थात $[H^+] = 10^{-5}$

$pOH = 14 - pH = 14 - 5 = 9$

$[OH^-] = 10^{-pOH} = 10^{-9}$

11. (a) $pH = -\log\,[H^+]; [H^+] = 0.01\,N$

$pH = -\log\,[10^{-2}]; pH = 2$

12. (d) $BOH \rightleftharpoons B + OH$

प्रारम्भ में $\quad C \quad 0 \quad 0$

साम्यावस्था पर $\quad C - C\alpha \quad C\alpha \quad C\alpha$

$K_b = \frac{C^2\alpha^2}{C(1-\alpha)} = C\alpha^2$ माना कि $\alpha << 1 ; 1 - \alpha \simeq 1$

$10^{-12} = 10^{-2} \times \alpha^2$ ; $\alpha^2 = 10^{-10}$ ; $\alpha = 10^{-5}$

$[OH^-] = C\alpha = .01 \times 10^{-5} = 10^{-7}$

13. (c) $pH = 4$ अर्थात् $[H^+] = 10^{-4}$ मोल।

14. (a) बफर विलयन, दुर्बल अम्ल और इसके संयुग्मी क्षार का मिश्रण है।

15. (b) जल में $Na_2CO_3$ मिलाने पर क्षारीय विलयन बनता है और इसलिए ($pH = 7$) से अधिक होती है।

16. (d) $NaClO_4$, प्रबल अम्ल $HClO_4$ का लवण है इसलिए यह प्रबल अम्ल लवण है।

17. (b) $NaOH$ क्षार है, इसलिए इसका $pH > 7$ है।

18. (c) यह प्रबल क्षार है

1 $M$ $NaOH$ में $[OH^-]$ अधिकतम है और $[H^+]$ सबसे कम है, और इसलिए $pH$ अधिकतम है।

19. (c) जब $pH = 7$ अर्थात्–उदासीन, $pH < 7$ अर्थात्–अम्लीय, $pH > 7$ अर्थात्–क्षारीय।

20. (d) जैसे ही विलयन अम्लीय होता है, $pH < 7$ होगा क्योंकि $H_2O[10^{-7}M]$ से $[H^+]$, $10^{-10}$ $M$ की तुलना में नगण्य नहीं मान सकते हैं।

22. (c) यह प्रबल अम्ल है और ये विलयन में प्रोटॉन त्यागता है।

23. (a) $[OH^-] = 10^{-2}$ $M$ ; $pOH = 2$

$pH + pOH = 14 ; pH = 14 - pOH$

$pH = 14 - 2 = 12$

24. (d) अम्लीय शक्ति का क्रम है– $H_2Te > H_2Se > H_2S > H_2O$

$Na_2O$, $NaOH + H_2O$ का लवण है और दिए गए अम्लों में $H_2O$ दुर्बलतम अम्ल है । इसलिए इस प्रकरण में $pH$ अधिकतम होगा।

25. (b) विलयन '$A$' का $pH = 3$

$[H]_A = 10^{-3}\ M.$

विलयन '$B$' का $pH = 2$

$[H]_B = 10^{-2}\ M$

$[H] = 10^{-3} + 10^{-2} = 10^{-3} + 10 \times 10^{-3} = 11 \times 10^{-3}$.

$pH = -\log(11 \times 10^{-3}) = 3 - \log 11$

= 3 − 1.04 = 1.95

**26.** (a) $CN^- + H_2O \rightarrow HCN + OH^-$

क्योंकि $OH^-$ सान्द्रता बढ़ती है।

**27.** (a) तनु करने पर अम्ल 'A' का $pH$ बढ़ता है जबकि क्षार 'B' का $pH$ घटता है।

**28.** (d) $CH_3COONa$, दुर्बल अम्ल ($CH_3COOH$) और प्रबल क्षार ($NaOH$) का लवण है।

**29.** (b) साम्य प्रतीप दिशा में विस्थापित होगा ।

**30.** (b) $K_a = 10^{-5}$ ; $pH = 6$

$pH = -\log K_a + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$ ; $6 = -\log 10^{-5} + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$

$6 = 5\log 10 + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$ ; $6 = 5 + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$

$\log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]} = 6 - 5 = 1$ ; $\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]} = \frac{10}{1}$

**31.** (d) सभी सत्य हैं, – (a) अम्लीय बफर के लिए सत्य है, (b) क्षारीय बफर के लिए, (c) बफर क्रिया कहलाती है।

**32.** (b) $\frac{N}{100} = 0.01\ N\ HCl$ ; $[H^+] = 10^{-2}\ M$ ; $pH = 2$

$[OH] = 10^{-2}\ M$ $NaOH$ के लिए

$pH + pOH = 14$ ; $pH = 14 - 2$ ; $pH = 12$

**34.** (a) यह प्रबल अम्ल और इसके दुर्बल संयुग्मी क्षार का बफर विलयन है।

**35.** (c) $HA \rightleftharpoons H^+ + A^-$

$[H^+] = 0.1\ M$ ; $[H^+]^2 = K_a \times C$

$[H^+] = \sqrt{K_a \times C} = \sqrt{1\times 10^{-5} \times 0.1} = \sqrt{10^{-6}}$

$[H^+] = 10^{-3} M$; $pH = 3$

**36.** (c) जैसे–जैसे विलयन अम्लीय होता है तब, $pH < 7$ होगी क्योंकि $H_2O$ से $[H^+]$ $10^{-8}$ की तुलना में नगण्य नहीं कर सकते हैं।

**37.** (c) मानव शरीर में बफर विलयन होता है । इसका $pH = 6.8$

**38.** (a) यह उदासीन विलयन है और इसका $pH = 7$ है

**39.** (a) $pH = 5$, अर्थात् $[H^+] = 10^{-5} M$.

तनु करने के पश्चात् $[H^+] = 10^{-5}/100 = 10^{-7} M$

$H_2O$ से $[H^+]$ नगण्य नहीं कर सकते हैं।

कुल $[H^+] = 10^{-7} + 10^{-7} = 2\times 10^{-7}$

$pH = 7 - 0.3010 = 6.6990 = 7$ (उदासीन).

**40.** (d) $[H^+] = \alpha . C = \frac{2}{100} \times .02$ ; $[H^+] = 4\times 10^{-4}\ M$

$pH = -\log\ [H^+] = 4 - \log\ 4$ ; $pH = 3.3979$

**41.** (a) $pH = pK_a + \log\left[\frac{\text{लवण}}{\text{अम्ल}}\right]$

$= 9.30 + \log\left[\frac{0.2}{0.1}\right] = 9.30 + 0.3010 = 9.6.$

**42.** (a) $pH = pK_a + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$

$pH = -\log(1.8\times 10^{-5}) + \log\frac{[10]}{[100]}$

$= -\log\ 1.8 + 5 + \log\ 10^{-1}$

$= -0.2553 + 5 - 1 = 3.7447$ या $= 4$

**43.** (b) 0.1 $N\ HCl$ का 20 मि.ली. $= \frac{0.1}{1000}\times 20$ ग्राम तुल्यांक

$= 2\times 10^{-3}$ ग्राम तुल्यांक

0.001 $KOH$ का 20 मि.ली. $= \frac{0.001}{1000}\times 20$ ग्राम तुल्यांक

$= 2\times 10^{-5}$ ग्राम तुल्यांक

$\therefore$ शेष अन–उदासीनीकृत $HCl$ $= 2(10^{-3} - 10^{-5})$

$= 2\times 10^{-3}(1 - 0.01) = 2\times 0.99\times 10^{-3}$

$= 1.98\times 10^{-3}$ ग्राम तुल्यांक

विलयन का आयतन = 40 मि.ली.

$\therefore [HCl] = \frac{1.98\times 10^{-3}}{40}\times 1000\ M = 4.95\times 10^{-2}$

$\therefore pH = 2 - \log 4.95 = 2 - 0.7 = 1.3.$

**45.** (b) $10^{-7} M\ NaOH$ अर्थात् $[OH^-] = 10^{-7}$ ; $pOH = 7$

$pH = 14 - 7 = 7$

**46.** (a) $[H^+] = c\times\alpha = 0.1\times\frac{30}{100} = 0.03\ M$

**48.** (a) बफर विलयन की $pH$ कभी परिवर्तित नहीं होती है।

**49.** (c) $[H^+] = \frac{10^{-14}}{10^{-1}} = 10^{-13}$ मोल / लीटर $pH = 13$.

**50.** (a) $pH = -\log[H^+]$ ; $7.4 = -\log[H^+]$ ; $[H^+] = 4\times 10^{-8} M$

**51.** (a) 0.1$M$ $HCl$ का $pH = 1$

$H_2SO_4$ का आयनन दो पदों में होता है

$H_2SO_4 \rightleftharpoons H^+ + HSO_4^-$ ; $HSO_4^- \rightleftharpoons H^+ + SO_4^{--}$

**52.** (c) 1$N$ $NaOH$ विलयन का $pH$ सबसे अधिक है

$[OH^-] = 1$; $pOH = 0$ ; $pH + pOH = 14$

$pH = 14 - 0 = 14$

**53.** (c) $H_2O \rightleftharpoons [H^+][OH^-]$

$HCl \rightleftharpoons [H^+][Cl^-]$

कुल $[H^+] = [H^+]_{H_2O} + [H^+]_{HCl} = 10^{-7} + 10^{-8}$

$= 10^{-7}[1 + 10^{-1}]$

$[H^+] = 10^{-7}\times\frac{11}{10}$

$pH = -\log[H^+] = -\log\left(10^{-7} + \frac{11}{10}\right)$ ; $pH = 6.958$

**54.** (c) $pK_a = -\log K_a$, $pK_b = -\log K_b$

$pH = -\frac{1}{2}[\log K_a + \log K_w - \log K_b]$

$= -\frac{1}{2}[-5 + \log(1\times 10^{-14}) - (-5)]$

$= -\frac{1}{2}[-5 - 14 + 5] = -\frac{1}{2}(-14) = 7$

**55.** (d) $BaO, CaO$, और $Na_2O$ 7 से अधिक $pH$ दर्शाते हैं । क्योंकि इनकी प्रकृति क्षारीय है।

**56.** (a) $MgCl_2 + 2H_2O \rightleftharpoons Mg(OH)_2 + 2HCl$

**57.** (c) $H_2SO_4$ दो पदों में आयनित होता है।

**58.** (b) $pH = pK_a + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$

$5.8 = 4.8 + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$ या $\log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]} = 1.0$

$\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]} = \text{antilog } 1.0 = 10$

$\therefore \quad \frac{[\text{अम्ल}]}{[\text{लवण}]} = \frac{1}{10} = 0.1$

**59.** (b) इसमें विस्थापनीय $H$ परमाणु होते हैं।

**60.** (c) (i) 0.5 $N$ $HCl$ के 20 मि.ली.

$0.5N \Rightarrow 1000$ मिली $0.5$ मोल $HCl$, 20 मि.ली. में उपस्थित है

$= \frac{20 \times 0.5}{1000} = 1.0 \times 10^{-2}$

(ii) 0.1 $N$ $NaOH$ के 35 मि.ली.

$0.1N \Rightarrow$ 0.1 मोल के 1000 मि.ली., $NaOH$ = 35 मि.ली.

$= \frac{35 \times 0.1}{1000} = 0.35 \times 10^{-2}$

कुल = 20 + 35 = 55 मि.ली.

$\Rightarrow (1.0-0.35)10^{-2} = 0.65 \times 10^{-2}$ मोल $HCl$

$HCl = H^+ + Cl^-$

$\Rightarrow [HCl] = [H^+] + [Cl^-]$

55 मि.ली. में $0.65 \times 10^{-2}$ मोल $H^+$ आयनों के हैं

1000 मि.ली. $- \frac{0.65 \times 10^{-2} \times 10^3}{55} = \frac{6.5}{55}$

$pH = -\log[H^+] = -\log(6.5/55)$

$= \log 55 - \log 6.5 = 0.92$

विलयनों की अम्लीय प्रकृति के कारण फिनॉल्फ्थैलीन का रंग गुलाबी हो जाता है।

**61.** (b) $[H^+] = 2 \times 10^{-2}\ M$

$\because pH = -\log\,[2 \times 10^{-2}]$;

$pH = 1.7$ अर्थात् 1 और 2 के बीच में।

**63.** (b) $pH = 4, (H^+) = 10^{-pH} = 10^{-4}\ M$

**65.** (c) $NaOH \rightleftharpoons Na^+ + OH^-$

$[OH^-] = 10^{-5}\ M; [H^+]\,[OH^-] = 10^{-14}$

$[H^+] = \frac{10^{-14}}{10^{-5}}$ ; $[H^+] = 10^{-9}\ M$; $pH = 9$ .

**67.** (b) $pH = pK_a + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}; pH = 4.75 + \log\frac{0.1}{0.1}$

$pH = 4.75 + \log\ 1 ; pH = 4.75$

**68.** (d) दुर्बल अम्ल और उसका प्रबल क्षार के साथ लवण, $pH$ 4 – 5 बनाए रखता है।

**69.** (a) $NaOH \rightleftharpoons Na^+ + OH^- = [OH^-] = 10^{-8}\ M.$

**70.** (c) $[OH^-] = 0.0001\ N$, $pOH = 4$, $pH + pOH = 14$

$pH = 14 - pOH \quad = 14 - 4 = 10$

**71.** (d) 0.001 $M$ $KOH$ विलयन

$[OH^-] = 0.001\ M = 1 \times 10^{-3}\ M$

$[H^+] \times [OH^-] = 1 \times 10^{-14}$

$[H^+] = \frac{1 \times 10^{-14}}{[OH^-]}$

$[H^+] = \frac{1 \times 10^{-14}}{1 \times 10^{-3}} = 1 \times 10^{-14} \times 10^{+3}$

$[H^+] = 10^{-11}\ M$

$pH = 11$

**72.** (a) अम्लीय बफर विलयन में दुर्बल अम्ल का विलयन और इसके प्रबल क्षार का लवण होता है।

**73.** (b) अम्लीय बफर विलयन में दुर्बल अम्ल और इसके प्रबल क्षार के साथ बना लवण होता है अर्थात् $CH_3COOH + CH_3COONa$

**74.** (a) $pOH = pK_b + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{क्षार}]}$

$= 5 + \log\frac{0.02}{0.2} = 5 + \log\frac{1}{10} = 5 + (-1) = 4$

$pH = 14 - pOH = 14 - 4 = 10$

**75.** (b) [लवण] = 0.1 $M$, [अम्ल] = 0.1 $M$

$K_a = 1.8 \times 10^{-5}$ ; $pH = -\log K_a + \log\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$

$= -\log 1.8 \times 10^{-5} + \log\frac{0.1}{0.1} = -\log\ 1.8 \times 10^{-5}$

$pH = 4.7$ .

**76.** (a) $NH_4Cl$ और $NH_4OH$ (दुर्बल क्षार और प्रबल अम्ल का लवण) एक बफर विलयन है।

**77.** (a) $pH + pOH = 14$ ; $pH = 14 - pOH$

$\because [OH^-] = 10^{-7}$

$pOH = 7$

$\therefore pH = 14 - 7 = 7$ .

**78.** (c) 0.01 $M$ $Ba(OH)_2 = 0.02\,N\ Ba(OH)_2$

$N_1V_1 = N_2V_2$

$[0.02\,N] \times [50$ मि.ली.$] = N_2 \times 100$ मि.ली.

$N_2 = \frac{0.02 \times 50}{100} = 10^{-2}\,N$ ; $[OH^-] = 10^{-2}\ N$

$pOH = 2$ या $pH = 12$

**79.** (b) $pH = -\log\ [H^+]$.

**80.** (a) $Na_2CO_3$ , दुर्बल अम्ल और प्रबल क्षार का मिश्रण है । इसलिए यह क्षार है।

**81.** (b) $10^{-7}\,N\ HCl$ अर्थात $(H^+) = 10^{-7}\ M$

$pH = -\log(H^+)$, $pH = 7$

82. (c) $pH = 2$ ; $pH = -\log [H^+]$ ; $2 = -\log [H^+]$

$[H^+] = 10^{-2} = 0.01\, N$

83. (b) $HCl$ का कुछ सान्द्रण मिलाने पर $pH$ परिवर्तित नहीं होती है।

84. (b) $CH_3COONa$ के विलयन को अम्ल में मिलाने पर वह समआयन प्रभाव के कारण अम्ल के वियोजन में कमी दर्शाता है, जिससे $[H^+]$ में कमी अथवा $pH$ में वृद्धि होती है।

85. (c) $pH + pOH = 14$ ; $pH = 14 - pOH$ ; $pH = 14 - 6 = 8$ .

86. (b) $[H^+]_{I} = 10^{-5}$ $[H^+]_{II} = 10^{-2}$

अतः $[H^+]$ में वृद्धि $= \frac{10^{-2}}{10^{-5}} = 1000$ गुना।

87. (a) $HCl$ प्रबल अम्ल है और ये विलयन में आसानी से $H^+$ त्यागता है।

88. (a) $X^- + H_2O \rightleftharpoons OH^- + HX$

$$K_b = \frac{[OH^-][HX]}{[X^-]}$$

$HX \rightleftharpoons H^+ + X^-$

$$K_a = \frac{[H^+][X^-]}{[HX]}$$

$\therefore K_a \times K_b = [H^+][OH^-] = K_w = 10^{-14}$

इसलिए $K_a = 10^{-4}$

अब, जैसे $[X^-] = [HX]$, $pH = pK_a = 4$ .

90. (d) बफर विलयन बनता है इसलिए $pH$ परिवर्तित नहीं होगी।

91. (b) जब $Na_2CO_3$ जल से क्रिया करता है तब प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल बनते हैं । इसलिए इसका जलीय विलयन क्षारीय होता है।

92. (c) $K_w = [H_3O^+][OH^-]$

आसुत जल में $H_3O^+$ की सान्द्रता $= 1 \times 10^{-6}$ मोल/लीटर

अब $[H_3O^+] = [OH^-]$

$K_w = [1 \times 10^{-6}] \times [1 \times 10^{-6}] = 1 \times 10^{-12}$ .

93. (a) $[OH^-] = 10^{-1} M$ ; $pOH = 1$

$pH + pOH = 14$ ; $pH = 14 - 1 = 13$ .

94. (a) इन सभी में $HClO$ दुर्बल अम्ल है । इसलिए दुर्बल अम्ल का लवण भी दुर्बल होगा।

95. (c) जैसे ही विलयन अम्लीय होता है तब $pH < 7$ होगी क्योंकि $10^{-12} M$ की तुलना में $H_2O\, [10^{-7}]$ से $[H^+]$, नगण्य नहीं मान सकते हैं।

96. (b) [सामान्य लवण + अम्लीय लवण] बफर विलयन है।

97. (b) $\frac{M}{10}$ $NaOH$ के 100 मि.ली. = $\frac{M}{5}$ $NaOH$ के 50 मि.ली. यह $\frac{N}{5}$ $HCl$ के 50 मि.ली. से उदासीन होता है ।
इसलिए परिणामी विलयन का $pH$ = 7.

98. (b) $M_1 =$ $HCl$ के 6.0 $M$, $V_1 = ?$

$M_2$ = 0.30 $M$ विलयन में $H^+$ सान्द्रता

$V_2 =$ विलयन के 150 मि.ली.

$M_1V_1 = M_2V_2$ ; $6.0 \times V_1 = .30 \times 150$

$V_1 = \frac{.30 \times 150}{6} = 7.5$ मि.ली.।

99. (b) $pH = 3$ , $[H^+] = 10^{-3} M$

$\because [H^+] = \sqrt{K \times c}$

$[10^{-3}]^2 = K \times c$ ; $\frac{[10^{-6}]}{0.1} = K = 10^{-5}$

100. (b) जब अम्ल की सान्द्रता का अनुपात लवण में बढ़ता है तब $pH$ घटती है।

101. (c) $NH_4OH$ के लिए

$[OH^-] = C.\alpha$ ; $C = \frac{1}{10} M$ , $\alpha = 0.2$

$[OH^-] = \frac{1}{10} \times 0.2 = 2 \times 10^{-2}\, M$

$pOH = -\log [OH^-] = \log [2 \times 10^{-2}]$ ; $pOH = 1.7$

$pH = 14 - pOH = 14 - 1.7 = 12.30$ .

102. (c) $pH = pK_a + \log \frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$ . बफरीय कारकों की कम सान्द्रता के लिए और अधिकतम बफर क्षमता के लिए $\frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]} \approx 1$ .

103. (a) $[H^+]$ = 10 गुना बढ़ने का अर्थ है, विलयन का $pH$=1 घटता है

$pH = \log \frac{1}{[H^+]}$

104. (a) क्योंकि बफर का $pH$ परिवर्तित नहीं होता है।

105. (c) $pH = pK_a + \log \frac{[\text{लवण}]}{[\text{अम्ल}]}$ ; $5.5 = 4.5 + \log \frac{[\text{लवण}]}{[0.1]}$

$\log \frac{[\text{लवण}]}{0.1} = 5.5 - 4.5 = 1$

$\frac{[\text{लवण}]}{0.1}$ = antilog 1 = 10 ; [लवण] = 1

106. (a) $H_2SO_4$ के मोल $= \frac{0.49}{98} = 5 \times 10^{-3}$ विलयन के प्रति लीटर में उपस्थित $H_2SO_4$ के मोल (मोलरता) $= \frac{0.005}{1} = 0.005\, M$.

$H_2SO_4 + 2H_2O \rightleftharpoons 2H_3O^+ + SO_4^{--}$

$H_2SO_4$ का एक मोल, $H_3O^+$ आयनों के 2 मोल देता है

$H_3O^+ = 2 \times (H_2SO_4) = 2 \times 0.005 = 0.01\, M$

$[H^+] = 10^{-2}\, M$ ; $pH = 2$

107. (c) $CH_3COONH_4$ साधारण बफर है और इसे दुर्बल अम्ल का लवण कहते हैं।

108. (c) $HCl$ के लिए N तुल्यांक $= \frac{0.4}{1000} \times 50 = 0.02$

$NaOH$ के लिए N तुल्यांक $= \frac{0.2}{1000} \times 50 = 0.1$

अब $[OH^-]$ शेष $= 0.1 - 0.02$

$[OH^-] = .08 = 8 \times 10^{-2}\,M$

$pOH = -\log 8 \times 10^{-2}\,M$; $pOH = 1.0$

109. (d) बफर, दुर्बल क्षार और इसके अम्लीय लवण का मिश्रण है।

110. (b) $[NaOH] = 0.4/40$ मोल/लीटर $= 0.1M$

$[OH^-] = 10^{-1}M$, $[H^+] = 10^{-13}M$, $pH = 13$

111. (d) $pH + pOH = 14$, $pH = 4$, $H^+ = 10^{-4}$ मोल / लीटर।

112. (d) बफर विलयन का $pH$ स्थिर होता है । जब हम इस बफर विलयन में जल मिलाते हैं तो इस पर कोई प्रभाव नहीं होता है।

113. (b) $Ba(OH)_2 \rightleftharpoons Ba^{2+} + 2OH^-$

एक अणु वियोजन पर $2OH^-$ आयन देता है

इसलिए, $[OH^-] = 2 \times 10^{-4}\,N$

$N = M \times 2$ ; $M = \frac{N}{2} = \frac{2 \times 10^{-4}}{2} = 10^{-4}$

$pOH = -\log[OH^-] = -\log(1 \times 10^{-4}) = -4$

$pH + pOH = 14$ ; $pH = 14 - 4 = 10$ .

114. (a) 0.10 $M$ $HCl$ के मोल तुल्यांक $= \frac{0.10}{1000} \times 40 = 0.004\,M$

0.45 $M$ $NaOH$ के मोल तुल्यांक

$= \frac{0.45 \times 10}{1000} = 0.0045\,M$

